# हरिभूमि

नई दिल्ली

नई दिल्ली, मंगलवार 29 अक्टूबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 23, अंक : 222
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 33.1
न्यून. 15.9

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 भारतीय क्रिकेट के भविष्य का खाका तैयार करेंगे गांगुली

## खबर संक्षेप

### आईएस का सरगना बगदादी मारा गया: ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना से घिरने के बाद आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) सरगना



अबु बकर अल-बगदादी ने खुद को ही उड़ा लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टीवी पर लाइव प्रसारण के दौरान बगदादी की मौत की पुष्टि की। ट्रम्प ने ऑपरेशन में शामिल सैनिकों की तारीफ करते हुए कहा कि हमारा मिशन शानदार तरीके से पूरा हुआ। बगदादी अमेरिकी ताकत के डर से चीखते-चिल्लाते हुए मारा गया। उसके साथ आईएस के कुछ और आतंकी भी मारे गए।

### सोनिया पार्टी महासचिवों के साथ करेंगी बैठक

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और हरियाणा



विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 2 नवंबर को पार्टी महासचिवों की बैठक बुलाई है। बैठक में संगठनात्मक मुद्दे पर चर्चा होगी। बता दें कि दोनों ही राज्यों में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर सरकार बनाने में असफल रही। हरियाणा में जहां वह 31 सीट जीतकर दूसरे नंबर पर रही तो वहीं महाराष्ट्र में वह चौथे स्थान पर रही।

### बीमार हुए चिदंबरम को एम्स से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को पेट में दर्द और



स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ परेशानियों के कारण सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया, जहां से कुछ देर बाद उन्हें छुट्टी मिल गई और उन्हें फिर से प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार चिदंबरम के पेट में दर्द और कुछ अन्य शिकायतों के कारण उन्हें पहले राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया।

### गंगोत्री धाम शीतकाल के लिए बंद

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित



विश्वप्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट सोमवार को अन्नकूट के पावन पर्व पर शीतकाल के लिये श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिये गये। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने बताया कि मंदिर के कपाट विधि विधान के साथ तीर्थ पुरोहितों द्वारा विशेष पूजा और गंगा लहरी के पाठ के बीच पूर्वाहन 11 बज कर 40 मिनट पर बंद किये गये।

### 'इंडिगो 3 हजार घंटों से ज्यादा इस्तेमाल हुए इंजन को बदले'

**नई दिल्ली।** नागर विमानन नियामक, डीजीसीए ने सोमवार



को इंडिगो से ऐसे ए 320 नियो विमानों का इस्तेमाल नहीं करने को कहा जिनमें 3,000 घंटों से ज्यादा इस्तेमाल हो चुके पीडब्ल्यू इंजन लगे हों। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा नहीं करने पर कंपनी को इन विमानों का परिचालन बंद किए जाने को लेकर तैयार रहने को कहा गया है। नागर विमानन महानिदेशालय के एक अधिकारी ने कहा कि इंडिगो के बेड़े में 16 ऐसे विमान हैं जिनमें दोनों प्रैट एंड व्हिटनी (पीडब्ल्यू) इंजन 2,900 घंटों से ज्यादा इस्तेमाल हो चुके हैं।

## कश्मीर के दौरे से पहले यूरोपियन सांसदों ने पीएम से की मुलाकात

# आतंकवाद के समर्थक देशों पर जल्द कार्रवाई की जरूरत: मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूरोपीय संघ (ईयू) के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने और उसे प्रायोजित करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। मोदी ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के अपने दौरे से पहले यह मुलाकात की।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार मोदी ने उम्मीद जतायी कि सांसदों का देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा उपयोगी होगा और जम्मू कश्मीर की यात्रा से उन्हें जम्मू, कश्मीर और लद्दाख क्षेत्रों की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता की बेहतर समझ हो सकेगी। प्रधानमंत्री ने यह उम्मीद भी जतायी की कि इससे उन्हें क्षेत्र के विकास और शासन की प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण मिल सकेगा। उन्होंने व्यापार करने में सुगमता संबंधी रैंकिंग में सुधार का भी जिक्र किया जो 2014 में 142 थी और अब 63 हो गयी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विशाल आकार, जनसांख्यिकी और विविधता वाले देश के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि शासन प्रणाली आज लोगों को आकांक्षा वाली दिशा में आगे बढ़ने में सक्षम बना रही है।



### आतंकियों ने फेंके ग्रेनेड, 20 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के सोपोर शहर में एक बस स्टैंड पर सोमवार को आतंकवादियों ने एक ग्रेनेड



फेंका जिससे 20 नागरिक घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घायल 20 लोगों में से गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को श्रीनगर के एक अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। अन्य घायलों का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। सुरक्षा बलों ने क्षेत्र को घेर लिया है और आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के लिए एक अभियान चलाया गया है। पुलिस ने बताया कि अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

### स्वामी ने उठाए सवाल

यूरोपियन यूनियन के सांसदों के कश्मीर दौरे को लेकर बीजेपी नेता और सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने सवाल खड़े किए हैं।



उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य लग रहा है कि विदेश मंत्रालय ने यूरोपियन यूनियन के सांसदों के लिए कश्मीर जाने की व्यवस्था की है। यह हमारी राष्ट्र नीति के लिए ठीक नहीं है। मैं सरकार से इस यात्रा को रद्द करने का आग्रह करता हूं क्योंकि यह अनैतिक है।

### पाक ने पीएम के लिए नहीं खोला एयरस्पेस

पीएम मोदी के विमान को पाकिस्तान द्वारा अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल न करने के फैसले को भारत ने संयुक्त राष्ट्र के एजेंसी आईसीएओ में उठाया है। सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि आईसीएओ द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के मुताबिक किसी देश द्वारा दूसरे देश से ओवरफ्लाइट क्लीयरेंस की मांग की जाती है, जिसे आमतौर पर प्रदान किया जाता है।

### यूरोपीय नेताओं को जम्मू-कश्मीर जाने देना भारतीय संसद का अपमान: कांग्रेस

यूरोपीय संघ के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल को जम्मू-कश्मीर का दौरा करने की इजाजत देने को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस का कहना है कि भारतीय सांसदों को रोकना और यूरोपीय सांसदों को कश्मीर जाने की इजाजत देना भारतीय संसद और लोकतंत्र का अपमान है।

## केजरीवाल ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

# आज से बसों में मुफ्त सफर करेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- आज से बसों में तैनात होंगे 13 हजार मार्शल

दिल्ली की डीटीसी और क्लस्टर स्कीम की सभी बसों में आज से महिलाओं के लिए मुफ्त सफर शुरू हो जाएगा। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी है। उन्होंने कहा कि इन बसों में महिलाओं का सफर सुरक्षित करने के लिए 13 हजार बस मार्शल नियुक्त हुए हैं। इनमें 6 हजार सिविल डिफेंस कर्मी हैं, जबकि 7 हजार पूर्व होमगार्ड हैं। इनमें 34 सौ मार्शल पूर्व में बसों में तैनात थें। सिविल डिफेंस कर्मियों को विशेष तौर पर ट्रेनिंग देने की व्यवस्था दिल्ली सरकार की तरफ से की गई है। सोमवार को 6 हजार सिविल डिफेंस कर्मियों को दो सत्रों में त्यागराज स्टेडियम में ट्रेनिंग दी गई। पहला सत्र सुबह 11 बजे व दूसरा दोपहर 2 बजे शुरू हुआ। दोनों सत्रों में 3-3 हजार बस मार्शल को ट्रेनिंग दी गई, जिससे वह बस में महिलाओं के लिए सुरक्षित सफर सुनिश्चित करा सकें। साथ ही आपात स्थिति में महिला सुरक्षा में महस्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ट्रेनिंग देने का काम जगोरी व मारस फाउंडेशन की तरफ से किया गया। सीएम ने बस मार्शलों से सोमवार को मुलाकात की। उनका उत्साह वर्धन किया।

### दिल्ली: न्यूनत मजदूरी में हुई बढोत्तरी

- अकुशल मजदूरों का न्यूनतम वेतन अब होगा 14842 प्रति माह वहीं ग्रेजुएट से ज्यादा पढ़े लोगों का वेतन 17991 रुपये होगा

दिल्ली सरकार ने न्यूनतम मजूदरी में वृद्धि को अधिसूचित कर दिया है। इससे शहर में काम करने वाले करीब 55 लाख श्रमिकों को लाभ होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिल्ली सरकार ने बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी को अधिसूचित किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को अप्रैल से सितंबर अवधि के लिये बढ़े महंगाई भत्ते का बकाया भी मिलेगा।

## विरोधियों को भाजपा-जजपा का गठबंधन नहीं हो रहा हजम: दुष्यंत

एजेंसी ▶▶ हरियाणा

हरियाणा के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद दुष्यंत चौटाला विरोधियों को करारा जवाब दिया। उन्होंने 'वोट किसी को सपोर्ट किसी को' वाले बयान का जवाब देते हुए कहा कि हमने न भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और न ही कांग्रेस के साथ मिलकर।

हमने अपने दम पर संघर्ष किया और हमारा मकसद प्रदेश को एक स्थायी सरकार देना था, और इसके लिए ही हमने भाजपा का साथ दिया। अब विरोधियों को भाजपा-जजपा का गठबंधन हजम नहीं हो रहा है, तो इसमें हम क्या कर सकते हैं। दुष्यंत चौटाला अपने घर में लोगों से मुलाकात कर रहे थे, तब उन्होंने यह बयान दिया।



### स्थिर सरकार देंगे, सभी के कल्याण के लिए काम करेंगे

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन राज्य में स्थिर एवं ईमानदार सरकार देगी और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम करेगी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के 31 वर्षीय नेता ने कहा कि हम एक स्थिर, ईमानदार और पारदर्शी प्रशासन देंगे, जो सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम करेगा राज्य में जजपा के सहयोग से भाजपा के सरकार बनाने के साथ ही रविवार को मनोहर लाल खट्टर ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली वहीं पूर्व उपप्रधानमंत्री, दिवंगत देवी लाल के परपोते दुष्यंत चौटाला ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सात निर्दलीय भी सरकार को समर्थन दे रहे हैं।

## अगले महीने भारत की यात्रा करेंगे प्रिंस चार्ल्स

**लंदन।** रिटेन के प्रिंस चार्ल्स भारत-ब्रिटेन संबंधों का जश्न मनाने के लिए 13 तथा 14 नवंबर को दो दिन की भारत यात्रा पर आएंगे। उनके शाही परिवार के कार्यालय ने सोमवार को इसकी



घोषणा की। चार्ल्स की यात्रा जलवायु परिवर्तन और सतत वित्त पोषण पर केंद्रित होगी। ब्रिटेन के सिंहासन के उत्तराधिकारी की भारत यात्रा दो वर्षों में उनकी दूसरी यात्रा होगी। क्लेरेंस हाउस ने एक बयान में कहा, "प्रिंस ऑफ वेल्स ब्रिटिश-भारत संबंधों का जश्न मनाने के लिए 13 से 14 नवंबर को भारत की यात्रा करेंगे। बयान में कहा गया है कि रॉयल हाइनेस प्रिंस चार्ल्स सतत बाजार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक वित्त पोषण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही नयी दिल्ली में कार्यक्रमों में शामिल होंगे। ब्रिटेन के इतिहास में सबसे अधिक समय तक उत्तराधिकारी चार्ल्स 14 नवंबर को भारत में अपना 71वां जन्मदिन मनाएंगे। उनकी पत्नी डचेस ऑफ कॉर्नवाल कैमिला भारत यात्रा पर उनके साथ नहीं आएंगी लेकिन वह अगले राष्ट्रमंडल देश न्यूजीलैंड की यात्रा पर उनके साथ होंगी।

## पटाखों ने बढ़ाया प्रदूषण...



दिल्ली में तमाम कोशिशों के बावजूद वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित सीमा से 16 गुणा बढ़ गया। दिवाली के पटाखों से देश की राजधानी फिर जहरीले धुएं से भर गई। सोमवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 306 रिकॉर्ड किया गया।

## गुडविन जूलर्स मामला: पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, लुकआउट नोटिस की तैयारी

**ठाणे/पालघर।** निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर कथित तौर पर फरार होने के मामले में पुलिस ने गुडविन जूलर्स के मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने कहा है कि स्टोर के मालिक केरल के रहने वाले हैं और अपने परिवार के साथ फरार हैं। दोनों मालिकों सुनील तथा सुधीश के मुंबई तथा पुणे में कम से कम 13 आउटलेट हैं। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी गुडविन ग्रुप की वेबसाइट के मुताबिक सुनील कुमार कंपनी के चेयरमैन हैं, जबकि सुधीश कुमार प्रबंध निदेशक हैं।




- गुडविन ग्रुप के सुनील कुमार चेयरमैन हैं, जबकि सुधीश कुमार प्रबंध निदेशक
- निवेश जुटाने के लिए तिकड़मों का लिया गया सहारा

### क्या है मामला?

पंजाब ऐंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले के बाद महाराष्ट्र में एक और बड़े घोटाले का अंदेशा जताया जा रहा है। प्रदेश में एक जूलरी स्टोर के बंद होने के बाद हजारों लोगों की हालत खराब है। दरअसल, इन लोगों ने इस स्टोर की फिक्स्ड डिपॉजिट तथा गोल्ड स्कीमों में भारी-भरकम निवेश कर रखे हैं, लेकिन स्टोर के मालिक पिछले कई दिनों से अपनी दुकानें बंद कर फरार हैं।

## टाइटलर और उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर और उनकी पत्नी सहित कई लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक, मामला जाली दस्तावेजों के बलबूते करोड़ों रुपये की जमीन कब्जाने का है। यह जमीन पहले रिहायशी इलाके में थी। बाद में जब व्यावसायिक श्रेणी में आई तो उसकी कीमत करोड़ों की हो गई। विवादित जमीन मध्य दिल्ली के करोलबाग इलाके में स्थित बताई जाती है। दिल्ली पुलिस आर्थिक अपराध शाखा के अतिरिक्त आयुक्त ओ.पी. मिश्रा ने टाइटलर और उनकी पत्नी जेनीफर टाइटलर सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज



किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इसी साल 9 जुलाई को एफआईआर नंबर 0124 पर मामला दर्ज हुआ है। मामले की जांच जारी है। फिलहाल अभी सिर्फ एफआईआर के आधार पर किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंच पाना मुश्किल है।

## कर्ज से परेशान होकर तीन भाइयों ने लगाई फांसी

**लुधियाना।** यहां के ईश्वर नगर में तीन सगे भाइयों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों के अनुसार, तीनों ने किसी व्यक्ति से कर्ज लिया था। तीनों कर्ज नहीं चुका पाने से परेशान थे। तीनों शनिवार से लापता थे। सोमवार को उनके घर से दुर्गंध फैली तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि कुलदीप सिंह (48), मलकीत सिंह (40) और दविंदर (38) के शव घर में अलग-अलग फंदों पर लटके थे। घर में तीनों के पिता हरजिंदर सिंह (73) ही मिले, जो घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दे सके। वह चलने फिरने में भी लाचार हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस के अनुसार जिस मकान में तीनों युवक और उनके पिता रह रहे थे।

- पुलिस मामले की कर रही है छानबीन

## सत्ता को लेकर भाजपा-शिवसेना में खींचतान

# राज्यपाल कोश्यारी से मिले फड़णवीस और दिवाकर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और शिवसेना के नेता दिवाकर राउते ने सोमवार को सुबह राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। यह मुलाकात राज्य में नई सरकार बनाने को लेकर गठबंधन सहयोगियों भाजपा-शिवसेना के बीच सत्ता को लेकर जारी झगड़े के बीच हुई है। राज भवन के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों नेताओं की यह मुलाकात सिर्फ 'औपचारिक भेंट' थी। दोनों नेता राज्यपाल कोश्यारी से अलग-अलग मिले हैं। फडणवीस दक्षिण मुंबई स्थित राज भवन पर सुबह 11 बजे पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि राउते ने भी कोश्यारी से भेंट की।



- यह मुलाकात सिर्फ औपचारिक भेंट थी: राजभवन
- दोनों नेता राज्यपाल से अलग-अलग मिले

### आर्थिक सुस्ती को लेकर उद्धव ने सरकार पर कसा तंज

'शोले' फिल्म में रहीम चाचा के डायलॉग '.....इतना सन्नाटा क्यों है भाई?' का इस्तेमाल करते हुए महाराष्ट्र में भाजपा की गठबंधन सहयोगी शिवसेना ने देश में आर्थिक सुस्ती को लेकर सोमवार को केन्द्र सरकार पर निशाना साधा। शिवसेना ने इस डायलॉग के माध्यम से देश में आर्थिक सुस्ती और त्योहारों के मौके पर बाजारों से गायब रौनक के लिए सरकार के नोटबंदी और गलत तरीके से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू करने को जिम्मेदार बताया है।

### शिवसेना आग उगलना बंद करे: भाजपा

महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर सस्पेंस बरकरार है। इस बीच शिवसेना लगातार बीजेपी को 50-50 फॉर्मूला याद दिला रही है और अपने मुखपत्र सामना के जरिए बीजेपी को निशाने पर भी ले रही है। अब बीजेपी के हाईकमान ने इस पर नाराजगी जताई है। हाल ही में शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में 50-50 फॉर्मूले का जिक्र किया था। इसके साथ ही अपने लेख में एनसीपी के प्रमुख शरद पवार की तारीफ भी की थी।

## शरीफ की हालत बेहद नाजुक

# किसी की जिंदगी की गारंटी नहीं ले सकते: इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बीमार होने को लेकर इमरान खान ने कहा है कि वह किसी की जिंदगी की गारंटी नहीं ले सकते।



पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने पिछले हफ्ते इस्लामाबाद हाई कोर्ट की उस टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए यह बात कही, जिसमें बेंच ने सरकार से कहा था कि वह जेल में बंद नवाज शरीफ के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी ले। बता दें कि शरीफ के परिजनों ने भी कहा है कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री को कुछ हुआ तो इसके लिए प्रधानमंत्री इमरान अहमद नियाजी जिम्मेदार होंगे। डॉन न्यूज के मुताबिक इमरान खान ने सोमवार को ननकाना साहिब में बाबा गुरु नानक यूनिवर्सिटी के शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि आज मैंने खबर पढ़ी कि कोर्ट ने फेडरल और प्रांतीय सरकारों से पूछा है कि क्या वे कल तक नवाज शरीफ की जिंदगी की गारंटी ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### चौथी मंजिल से गिरकर युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन थाना इलाके में दिवाली का जश्न मना रहे एक युवक की छत से गिरकर संदिग्ध हातल में मौत हो गई। मृतक का नाम संजय (24) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि युवक की शराब के नशे में छत से गिरकर मौत हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, संजय, मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले का रहने वाला था। करीब 10 माह पहले ही वह दिल्ली आया था और एक होटल पर हेल्पर का काम कर रहा था। दिवाली के दिन वह अपने एक रिश्तेदार के घर राजौरी गार्डन सी ब्लॉक टैगोर गार्डन में आया हुआ था।

### तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार दंपति को मारी टक्कर, मौत

**नई दिल्ली।** दिवाली की सुबह कालकाजी थाना इलाके में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों का नाम तरुण भारद्वाज (27) और रिया भारद्वाज (22) है। रिया गर्भवती भी थी। हादसे में उनके गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### गाली गलौच का विरोध करने पर की थी हत्या, दबोचा

**नई दिल्ली।** नांगलोई थाना पुलिस ने समीर (17) की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए 24 घंटों के अंदर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम साजिद (20), शाहरुख (20), दिलशाद (20) और फरमान (24) है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है। डीसीपी (आउटर) ए कॉन ने बताया कि रविवार शाम पुलिस को सत्यभामा अस्पताल से एक लड़के को चाकू मारे जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### सिर पर भारी चीज से हमला करने के बाद गला दबाकर की हत्या

# चरित्र पर था शक, पति ने ले ली पत्नी की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आदर्श नगर थाना इलाके में चरित्र पर शक के चलते एक पति ने अपनी पत्नी के सिर पर भारी चीज से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी घर का बाहर से दरवाजा बंद कर अपने दोनों बच्चों को लेकर मौके से फरार हो गया। उधर मामले की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला का नाम संगीता है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पति योगराज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, आदर्श नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को घर का दरवाजा बाहर से बंद मिला। इस पर पुलिस ने खिड़की से देख तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ दिखा। बाद में पुलिस ताला तोड़ा और घर में दाखिल हुई। घर में दाखिल होने के बाद पुलिस ने देखा कि एक महिला का शव चादर में लिपटा हुआ है। पुलिस ने उसे तुरंत लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि महिला के सिर पर किसी भारी चीज से हमला किया गया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। आगे पुलिस को पता चला कि वारदात के बाद आरोपी अपने दोनों बच्चों को लेकर गयाब है। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी को बवाना से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे उसकी पत्नी का चरित्र पर शक था, जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर लड़ाई होती रहती थी। घटना वाली रात भी दोनों के बीच लड़ाई हुई थी। विवाद बढ़ने के बाद उसने पहले अपनी पत्नी के सिर पर हमला किया और बाद में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद वह अपने गांव बदायूं भागने की फिराक में था।

- वारदात के बाद गांव भागने की फिराक में था आरोपी, गिरफ्तार



### दिवाली में पटाखों के शोर में युवक की गोली मारकर हत्या

वेलकम थाना इलाके में दिवाली की रात पटाखों के शोर के बीच बदमाशों ने एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश शख्स के शव को एक पार्क में फेंककर फरार हो गए। मृतक का नाम जहीर अहमद (45) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि उन्हें मृतक के पास से उसका सामान ज्यों का त्यों मिला है। हत्या आपसी रंजिश के चलते की गई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को उसकी मौत की सूचना दे दी है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ-ईस्ट) वेद प्रकाश सूर्या ने बताया कि रविवार रात करीब 9:45 बजे पुलिस को सूचना मिली कि वेलकम स्थित रविदास मंदिर व धर्मशाला के पास पार्क में एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के पेट और सीने में गोली लगी हुई थी। तलाशी लेने पर पुलिस को युवक की जेब से उसका मोबाइल फोन, आधार कार्ड, एक कारतूस व कुछ रुपए बरामद हुए।

- हत्या के बाद शव पार्क में फेंककर फरार हुए आरोपी

### छोटे भाई ने बड़े पर किया चाकू से हमला

न्यू उस्मानपुर थाना इलाके में शराब पीने से रोकने पर छोटे भाई ने बड़े भाई के सीने में चाकू घोंप दिया। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल का नाम शिव कुमार (47) है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिवकुमार की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शिवकुमार, जय प्रकाश नगर, न्यू उस्मानपुर में सपरिवार रहता है। वह ऑटो चालक है। परिजनों के मुताबिक, शिवकुमार का भाई राजीव उर्फ पंकज अक्सर शराब पीकर घर आता है और हंगामा करता है। शनिवार रात को भी राजीव शराब पीकर घर आया। घर आने के बाद राजीव गाली-गलोच और हंगामा करने लगा। इस पर शिवकुमार ने उसे शांत होने के लिए कहा तो राजीव उसके साथ बदसलूकी करने लगा। इसी बात पर शिवकुमार ने राजीव को एक थप्पड़ मार दिया।

# क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर फ्रांसीसी नागरिक से लूटे 47 हजार यूरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

करोल बाग इलाके में दीवाली के दिन खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बदमाशों ने चेकिंग के नाम पर एक फ्रांस के नागरिक से 47 हजार यूरो (36 लाख 50 हजार रुपये) लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने उस पर धारदार हथियार से हमला भी किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद बदमाश कार से भागने लगे। बदमाशों को भागता देख वह बदमाशों की कार की खिड़की पर लटक गया। बदमाश उसे काफी दूर तक अपने साथ घसीटते हुए ले गए



और बाद में उसे धक्का देकर गिरा दिया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैंद हुई। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने यूसुफ (45) की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालकर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, यूसुफ पिछले दिनों फ्रांस से शादी के लिए कपड़े खरीदने के लिए परिवार के साथ भारत आए हुए थे। यह दिल्ली में करोलबाग स्थित चाइना मार्केट रोड के एक होटल में रुके हुए हैं। रविवार रात वह अपने परिवार के साथ दिवाली की रौनक देखने के लिए होटल से निकले थे। इस दौरान उनके पास बैग में 47 हजार यूरो थे।

- पीड़ित पर किया चाकू से हमला, बाल-बाल बचे
- आरोपियों ने युवक को कार से करीब 50 मीटर तक घसीटा

### शुक्रवार को हुई थी एक करोड़ की लूट

बता दे कि शुक्रवार को भी करोल बाग में एक अनाज कारोबारी के कलेक्शन एजेंट से एक करोड़ से अधिक की लूट हुई थी। यहां भी आरोपियों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश कारोबारी से एक करोड़ 16 लाख रुपये लेकर फरार हो गए थे। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि दोनों वारदातों के पीछे एक ही गैंग का हाथ तो नहीं है।

### बीच सड़क पर कूड़ा...



पंजाबी बाग ट्रासंपोर्ट सेंटर अंडरपास के नजदीक सड़क पर करीब 10 दिन से कूड़े का ढेर लगा हुआ है। बीच सड़क पर लगा ढेर किसी भी दिन दुर्घटना की वजह बन सकता है। कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध भी परेशनी का सबब बनी हुई

# जेएनयू के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान बीमार प्रोफेसर की एम्बुलेंस को रोका

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुछ छात्रों ने सोमवार को एक एम्बुलेंस को कथित तौर पर रोका और बीमार प्रोफेसर को डॉक्टरों से मिलने भी नहीं दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रमोद कुमार ने बताया कि सुबह में अंतर छात्रावास प्रशासन (आईएचए) की बैठक जेएनयू के कन्वेंशन सेंटर में हो रही थी जिस दौरान कुछ छात्र जबरन वहां आ गए। ये छात्र आईएचए के सदस्य भी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों ने छात्रों से बाहर चले जाने और बैठक को बरकरार जारी रखने देने की अपील की, लेकिन छात्र और आक्रामक हो गए। और जोर-जोर से नारे लगाने लगे और इसके बाद डीन ऑफ स्टूडेंट्स (डीओएस) की ओर बढ़े।" इस माहौल में डीओएस उमेश कदम का रक्तचाप काफी बढ़ गया और वह बीमार हो गए लेकिन छात्रों ने अंसवेदनशीलता का परिचय देते हुए एम्बुलेंस को अस्पताल की तरफ बढ़ने भी नहीं दिया।

- विवि प्रशासन ने छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी

# दिल्ली सरकार और निगमों की वेबसाईट सुरक्षित नहीं

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के साथ ही समय-समय पर असुरक्षित वेबसाईट्स से बचने को भी जागरूक करता है लेकिन इन दिनों दिल्ली सरकार और तीनों दिल्ली नगर निगमों की वेबसाईट्स खुद ही असुरक्षित हैं। यानि कि जब गुगल में दिल्ली सरकार व एमसीडी की वेबसाईट पर कोई संबंधित जानकारी खोजते हैं तो संबंधित वेबसाईट के पहले नोट सेक्योर लिखा आ जाता है। यानि कि वेबसाईट सुरक्षित नहीं हैं। दिल्ली सरकार की वेबसाइट का होम पेज https://delhi.gov.in/ तो खुद को सुरक्षित




बताता है लेकिन वेबवाइट के अंदर 81 विभागों में से 78 विभाग असुरक्षित हैं और 3 मुख्य विभागों जैसे आईटी विभाग, आजादपुर मंडी और चीफ इलेक्शन ऑफिस की साइट बंद हैं।

दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम के नेता व प्रशासन अपने विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए या फिर नौकरी के आवेदन, टैंडर संबंधी पूरी जानकारी देने के लिए वेबसाईट का पता बताते हैं। वहीं, सुचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि जिन वेबसाईट्स पर नोट सेक्योर (सुरक्षित नहीं) आता है, वे बेबसाईट्स असुरक्षित मानी जाती है और ऐसे में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, तीनों दिल्ली नगर निगम प्रशासन ईज ऑफ डूईंग बिजनैस के तहत सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का दावा करते हैं लेकिन नोट सेक्योर की स्थिति में यूजर्स खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

- डिजीटल युग में सरकार के दावों की खुली पोल
- सरकार और निगम प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान

### सराहा...



दिवाली के अवसर पर देर रात सुरक्षा पर तैनात पुलिसकर्मियों को मिठाई देते दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक।

# लूट के रुपए वापस दिलवाने पर तीन कारोबारियों पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जहांगीर पुरी थाना इलाके में लूट के रुपए वापस दिलवाने पर एक बदमाश ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर तीन कारोबारियों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी घायलों को जान से मारने की धकमी देकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस तीनों को लेकर अस्पताल गई, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों को नाम बनवारी लाल, अशोक और प्रभू है। अशोक और बनवारी लाल की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी की पहचान कर ली गई है। जिसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार, तीन घायल, जी-ब्लॉक जहांगीरपुरी इलाके में सपरिवार रहते हैं। तीनों का स्क्रेप का कारोबार है। सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि जी ब्लॉक में कुछ लोगों ने तीनों लोगों को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस तीनों को लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल गई, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि वारदात से पहले एक बैट्री रिक्शा चालक इलाके में आया था। इस दौरान इलाके में रहने वाले एक नशेड़ी ने चालक के रुपए छीन लिये थे।

- दो की हालत गंभीर
- इलाके में एक बैट्री रिक्शा चालक से आरोपी ने छीने थे रुपए
- दोस्तों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

# जमीनी विवाद में की थी पीट-पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने तुगलकाबाद इलाके में 2018 में प्रॉपर्टी विवाद में पीट पीटकर हत्या मामले में घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम ज्ञानेन्द्र कागंर है। पुलिस की माने तो हमले में चार लोग बुरी तरह से जख्मी हुए थे। पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया हुआ था। वहीं, कोर्ट ने उसे भगौड़ा घोषित किया हुआ था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (स्पेशल सेल) प्रमोद कुमार कुश्वाहा ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी अत्तर सिंह की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। इसी बीच टीम को पता चला कि आरोपी साकेत में अपने किसी जानकार से मिलने के लिए आ रहा है। टीम ने आरोपी को साकेत स्थित पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। ज्ञानेन्द्र के बेटे हर्ष चौधरी उर्फ रॉकी को स्पेशल सेल ने कुछ ही दिन पहले गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह छह माह से ग्रेटर नोएडा में छुपा हुआ था।

- हमले में चार लोग भी हुए थे घायल
- कोर्ट ने आरोपी को किया हुआ था भगौड़ा घोषित

### नगर निगम की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

# दिल्ली में इस साल डेंगू के 830 से अधिक मामले सामने आए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में इस साल डेंगू के 830 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिनमें से 189 मामले अकेले पिछले हफ्ते सामने आए। सोमवार को जारी नगर निगम की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार 26 अक्टूबर तक मलेरिया के मामले भी बढ़कर 574 हो गए। शहर में 19 अक्टूबर तक डेंगू के 644 मामले सामने आए थे और बीते हफ्ते के 189 नए मामलों को जोड़ने पर यह आंकड़ा 833 पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक 26 अक्टूबर तक मलेरिया के 206 मामले सामने आए जबकि सितंबर में 214 मामले सामने आए थे। दक्षिण दिल्ली नगर निगम




(एसडीएमसी) के अनुसार डेंगू के कुल 833 मामलों में से अक्टूबर में 551, सितंबर में 190, अगस्त में 52, जुलाई में 18, जून में 11 और बाकी मामले जनवरी से मई के बीच सामने आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में मलेरिया के 56 मामले, जुलाई में 54, जून में 35, मई में आठ और अप्रैल में एक मामला दर्ज किया गया। इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ने कहा कि राजधानी में इस साल अबतक बीते पांच साल की तुलना में डेंगू के सबसे कम मामले दर्ज किये गए। उन्होंने दिल्ली वासियों से अगले महीने तक सामूहिक प्रयास जारी रखने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि ताज़ा आंकड़े दर्शाते हैं कि इस साल 26 अक्टूबर तक दिल्ली में डेंगू के 833 मामले सामने आए और इससे किसी की मौत नहीं हुई। यह बीते पांच साल में दिल्ली में डेंगू के निम्नतम आकंड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस साल अब तक चिकुनगुनिया के कम से कम 132 मामले सामने आ चुके हैं। एसडीएमसी के मुताबिक पिछले साल डेंगू के 2,798 मामले सामने आए थे और चार लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा मलेरिया के 473 और चिकुनगुनिया के 165 मामले सामने आए थे। दिल्ली सरकार और स्थानीय नगर निकाय डेंगू को लेकर लगातार जागरुकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने डेंगू रोधी अभियान 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट शुरू करते हुए लोगों से अपने घरों और उसके आसपास रुके हुए पानी का निरीक्षण करने की अपील की थी। एक सितंबर को शुरु हुए और 15 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान का विभिन्न हस्तियों ने समर्थन किया, जिनमें पूर्व दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव, कई जाने-माने कलाकार और पत्रकार शामिल हैं।

- 189 मामले अकेले पिछले हफ्ते ही सामने आए
- 26 अक्टूबर तक मलेरिया के मामले भी बढ़कर 574 हो गए

### जगह जगह लगे अन्नकूट भंडारे

# धूमधाम से मनाया गोवर्धन पर्व और विश्वकर्मा डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिपावली के दूसरे दिन सोमवार को लोगों ने गोवर्धन पर्व व विश्वकर्मा डे धूमधाम से मनाया। जगह जगह अन्नकूट भंडारों का आयोजन किया गया, श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ हवन इत्यादि किया। कई मंदिर प्रबंधकों ने विशेष समारोह ओयोजित किए। बद्रीभक्त झंडेवाला मंदिर के प्रवक्ता नंद किशोर सेठी ने बताया कि गोवर्धन पर्व के अवसर पर मंदिर में कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सुबह के समय वेदपाठी पंडितों ने पूरे विधि विधान से पूजापाठ, हवन इत्यादि किया। वहीं श्रद्धालुओं की मंडलियों ने भजन कीर्तन द्वारा भगवान श्री विष्णु हरि व श्रीकृष्ण का गुणगान किया। सेठी ने बताया कि इस मौके पर



आयोजित अन्नकूट भंडार का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं विश्वकर्मा डे मनाते हुए दिल्ली में कारखाने, फैक्ट्रियां, छोटे बड़े उद्योग, ट्रांसपोर्ट सेंटर व लोहा मार्किट इत्यादि बंद रहे। भगवान श्री विश्वकर्मा जी के उत्सव को मनाते हुए लोगों ने जगह जगह भंडारों का आयोजन किया। कारीगरों व मजदूरों ने मिलकर विश्वकर्मा जी की अराधना की और उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा जी ही संसार में रोजगार व औजार निर्माण करने वाले भगवान है। इनकी पूजा अर्चना करने से मनवांछित सफलता मिलती है।

## खबर संक्षेप

### सीएम से मिले फ्रांसीसी राजदूत



**नई दिल्ली।** भारत में फ्रांसीसी राजदूत इमैनुएल लेनिन ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके कार्यालय में मुलाकत की। इस अवसर पर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार फ्रांस के राजदूत को मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत खुशी हुई। इस मुलाकात के दौरान सीएम और राजदूत लेनिन के बीच सड़क निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आदि पर फ्रांस के साथ दिल्ली के सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इसके साथ ही दोनों के बीच प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली की चल रही लड़ाई पर भी चर्चा भी हुई।

### कई कांग्रेसी नेता आप में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दलों में नेताओं का अदला-बदली का दौर तेज हो गया है। सोमवार को कई कांग्रेसी नेता आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हुए। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर आप में शामिल हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका और टोपी पहना कर स्वागत किया। आप में शामिल होने वाले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में पंकज तिवारी, असलम, सलाउद्दीन, मोहम्मद शफीकुद्दीन, सियाराम मिश्रा आदि शामिल हैं। इस अवसर पर आप नेता दिलीप पांडे एवं दुर्गेश पाठक भी मौजूद रहे।

### जल संरक्षणः पतौड़ी जोहड़ पर मनाया प्रकाश उत्सव



**नई दिल्ली।** दिवाली के अवसर पर देहात के जोहड़ों व जल बचाने को लेकर नरेला के मामुरपुर स्थित पतौड़ी जोहड़ पर 11 हजार से अधिक दीपक प्रज्वलित किए गए। पतौड़ी जोहड़ विकास समिति के पदाधिकारी अनिल भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली में जल समस्या दिन प्रतिदिन गहराती जा रही है जिसके चलते मामुरपुरवासियों ने पतौड़ी जोहड़ व आसपास के अन्य जोहड़ों को बचाने की मुहिम शुरू कर दी। इस प्रकाश उत्सव में शामिल राजसिंह खत्री, अश्विनी खत्री, राजेंद्र सैनी, धर्मबीर खत्री आदि परिवारों का समिति ने आभार जताया।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का दिल्ली में कहीं दिखा असर तो कहीं नहीं

# दिवाली के बाद दिल्ली में हवा की गुणवत्ता रही 'गंभीर', पहले रहती थी 'अति गंभीर'

- पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित स्थलों पर दो घंटों का समय निर्धारित किया गया था लेकिन इसके बावजूद भी निर्देशों की अनदेखी की गई
- दिल्ली का एक्यूआई सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे 463 पर पहुंच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिवाली बाद समग्र वायु का गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अति गंभीर व आपातकालीन स्थिति में न पहुंचे इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का असर कहीं ज्यादा देखा गया तो कहीं असर कम देखा गया। हालांकि इस बार दिवाली के बाद सोमवार को सुबह दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' रही जबकि पिछले तीन साल से यह 'अति गंभीर' की श्रेणी में आंकी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले से ही तमाम निकायों को बंब, पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित स्थलों पर दो घंटों का समय निर्धारित किया गया था लेकिन इसके बावजूद भी दिवाली पर निर्देशों की अनदेखी की गई। वहीं, प्रदूषण पर निगरानी रखने वाली संस्थाओं ने इस बार एक्यूआई पिछले तीन साल से बेहतर बताई है। पिछले साल दिवाली के बाद, दिल्ली में एक्यूआई 600 को पार कर गया था, जो कि सुरक्षित स्तर का 12 गुना था। वहीं, 2017 में दिवाली के बाद एक्यूआई 367 और 2016 में 425 पर पहुंच गया था। बता दें कि दिल्ली सरकार 26 अक्टूबर से चार दिवसीय लेजर शो का आयोजन कर रही है ताकि लोगों को इस दिवाली पटाखे न फोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य 'सामूहिक एवं प्रदूषण मुक्त दिवाली' को प्रोत्साहित करना है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी सेवा, 'वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली' (सफर) के मुताबिक दिल्ली का एक्यूआई सोमवार सुबह साढे 11 बजे 463 पर पहुंच गया। पूसा में 480, लोधी रोड में 436, हवाई अड्डा टर्मिनल टी3 में 460, नोएडा में 668, मथुरा रोड 413, आयानगर 477, आईआईटी दिल्ली 483 , धीरपुर में 553 और चांदनी चौक में 466 एक्यूआई दर्ज किया गया। हालांकि, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, सोमवार सुबह साढे 11 बजे एक्यूआई 348 रहा। यह रविवार को शाम चार बजे 337 था। वहीं, सफर ने हवा के चलते प्रदूषण के स्तर में शाम तक कमी आने की उम्मीद जताई। सफर ने पहले अनुमान जताया था कि पराली जलाये जाने की घटना में इजाफे और प्रतिकूल मौसम के साथ ही दिवाली की रात पटाखे फोड़े जाने के कारण देर रात एक बजे से लेकर सोमवार सुबह छह बजे के बीच शहर का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच जाएगा। हालांकि, शहर का एक्यूआई रात के करीब 11 बजे 327 था जो साढ़े तीन बजे तक गिरकर 323 पर आ गया, जबकि इस समय इसके 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने की आशंका थी। लेकिन धुंध के कारण सुबह 8:30 बजे एक्यूआई 340 पर पहुंच गया। सफर के मुताबिक, 2.5 या 2.5 माइक्रोन से कम व्यास वाले अत्यंत सूक्ष्म अभिकण 'पार्टिकुलेट मैटर' पीएम 2.5 का स्तर दिल्ली विश्वविद्यालय के पास 735 पर पहुंच गया, जो कि बहुत ही खतरनाक है।



### ऐसे मापा जाता है एक्यूआई

बता दें कि 0-50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा' माना जाता है, जबकि 51-100 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 401-500 'गंभीर' श्रेणी का माना जाता है। एक्यूआई अगर 500 से ऊपर पहुंच जाता है, तो उसे 'अति गंभीर व आपातकालीन' श्रेणी का माना जाता है।

### एनसीआर में 'बहुत खराब श्रेणी' में रहा एक्यूआई

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के नजदीकी शहर गाजियाबाद (378), ग्रेटर नोएडा (364), गुड़गांव (359) और नोएडा (375) में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। 10 या 10 माइक्रोन से कम व्यास वाले अत्यंत सूक्ष्म अभिकण 'पार्टिकुलेट मैटर' पीएम 10 का स्तर रविवार को आनंद विहार में 515 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गया था। वजीरपुर और बवाना में, पीएम 2.5 का स्तर 400 के स्तर को पार कर गया था।

## दिवाली की रात 245 जगहों पर लगी आग

दिवाली की रात राजधानी के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई। ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले प्रतिबंधित पटाखे दिवाली वालों ने जमकर फोड़े। इन पटाखे की वजह से दिवाली की रात 245 जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुई, जिसमें से करीब 223 जगहों पर आग का कारण पटाखे रहे हैं। आगजनी में दो दमकलकर्मी भी मामूली रूप से घायल हो गए। घायलों के नाम संजय और रमेश है। उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। आग की कॉल मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गई। उन्होंने समय रहते ही सभी जगहों पर आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग ने अधिकारी ने बताया कि आतिशबाजी के दौरान आग लगने की संभावना बढ़ जाती हैं। आग पलक झपकते ही विकराल रूप धारण कर लेती है। बता दें कि सोमवार को भी कुछ जगहों पर आगजनी की घटनाएं सामने आईं। गनीमत यह रही कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं दिवाली की रात दिल्ली पुलिस ने 443 मामले दर्ज किए जिसमें 261 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 9558 पटाके बरामद किए हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।



- दो पुलिसकर्मी घायल, लाखों का माल जलकर खाक

### प्रदूषण जैसे संवेदनशील मसले पर भी भाजपा राजनीति कर रही हैः संजय



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली के प्रदूषण पर भाजपा नेताओं के बयान पर कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर राजनीति करने से बाज आए। उन्होंने सोमवार को प्रैसवार्ता में कहा कि यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है की जहां एक तरफ पूरी दिल्ली की जनता एकजुट होकर दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को समाप्त करने के लिए दिल्ली की केजरीवाल सरकार के साथ संघर्ष कर रही है, वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी इतने संवेदनशील मुद्दे पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रही। सिंह ने कहा कि यह बड़े ही शर्म की बात है कि जहां छोटे-छोटे बच्चों ने पटाखे न जलाकर अपने माता-पिता के साथ लेजर शो में शामिल होकर दिवाली उत्सव मनाया, वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जलाकर ट्वीट करके लोगों को प्रदूषण फैलाने के लिए उकसाया।

### दीपावली बाद बिजली मांग में करीब 100 मेगावॉट की बढ़ोतरी

दीपावली के दूसरे दिन राजधानी दिल्ली में बिजली की मांग में करीब 100 मेगावॉट की बढ़ोतरी दर्ज हुई। जहां रविवार को दीपावली के दिन अधिकतम बिजली की मांग का आंकड़ा 3067 मेगावॉट रहा वहीं दूसरे दिन सोमवार को यह आंकड़ा घटने की बजाए बढ़कर 3141 मेगावॉट दर्ज हुआ। हालांकि यह मांग कोई बहुत ज्यादा नहीं है। अभी सर्दी नहीं पड़ी है, बिजली की मांग के लिहाज से मौसम उचित है। फिलहाल लोगों को बिजली की कटौती का सामना नहीं करना पड़ रहा। लेकिन जैसे जैसे सर्दी बढ़ेगी, धुंध बढ़ेगी वैसे वैसे बिजली की मांग में इजाफा होगा। साथ ही बिजली ट्रिप होने की घटनाओं से सामना करना पड़ेगा।

### क्रिकेट मैचों में परेशान नहीं करेगा प्रदूषणः सीएम



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को उम्मीद जतायी कि तीन नवंबर को दिल्ली में होने वाले भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच पर प्रदूषण का कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुधार के लिए दिल्ली सरकार ने कई कदम उठाए हैं। प्रैसवार्ता में केजरीवाल ने कहा कि इस सत्र में दिल्ली में मैचों का आयोजन किया गया है और रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम में होने वाला मैच भी खेला जाना चाहिए। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर चिंता का कारण बन गया है। दीपावली के एक दिन बाद सोमवार को मौजूदा सत्र में पहली बार वायु गुणवत्ता गंभीरस्तर पर पहुंच गई।

### बच्चों व बुजुर्गों पर भारी पर रहा है वायु प्रदूषणः तिवारी



दिवाली के बाद प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर का असर बच्चों व बुजुर्गों पर भारी पर रहा है और केजरीवाल सरकार लेजर शो में मस्त हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रित करने में पूरी तरह फेल रही है। बड़े-बड़े विज्ञापन देकर प्रदूषण कम करने का फार्मूला कागजों तक ही सीमित रह गया है।

## 'हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाने में दिल्ली सरकार ने की बीजेपी की मदद'

- नवनियुक्त दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में बीजेपी कि सरकार बनाने के लिए खुलकर उनकी मदद की है। भाजपा की मदद करने के लिए ही केजरीवाल ने जेल में बंद अजय चौटाला की फरलो को मंजूर कराया है। इससे साफ हो गया है कि केजरीवाल भाजपा की मदद कर रहे हैं। यह आरोप नवनियुक्त दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने लगाए हैं। चोपड़ा पद संभालने के बाद सोमवार को अपनी पहली प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। इस




मौके पर चोपड़ा के अलावा कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष कीर्ति आजाद, पूर्व अध्यक्ष स. अरविंद सिंह लवली सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए चोपड़ा ने सीएम केजरीवाल ने जींद उपचुनाव से पहले ओपी चौटाला की फरलो को रद्द कर दिया था। जबकि विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद केजरीवाल ने अजय चौटाला की फरलो को मंजूरी प्रदान करवा दी।

उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि रविवार व दिवाली के अवकाश के बावजूद अजय चौटाला को फरलो दिया गया। यह सब केवल इसलिए किया गया जिससे की जेजेपी अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला भाजपा को समर्थन देकर सरकार बनवा दे। उन्होंने कहा कि इससे एक बार फिर साबित हो गया है कि केजरीवाल भाजपा की मदद कर रहे हैं।

## कुपोषण से हुई 3 बच्चियों की मौत की जिम्मेदार है दिल्ली सरकारः विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



पिछले साल पूर्वी दिल्ली के मंडावली में कुपोषण के चलते हुई तीन मासूम बच्चियों की मौत की जिम्मेदार दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार है। दिल्ली सरकार यदि समय से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'पोषण अभियान' योजना को लागू कर देती तो तीन बच्चियों की जान बच सकती थी। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उक्त आरोप दिल्ली सरकार पर लगाए। बता दें कि पिछले वर्ष जुलाई माह के दौरान मंडावली के एक पीड़ित परिवार को समय से भोजन नहीं मिलने के चलते मानसी (8), शिखा (4) और पारुल (2) की मौत हो गई थी।

## भाजपा सबको साथ लेकर चलती हैः हंसराज हंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में किया स्टाफ कक्ष का शुभारंभ

अलीपुर स्थित स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में दीपावली के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सद्भावना विचार गोष्ठी नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद हंसराज हंस ने दिल्ली यूनिवर्सिटी व कॉलेजिस डॉ.अंबेडकर एम्प्लाईज वैल्फेयर एसोसिएशन के लिए कक्ष का शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद हंसराज ने कहा कि देश में भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.प्रकाश वीर खत्री ने कहा कि ऐसी गोष्ठी देश में सद्भावना बढ़ाती हैं।

### हेल्पलाइन नंबर 9540100693 भी किया जारी

# छठ समितियों ने रखी समस्याएं, तिवारी ने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली की छठ समितियों के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के निवास पर जाकर सेवा शिविर आयोजन के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। जिस पर तिवारी ने छठ पूजा के दौरान आने वाली सभी समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। तिवारी ने कहा कि वह आगामी 30 अक्टूबर को छठ पूजा से 3 दिन पहले पूरे दिल्ली के घाटों की व्यवस्था का जायजा लेंगे और संबंधित विभाग अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं सहित आने वाली सभी दिक्कतों को



दूर करने के लिए समय से पूर्व सारी तैयारी पूरी करेंगे। छठ समितियों के सहायतार्थ भाजपा पूर्वांचल मोर्चा की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर 9540100693 भी जारी किया गया, जिस पर आने वाली समस्याओं का स्वयं मनोज तिवारी हर दिन समीक्षा कर निस्तारण पर नजर रखेंगे।

बैठक भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से बुलाई गई थी, जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष सिंह ने की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सतेन्द्र सिंह, मोर्चा प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, सह-प्रभारी प्रेमकांत चौधरी, मीडिया विभाग प्रदेश सह-प्रमुख आनंद त्रिवेदी, सहित मोर्चा के सभी जिला अध्यक्ष एवं विभिन्न छठ समितियों के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि हर वर्ष तिवारी छठ पूजा से पहले इसी तरह दिल्ली की छट समितियों को बुलाकर उनकी दिक्कतें जानते हैं और तत्पश्चात उनके निराकरण के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास करते हैं।



## खबर संक्षेप




### स्कूल पर दीप प्रज्जवलित कर नई पहल की

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय विद्यालय नंबर-दो फरीदाबाद के छात्रों ने इस दीपावली पर विद्यालय पर दीप प्रज्जवलित कर एक नई पहल शुरु की। कक्षा 11 की संजना व अंजना तथा सातवीं के छात्र युवराज ने विद्यालय परिसर को सजाया व दीप प्रज्जवलित किए। दीपावली पर की गई इस नई पहल के संदर्भ में छात्र-छात्राओं का कहना था कि दीपावली पर हम अपने घर-आंगन की तो साफ-सफाई करने के साथ दीप प्रज्जवलित भी करते है किन्तु उस स्थान पर सजावट करने के साथ दीप प्रज्जवलित करने चाहिए जोकि जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। छात्र-छात्राओं द्वारा दीपावली पर्व पर की गई इस नई पहल का स्कूल के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी स्वागत किया है।

### औद्योगिक प्रतिष्ठानों में मनाई विश्वकर्मा जयंती



**गुरुग्राम।** विश्वकर्मा जयंती का पर्व सोमवार को शहर के औद्योगिक क्षेत्रों स्थित प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों व संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया। मारुति मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता कुलदीप जांघू ने बताया कि श्रमिकों ने अपने वर्कशॉप में मशीनों व औजारों की साफ-सफाई कर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को पुष्प अर्पित करते हुए हवन-यज्ञ का आयोजन किया। भगवान विश्वकर्मा की आरती भी उतारी गई। सोमवार को भगवान विश्वकर्मा की हवन-यज्ञ के साथ पूजा-अर्चना की गई।

### गोदाम के कमरे में लगी आग



**फरीदाबाद। रविवार** रात एनएच-एक स्थित एक गोदाम के कमरे में पटाखे की चिंगारी से आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी से आग पर काबू पाया। तिकोना पार्क के सामने एनएच एक में लाइट एवेन्यू नामक दुकान के पास वाली गली में बने गोदाम में किसी पटाखे की चिंगारी गिरने से बने कमरे में आग लग गई। इसी बीच राहगीरों ने आग लगने की सूचना तुरन्त दमकल विभाग व पुलिस को दी। कुछ ही देर में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया।

### श्री सिद्धदाता आश्रम में जलाए गए 21000 दीये



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड सेक्टर-44 स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम एवं श्री लक्ष्मीनारायण दिव्य धाम में दिवाली के अवसर पर जोरदार सजावट की गई। यहां पर लाखों की संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने अपने आराध्य से प्रार्थना की और श्री गुरु महाराज इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में 21 हजार दिए जलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री गुरु महाराज ने लोक कल्याण के लिए विशेष पूजन भी किया। इस अवसर पर श्री सिद्धदाता आश्रम की सजावट देखते ही बनती थी। लेकिन इस बार पर्यावरण को देखते हुए लड़ियों का बहुत कम इस्तेमाल किया गया। लड़ियों के स्थान पर मिट्टी के दीए जलाए गए।

## आवारा पशु बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकराई

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा पशु को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल तोड़ते हुए सर्विस लेन पर चली गई। इस हादसे में जहां कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। मृतक युवकों की पहचान ग्रीनफील्ड कॉलोनी में रहने वाले अमन अग्रवाल और अशोका एंक्लेव में रहने वाले प्रखर अरोड़ा के रूप में हुई है। दोनों युवक आपस में ममेरे-फुफेरे भाई थे।

मामले के जांच अधिकारी भगत सिंह ने बताया कि अमन साफ्टवेयर इंजीनियर था, जबकि प्रखर अपने कारोबारी पिता के कामकाज में हाथ-बंटाता था। रविवार रात करीब 11 बजे दोनों कुछ साथियों को मिठाई बांटने निकले थे। रात करीब एक बजे के आसपास अमन अपनी होंडा सिटी कार लेकर सेक्टर-28 स्थित एक रेस्टोरेंट में फुफेरे भाई प्रखर अरोड़ा के साथ जा रहे थे। एनएचपीसी मेट्रो स्टेशन फ्लाईओवर से उतरते ही उनके सामने एक आवारा पशु आ गया। इसे बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर साइड में डिवाइडर पर चढ़ गई ग्रिल को तोड़ती हुई सर्विस रोड पर पहुंच गई। इस दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार का इंजन निकल कर करीब पांच मीटर दूर जाकर गिरा। इस दुर्घटना में प्रखर अरोड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सेफ्टी बैलून की वजह से अमन को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

### बुजुर्ग को सांड ने उठा-उठा कर पटका, मौत

फरीदाबाद। गांव चंदावली में एक सांड ने 70 वर्षीय हरभजन नामक बुजुर्ग की जान ले ली। सांड पिछले एक महीने के दौरान कई लोगों को घायल कर चुका है। ग्रामीणों ने इस बारे में थाना सदर पुलिस में भी शिकायत की, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इसका कोई समाधान नहीं हुआ। 70 वर्षीय हरभजन सैनी 11 बजे अपने प्लॉट पर स्नान करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में सांड मिल गया और उसने उन पर हमला बोल दिया। सांड ने सींगों पर उठाकर तीन-चार बार पटक दिया। गंभीर अवस्था में उन्हें अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम से मिल कर अस्पताल प्रबंधन को टेलीफोन कराकर बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। चंदावली गांव निवासी जिला पार्षद पुष्पा डागर का कहना है कि गांव में आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है। यही सांड राजू, मानसिंह और किरण सिंह को भी घायल कर चुका है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाना क्षेत्र के मनोटा रेलवे फाटक पर एक युवक की ट्रेन में चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोदीनगर थाना क्षेत्र के अब्बू पुर गांव निवासी 24 वर्षीय राहुल एक प्राइवेट फॉर्म में एंटीना लगाने का काम करता था। सोमवार को वह ड्यूटी से लौट रहा था जब वह मनोटा रेलवे फाटक के पास पहुंचा तो तेजी से आती हुई ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी जेब में मिले कागजों से उसकी पहचान राहुल के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी, परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### मातम में बदली खुशियां

### सड़क हादसे में युवक की मौत

गाजियाबाद। मुरादनगर थाना क्षेत्र के जीतपुर गोपालपुरम में सोमवार को दीपावली की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब एक युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। करीब एक महीने पहले मृतक के बड़े भाई की भी मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मुरादनगर थाना क्षेत्र प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया मुरादनगर जीतपुर गोपालपुरम निवासी सत्य प्रकाश का 42 वर्षीय पुत्र हिमांशु उर्फ़ गोलू पैदल ही कहीं जा रहा था जब मुरादनगर के सामने पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी युवक के परिजनों को दी। खबर मिलने पर गोलू के परिजन मौके पर पहुंचे।उन्होंने बताया कि हिमांशु के बड़ा भाई पिछले दिनों की मौत हो चुकी है थे। पुलिस ने हिमांशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

### गाजियाबाद में दोस्त ने दोस्त को पीट -पीटकर मार डाला

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने दोस्त की पीट-पीट कर नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मृतक के भाई ने कविनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कविनगर थाने के महरौली गांव में धर्मवीर सपरिवार रहते हैं। उनके पुत्र रवि (24 साल) की उसी के दोस्त ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। रवि के भाई जितेंद्र ने इस संबंध में कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें कहा है कि दिवाली की शाम को उसका भाई रवि घर पर था तभी गांव का ही लड़का सोनू उसको बुला कर ले गया। लेकिन देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश की गई। जितेंद्र ने बताया जब परिवार के लोग रवि की तलाश कर रहे थे, तभी गांव के एक युवक ने आकर बताया कि महरौली रेलवे स्टेशन के पास रवि को कुछ लड़के पीट रहे हैं इसके बाद रवि के परिजन पहुंचे तो रवि की लाश पड़ी मिली। उसे बुरी तरह से पीटा गया था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसे में एसपीओ की मौत

**गुरुग्राम।** दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर हल्दीराम रेस्टोरेंट के नजदीक सोमवार शाम एक कार ने ट्रैफिक पुलिस में तैनात भिवानी जिले के लोहारू निवासी एसपीओ सूबे सिंह (48) को टक्कर मार दी। उन्हें नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सेक्टर-37 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी देवेंद्र मान ने बताया कि मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसपीओ सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद चालक कार सहित फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपित की पहचान की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### नशामुक्ति केंद्र के केयर टेकर की हत्याकर आठ मरीज फरार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के लाजपत नगर में नशा छुड़ाने के लिए एक नशामुक्ति केंद्र में स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में नशे की लाये गए आठ लोगों ने केंद्र के केयर टेकर की मारपीट कर व गला घोंटकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।



पुलिस क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद राकेश कुमार मिश्रा ने सोमवार को बताया कि गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद इलाके की लाजपत नगर कॉलोनी में आभार नाम से एक नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। जहां पर नशा मुक्ति का इलाज किया जाता है और पुनर्वास के लिए रखा जाता है। फिलहाल वहां इस तरह के करीब 35 ऐसे लोग मौजूद थे। जिनकी नशे की लत छुड़ाए जाने के लिए वहां भर्ती किया हुआ था। उन्होंने बताया कि दिवाली की देर रात नशा मुक्ति केंद्र का एक पिछले वाले हिस्से का एक दरवाजा खुला रह गया। देर रात ही यहां भर्ती किए गए करीब आठ लोगों ने नशा मुक्ति केंद्र के केयरटेकर आबिद खान दबोच लिया और उसकी गला घोंटकर की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आठों लोग मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तेज तर्रार दरोगाओं व पुलिस कर्मियों की दो टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जल्दी ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## चौटाला के डिप्टी सीएम बनने पर जजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाईयां बांटी



**फरीदाबाद।** सोमवार को फरीदाबाद में जजपा कार्यकर्ता दुष्यंत चौटाला के उपमुख्यमंत्री बनने पर खुशियां मनाते हुए।

**फरीदाबाद।** सोमवार को जननायक जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा बल्लभगढ़ सब्जी मंडी स्थित जिला कार्यालय पर दुष्यंत चौटाला को हरियाणा प्रदेश का उप मुख्यमंत्री बनाए जाने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे साथियों का मुंह मीठा कराया। जिला अध्यक्ष ठाकुर राजाराम व शहरी जिलाध्यक्ष अरविंद सरदाना ने सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी साथियों से कहा कि अब शहर में जजपा को मजबूत जनाधार मिलेगा। और नए साथियों को भी हम पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे। ठाकुर राजाराम व अरविंद सरदाना ने कहा कि जिस तरह भगवान श्री रामचंद्र जी का 14 वर्ष का वनवास खत्म होने पर दिवाली का पावन पर्व मनाया जाता है उसी तरह आज प्रदेश में दुष्यंत चौटाला ने जननायक जनता पार्टी बनाकर अपने कार्यकर्ताओं का वनवास खत्म किया। इसके अलावा प्रदेश महासचिव तेजपाल डागर ने सभी मीटिंग में मौजूद कार्यकर्ताओं को दीपावली एवं गोवर्धन की शुभकामनाएं भी दी।

इस मौके पर जजपा के प्रत्याशी रहे तेजपाल डागर, प्रदीप चौधरी, कुलदीप तेवतिया, इस्लामुद्दीन खान, प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी धर्मवीर तेवतिया, अनिल भाटी एवं प्रदेश प्रवक्ता अरविंद भारद्वाज, युवा जिला अध्यक्ष अमर सिंह दलाल, सुरेंद्र अत्री, पवन जाखड़, जिला प्रवक्ता अनिल खुटैला, चमन लाल कटारिया, जग्गी मेंबर समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## इनकम टैक्स आफिस में अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

- कार्यालय में सोमवार से शुरू हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह
- भ्रष्टाचार मिटाओ नया भारत बनाओ थीम पर होगा कार्य

आयकर कार्यालय में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू हुआ। इस बार भ्रष्टाचार मिटाओ नया भारत बनाओ थीम दिया गया है। इसके तहत प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

सोमवार से हापुड़ चुंगी सीजीओ कॉम्पलेक्स स्थित आयकर कार्यालय में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त के निर्देशानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आरंभ किया गया। भ्रष्टाचार मिटाओ नया भारत बनाओ थीम इस सप्ताह के लिए तय किया गया है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त प्रमोद कुमार गुप्ता ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ कर्तव्य का निर्वहन करने का संदेश दिया। सबको ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इसी थीम पर दो नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## एक दीया शहीदों के नाम



गुरुग्राम। एक दीया शहीदों के नाम जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते फाउंडेशन के पदाधिकारी

## छठ पूजा की तैयारियों में जुटे लोग



**गुरुग्राम।** सोमवार को न्यू पालम विहार में छठ पूजा के लिए घाट की सफाई करते श्रद्धालु।

### पूर्वांचल के लोगों के साथ स्थानीय लोगों का भी रहता है सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

दिवाली के बाद अब छठ पूजा पर्व का इंतजार शुरू हो गया है। नवंबर की शुरुआत में होने वाले इस तीन दिवसीय पर्व की तैयारियों को लेकर यहां स्थानीय और पूर्वांचल के लोगों ने जमीन पर कार्य शुरू कर दिया है। यहां वार्ड-2 स्थित न्यू पालम विहार में सूर्यदेव छठ पूजा समिति की ओर से छठ पूजा की तैयारियों को अमलीजामा पहनाया गया। छठ पूजा की तैयारियों में लगी टीम में शंकर, अमरजीत, संतोष, मनोज, बलराम, शंभु शर्मा, विजय कश्यप, सुखबीर, आरपी सिंह, राजेश आदि ने दिन-रात एक करके पर्व की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। तैयारियों के दौरान घाटों पर सफाई का काम शुरू किया गया। घाटों में जमी मिट्टी को निकालकर उन्हें पूरी तरह से साफ कर दिया गया। मैदान में भी पड़े कंकड़-पत्थर आदि को हटाकर सही किया गया। छठ पूजा टीम के अर्जुन के मुताबिक वहां पर भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। एक नवंबर को वहां पर भगवान भास्कर यानी सूर्यदेव की मूर्ति का स्थापना कर दी जाएगी। उसी दिन से ही छठ पर्व शुरू हो जाएगा। एक नवंबर को इस पर्व के अंतर्गत खरना होगा। दो नवंबर को सभी व्रती डूबते हुए सूर्य को जल देंगे और तीन को उगले सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह पर्व संपन्न हो जाएगा।

## लोगों ने की जमकर आतिशबाजी, सांस लेने में हो रही परेशानी

# आतिशबाजी से फरीदाबाद में बढ़ा प्रदूषण का स्तर

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶| फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने दीपों के पर्व दीपावली का मजा किरकिरा कर दिया। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को सांस लेने में तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है तथा दीपावली के दूसरे दिन भी प्रदूषण की चादर औद्योगिक नगरी पर चढ़ी रही।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में दीपावली पर जमकर आतिशबाजी की गई। यह हाल तो तब था जबकि नगर निगम फरीदाबाद ने दीपावली पर प्रदूषण के स्तर को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से पटाखा बाजार लगाने तक की इजाजत नहीं दी थी। बावजूद इसके पटाखा चलाने के शौकीनों ने अपने शौक के आगे आम शहरी के स्वास्थ की भी परवाह नहीं की। पटाखा चलाने के शौकीनों ने न जाने कहा से पटाखों की खरीददारी कर लाए और अपने शौक को पूरा करने के लिए जमकर आतिशबाजी की। पटाखा चलाने के शौकीनों द्वारा की गई आतिशबाजी का ही परिणाम था कि दीपावली वाले दिन रात दस बजे से आम शहरी को सांस लेने में भी तकलीफ होने लगी। प्रदूषण विभाग द्वारा जारी किए गए रिकॉर्ड के अनुसार औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में प्रदूषण का स्तर दीपावली वाले दिन 462 के करीब रहा जोकि प्रदूषण के आम स्तर से काफी ज्यादा रहा। इसके अलावा शहर के अलग-अलग हिस्सों में गंदगी का भी आलम देखने को मिला। पटाखा चलाने से सड़कों पर पटाखे के कचरे के ढेर लग गए तथा सफाई कम्पनी ईको ग्रीन के कर्मियों के न पहुंचने के चलते पूरा दिन शहर कचरे के ढेर में समाया रहा।

खास बात तो यहां यह भी है कि निगम प्रशासन ने बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए व कूड़े के ढेरों को उठाने के कोई खास प्रबंध नहीं किए। शहर के मुख्य प्रवेशों के फ्लाईओवर नीलम, बाटा, बल्लभगढ़ व बड़खल के दोनों ओर मिट्टी के ढेर लगे हुए है जोकि प्रदूषण को बढ़ाने में और भी सहायक सिद्ध हो रहे है। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर लगे पेड़ों की पत्तियों पर जमे धूल के कणों पर भी पानी से छिड़काव नहीं किया जा सका है।



### बढ़ सकती हैं खांसी, दमा व फेफड़ों संबंधी बीमारियां : स्वास्थ्य विशेषज्ञ

डॉ. सुरेन्द्र दत्ता पाराशर ने बढ़ते प्रदूषण के चलते सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि लोग मुंह पर मास्क लगाकर बाहर निकले क्योंकि हवा में घुले धूल के हानिकारक कण शरीर के अंदर जाकर गला व फेफड़ों को इनफेक्ट कर सकता है। प्रदूषण बढ़ने से खांसी, दमा व फेफड़ों संबंधी बीमारियां बढ़ सकती है।

## गाजियाबादः बेहद खतरनाक स्तर पर रहा प्रदूषण

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन समेत दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की चादर दिवाली के अगले दिन देखने को मिली। वहीं वायु प्रदूषण के स्तर में पिछले साल की तुलना में तो थोड़ी कमी है लेकिन अभी जिले का वायु प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर है। दिवाली की शाम से लेकर सोमवार दोपहर तक का अधिकतम एयर क्वालिटी इंडेक्स 406 लोनी का दर्ज किया गया। वहीं वसुंधरा, इंदिरापुरम और संजय नगर के प्रदूषण केंद्रों के डाटा के अनुसार भी यह रेड जोन में है। पिछले साल दिवाली के अगले दिन एक्यूआई 430 दर्ज की गई थी। प्रशासन और एनजीटी की सख्ती के बावजूद भी ट्रांस हिंडन समेत पूरे जिले में जमकर पटाखे चलाए गए। रात दस बजे के बाद भी पटाखों का शोर गूंजता रहा। जिससे वायु व ध्वनि प्रदूषत बेहद खराब हो गया। पटाखे चलने से वायुमंडल की ऊपरी सतह में स्मॉग छा गया, जिससे सोमवार की सुबह धुंध की चादर देखने को मिली। वहीं पीएम-2.5 और पीएम-10 की मात्रा में भी लगभग चार गुने की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोमवार दोपहर गाजियाबाद का पीएम-2.5 360 और पीएम-10 307 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया।

दिवाली की अगले दिन धूल और धुआं की चादर ने जिले के लोगों को सांस लेने में भी तकलीफ महसूस कराई। वहीं दृश्यता में भी कमी दर्ज की गई है। वरिष्ठ चिकित्सक दीपक अग्रवाल का कहना है कि वायुमंडल में धूल के सूक्ष्म कण अधिक बढ़ गए हैं और धुएं की परत भी छाई हुई है जो सांस लेने में दिक्कत कर रही है। ऐसे मौसम में सुबह और शाम की सैर करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं हृदय रोगियों के लिए भी यह समय काफी खतरनाक है। श्वास के रोगी गीले रुमाल और मास्क का इस्तेमाल करें वरना स्थिति और खतरनाक हो सकती है। 15 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर में लागू किया गया ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान भी जिले के लोगों को दिवाली के अगले दिन राहत की सांस नहीं दिला पाया। वायु प्रदूषण की मात्रा बेहद खतरनाक होने के चलते लोगों को परेशान होना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### कमरे में पंखे पर लटकता मिला शव

**हिसार।** जिले के एक गांव में रहने वाले 18 वर्षीय और कुकर्म पीड़ित युवक ने आरोपितों द्वारा बार बार परेशान करने के चलते फांसी का फंदा लगा सुसाइड कर लिया। दीवाली वाले दिन युवक का शव कमरे में पंखे पर लटकता मिला। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक युवक और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप जड़े है। वहीं परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया। वे आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। सूचना मिलने पर पर डीएसपी अशोक कुमार, एचटीएम थाना प्रभारी जगजीत मौके पर पहुंचे। फिलहाल शव को शवगृह में रखवा दिया है। मृतक युवक की बहन ने बताया कि वह एमएससी कर रही है। भाई आईटीआई कर रहा था। इसके अलावा डिस्टेंस से बीए कर रहा था। ईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

### सरकार गठित होने से पहले कर्मचारी नेता मुखर

**चंडीगढ़।** भले ही अभी सरकार और मंत्रीमंडल का विधिवत गठन नहीं हुआ हो लेकिन कर्मचारी नेता अभी से मुखर हो गए हैं। सर्वकर्मचारी संघ की ओर से सुभाष लांबा और सतीश सेठी ने एक वज्ञिप्ति में दावा किया कि विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं करना भाजपा को भारी पड़ा है। एसे में अब जनादेश की समीक्षा कर कर्मचारियों की मांगों का बातचीत से समाधान करने की पहल करनी चाहिए ताकि कर्मचारियों में भाजपा सरकार के खिलाफ पैदा आक्रोश को समाप्त किया जा सके।

## खर्ची-पर्ची वालों से गठबंधन के सवाल पर बोले मुख्यमंत्री मनोहर लाल

# नहीं चलेगा खर्ची-पर्ची का सिस्टम आपसी सहमति से चलाएंगे सरकार

**मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद करनाल पहुंचे मनोहर लाल, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


**करनाल।** पत्रकारों के सवालों का जवाब देते सीएम व मौजूद कार्यकर्ता।

दूसरी बार मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद करनाल पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साफ कर दिया कि नवगठित सरकार में भी खर्ची पर्ची का कोई सिस्टम नहीं चलेगा। सरकार ने पहले से ही नौकरी पाने का सिस्टम ऐसा बना दिया है। जिससे यह संभव ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह बात इसलिए कही कि पत्रकारों ने उनसे इस बाबत सवाल किया था कि इस बार आपका गठबंधन खर्ची-पर्ची वालों के साथ हुआ है तो किस तरह से सरकार चलेगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल का कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने ढोल-नगाडों से विश्राम गृह में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मिलीजुली सरकार में पार्टी की मुख्य विचारधारा के साथ-साथ सहयोगी दलों की विचारधारा से समन्वय स्थापित करके कार्य करना होता है और सभी विधायकों का एक मात्र उदेश्य प्रदेश का विकास और जनकल्याण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग दलों की प्राथमिकताएं अलग हो सकती है लेकिन प्रदेश के विकास को लेकर सभी विचारधाराएं एक जैसी ही रहेगी। भाजपा का सरकार चलाने का जो संकल्प पहले था अब भी वैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी राजनैतिक दल को स्पष्ट बहुमत नही मिला है लेकिन भारतीय जनता पार्टी सबसे बडे राजनैतिक दल के रूप में सामने आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार की जिम्मेवारी होने के कारण वे करनाल के मतदाताओं से सम्पर्क नही कर पाएं और उन्होंने प्रदेश के 82 विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। प्रत्यक्ष बहुमत न मिलने के बावजूद भाजपा को 57 विधायकों का अप्रत्यक्ष समर्थन प्राप्त है।

### सीएम बोले : पहले की अपेक्षा वोट प्रतिशत बढ़ा

सीएम ने कहा कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य ऊंचा रखा था लेकिन बहुत से ऐसे कारण रहे जिनके चलते लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका लेकिन यह सुखद बात रही कि वोट प्रतिशत पहले की अपेक्षा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर पार्टी स्तर पर और कार्यकर्ताओं के साथ मथंन किया जाएगा। इससे पूर्व उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करके जिला प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने चुनाव में दिन-रात मेहनत करने और उनकी गैरमौजूदगी में स्वयं को मनोहर लाल समझकर चुनाव लड़ने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही भाजपा को करनाल विधानसभा क्षेत्र में दुसरी बार भारी अंतर से विजय हासिल हुई है।

## डिप्टी सीएम बनने के बाद सिरसा में दुष्यंत ने की लोगों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



दीपावाली के दिन डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने वाले दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को सिरसा में लोगों से मुलाकात की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग दुष्यंत से मिलने पहुंचे। उन्होंने सभी के बीच आकर मुलाकात की। वहीं दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के उस बयान पर भी कटाक्ष किया है, जिसमें हुड्डा ने कहा था कि वोट किसी को तो स्पोर्ट किसी को। दुष्यंत ने कहा कि हमने कांग्रेस के पक्ष में वोट नहीं मांगे थे। हरियाणा में स्थाई सरकार के लिए भाजपा से समझौता किया है। जजपा ने न तो भाजपा के लिए चुनाव लड़ा था और न ही कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ा था। गठबंधन के बाद अब बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनाए जाएंगे और उन्हें पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। बता दें कि दीपावाली के दिन मनोहर लाल खट्टर ने चंडीगढ़ स्थित राजभवन में दूसरी बार मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। वहीं दुष्यंत चौटाल ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी।

## हरियाणा विस में कलायत की बहू होंगी आमने-सामने


गीता भुक्कल

**कलायत हलके में है गीता भुक्कल व कमलेश ढांडा की ससुराल**


कमलेश ढांडा

रणबीर धानियां ▶▶| कैथल

- कलायत विधानसभा की दो बहुएं पहले बार सत्ता और विपक्ष में करेंगी आवाज बुलंद
- गीता भुक्कल कलायत उपमंडल के गांव रामगढ़ पांडवा में विवाहिता है
- भाजप विधायक कमलेश ढांडा इसी क्षेत्र के गांव सिंबलवासी खेड़ी की बहु
- भुक्कल का मायका मातनहेल तो ढांडा का पाथरी गांव

हरियाणा विधानसभा में पहली मर्तबा जिला कैथल के कलायत विधानसभा की दो बहु सत्ता और विपक्ष में इलाके की आवाज बनेंगी। झज्जर से निरंतर तीसरी मर्तबा कांग्रेस विधायक निर्वाचित हुई गीता भुक्कल कलायत उप मंडल के गांव रामगढ़ पांडवा में विवाहिता हैं। झज्जर के गांव मातनहेल में इनका मायका है। 2005 में भुक्कल ने पहली मर्तबा कलायत विधानसभा से जीत दर्ज की थी। तब से लेकर अब तक वे चार बार विधायक निर्वाचित हो चुकी हैं। कांग्रेस दल से संबंधित होने कारण गीता भुक्कल भूमिका हरियाणा विधानसभा में विपक्ष की भूमिका अदा करेंगी। जबकि 2019 विधानसभा चुनाव में कलायत से भाजपा टिकट पर विजयी हुई कमलेश ढांडा सत्ता दल का हिस्सा हैं। इसी विधानसभा क्षेत्र के गांव सिंबलवाली खेड़ी में कमलेश विवाहिता हैं। वे पानीपत के गांव पाथरी की बेटी हैं। कमलेश ढांडा पूर्व मंत्री स्वर्गीय नरसिंह ढांडा की पत्नी हैं। इन्होंने इस बार चुनाव लड़ा और विधायक चुनी गई। कलायत विधानसभा के इतिहास में अब तक दो बार ही महिलाओं को हरियाणा की सबसे बड़ी महापंचायत की चौधर मिली है। इनमें गीता भुक्कल और कमलेश ढांडा शामिल हैं। कांग्रेस सत्ता काल में शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए गीता भुक्कल ने अपनी ससुराल कलायत विधानसभा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। आज भी कलायत विकास की कसक उन्हें हैं।

# चुनावी वादों पर रुख साफ करे भाजपा-जजपा सरकारः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



- फसल खरीद बंद कर किसानों को बर्बाद करने की साजिश रच रही सरकार

हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने प्रदेश में धान की खरीद ना होने को लेकर प्रदेश की सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा भाजपा की सरकार को सबक सिखाने के बाद भी यह सरकार जन विरोधी फैसले लेने से नहीं हिचक रही है। सरकार की साजिश के तहत किसानों के धान की खरीद नहीं हो रही है जो कि किसानों के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि इस किसान विरोधी सरकार का एक ही एजेंडा है कि किसान को किस तरह लूटा जाए।

कुमारी सैलजा ने कहा कि केवल प्रदेश सरकार ही नहीं बल्कि केंद्र की सरकार भी किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। पहले ही खरीफ की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से औसतन 22.5 फीसद से कम पर बिक रही है। लागत से 50 फीसद अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा भी नहीं निभाया जा रहा है। सरकार ने खाद पर चार फीसद, कृषि उपकरणों पर 18 फीसद और कीटनाशकों पर 18 फीसद जीएसटी लगा दिया है तो दूसरी तरफ डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों पर चौतरफा मार के बाद अब इनकी खून पसीने से सींची गई फसल की खरीद बंद कर साजिश के तहत किसानों को बर्बाद करने का षड्यंत्र इस सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द धान की खरीद को शुरू कारवाई जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी सडकों पर उतरने को मजबूर होगी। हरियाणा की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने प्रदेश में नवगठित भाजपा-जजपा सरकार से दोनों दलों के चुनाव पूर्व आरोपों और घोषणा पत्र पर कार्रवाई करने की समय सीमा बताने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा व दुष्यंत चौटाला ने चुनाव से पहले अनेक चुनावी वायदे किए थे और एक-दूसरे पर अनेक गंभीर आरोप लगाए थे। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि इन दोनों पार्टियों द्वारा लगाए गए आरोपों की जाँच कब होगी और उन चुनावी वायदों को कब तक पूरा किया जाएगा।

### हुड्डा बोले : भाजपा और जजपा बेमेल गठबंधन



**चंडीगढ़।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी राजभवन में दीपावली रविवार के रोज आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां पर मीडिया के पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वैसे, तो पांच साल तक चले हमारी शुभकामनाएं हैं लेकिन यह लंबी चलने वाली सरकार नहीं है क्योंकि बेमेल गठबंधन है। पूर्व सीएम ने कहा कि जजपा नेताओं ने वोटरों के साथ में धोखा कर दिया है, इसीलिए उनके विरुद्ध हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में कड़ी प्रतिक्रिया आ रही है।

### जमीन विवाद में चली गोली, दो घायल

**चंडीगढ।** जीरा के नजदीकी गांव हरदासा में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच गोली चली है। जानकारी के अनुसार गांव में एक पक्की सड़क बनने जा रही थी। उसके साथ लखबीर सिंह नामक एक व्यक्ति का प्लॉट था।इस प्लॉट को लेकर लखबीर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह का रविंद्र सिंह से झगड़ा हो गया। प्राप्त सूचना अनुसार गुस्से में आए रविंद्र सिंह सिंह ने गोली चला दी। अस्पताल से मिली सूचना के अनुसार लवप्रीत कौर प॥ लखबीर सिंह की टांग में गोली के छर्रे लगे और गांव मोहकम वाला के विक्रम सिंह को भी कुछ छर्रे लगे। सिविल अस्पताल जीरा से घायलों को मेडिकल फरीदकोट में रेफर कर दिया गया। इसकी पूरी जानकारी लेने के लिए थाना सदर जीरा में संपर्क किया गया। मुख्य मुंशी ने बताया कि पार्टियों की स्टेटमेंट नहीं ली है। उन्होंने गोली चलने की संभावना को भी रद करते हुए कहा कि हो सकता है कि पटाखे चले हों या गोली चली हो। यह तो स्टेटमेंट लेने के बाद ही बताया जा सकता है।

### दो ट्रकों समेत पकड़े,चार दबोचे

**अमृतसर।** असामाजिक तत्वों खिलाफ शुरू की गई मुहिम के तहत एसपी इन्वेस्टिगेशन जगजीत सिंह वालिया की अगुवाई में सब इंस्पेक्टर बलविंदर ने पुलिस पार्टी समेत बासमती चावल व ट्रक चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को बासमती से भरे दो ट्रकों समेत गिरफ्तार किया है। एसपी डी वालिया ने बताया कि सब इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह कस्बा झब्बाल के गांव पंजवड़ में पुलिस पार्टी समेत गश्त कर रहे थे। इस दौरान गली नंबर 2 लोहारका रोड अमृतसर निवासी सविंद्र सिंह ने बताया कि वह केआरबीएल लिमिटेड हैंडलिंग एजेंट है व उसने ट्रक नंबर एचपी 11-5906 में 947 बोरियां गांव भसोड़ मलेर कोटला जिला संगरूर में भेजने के लिए लोड करवाई थी, जोकि 24 अक्टूबर को धूरी नहीं पहुंची। इसके बाद उसकी तरफ से ट्रक की तलाश करनी शुरू की गई।

# अमृतसर : अफसरों की मोहरें लगा नकली आरसी बनाने वाले पकड़े

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

- 2 युवकों को काबू करके उनसे 7 मोहरें बरामद की

पट्टी पुलिस के नारकोटिक सैल ने गत दिवस नकली मोहरें लगाकर आरसीज बनाने वाले 2 युवकों को काबू करके उनसे 7 मोहरें और 10 नकली आरसीज बरामद की हैं। डीएसपी कमलप्रीत सिंह मंड ने बताया कि सैल के इंचार्ज एसआई सुखराज सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ चौक बाहमनीवाला में नाकेबंदी की थी। इस दौरान एसआई को सूचना मिली कि बाहमनीवाला की ओर से दो युवक मोटरसाइकिल (पीबी46-एन-9426) टीवीएस पर सवार होकर आ रहे हैं। इनके पास गजटेड अफसरों की नकली मोहरें है। इस पर उन्होंने उक्त नंबर वाले मोटरसाइकिल पर सवार दोनों नौजवानों को रोका। तलाशी लेने पर उनकी पेंट की जेबों में से 3 गजटेड अफसरों की मोहरें और आरसीज बरामद हुई। इन्हें ले जाकर जब इनकी दुकान की तलाशी ली गई तो वहां से भी 4 नकली मोहरें और 10 नकली आरसी बरामद हुईं। इनमें 2 मोहरें डीटीओ तरनतारन, एक डीटीओ अमृतसर, दो डाक्टरों की मोहरें और लाइसेंस अथॉरिटी पट्टी से बरामद हुई। युवकों की पहचान जयदीप सिंह और विजय कुमार निवासी चासी पट्टी के रूप में हुई है।


## 29.10.2019 से 02.11.2019 तक पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ

त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों की बढ़ी हुई संख्या के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से पूर्व दिशा की ओर दिनांक 29.10.2019 से 02.11.2019 के बीच निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष रेलगाड़ी सख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 29.10.2019 (मंगलवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04404 | नई दिल्ली | 19:25 | बरौनी | 18:00 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सेवान, छपरा, हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी। |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:55 | पटना जंक्शन | 08:30 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर। |
| 04052 | आनन्द विहार ट. | 11:45 | कटिहार | 12:45 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर कैंट, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया एवं नवगछिया। |
| 82402 | दिल्ली (सुविधा) | 13:30 | मुज़फ्फरपुर | 13:00 | शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे, सिवान, छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर। |
| 82412 | आनन्द विहार ट. (सुविधा) | 07:50 | इलाहाबाद | 17:00 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल एवं फतेहपुर |
| 04074 | नई दिल्ली | 15:30 | वाराणसी | 07:00 | शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं सुल्तानपुर |
| 04010 | आनंद विहार ट. | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली छा., सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुरपटौरी, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, पूर्णियां, अररियाकोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज |
| 04038 | दिल्ली जं. | 20:50 | छपरा | 15:30 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, एवं सीवान जं. |
| 04092 | नई दिल्ली | 09:20 | जयनगर | 11:15 | शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज जं., रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा एवं मधुबनी |
| 04042 | आनन्द विहार | 00:10 | जयनगर | 23:45 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर दरभंगा एवं मधुबनी |
| 04062 | नई दिल्ली | 10:55 | दरभंगा | 10:30 | 2 टियर, 3 टियर वाता. एवं शयन. | कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोण्डा, बक्सर, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, एवं समस्तीपुर |
| 04084 | दिल्ली | 22:40 | पूर्णियाँ कोर्ट | 22:30 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, प. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बेगूसराय, खगड़िया, मांसी, एस बख्तियारपुर सहरसा, दौरम माधेपुरा एवं बनमंखी। |
| 82420 | आनन्द विहार ट. | 12:55 | भुवनेश्वर | 17:45 | 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | कानपुर सेंट्रल, इलाहाबाद, पं. दीन दयाल, उपाध्याय, सासाराम,, गया, कोदरमा, गोमोह, आंद्रा जं. बंकुरा, हिजली, बालासोर, भद्रक एवं कटक |
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 30.10.2019 (बुधवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 82414 | नई दिल्ली (सुविधा) | 00:20 | दरभंगा | 23:45 | शयनयान | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल एवं सीतामढ़ी। |
| 04422 | आनंद विहार ट. | 21:05 | लखनऊ | 06:30 | प्रथम वाता., 2 टियर एवं 3 टियर वाता | गाजियाबाद, मुरादाबाद एवं बरेली |
| 04030 | दिल्ली जं. | 13:45 | मुजफ्फरपुर | 13:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ (एनआर), गोंडा बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, टमकुही रोड, थाबे, सीवान, छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 04034 | आनन्द विहार | 00:10 | जयनगर | 23:45 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर दरभंगा एवं मधुबनी |
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 31.10.2019 (गुरूवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04002 | आनन्द विहार ट. | 18:35 | भागलपुर | 17:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, प. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर एवं सुल्तानगंज। |
| 82404 | नई दिल्ली (सुविधा) | 14:55 | पटना जं. | 08:30 | 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर। |
| 82410 | दिल्ली (सुविधा) | 11:00 | दरभंगा | 08:30 | 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुज़फ्फरपुर एवं समस्तीपुर। |
| 82412 | आनन्द विहार ट. (सुविधा) | 07:50 | इलाहाबाद | 17:00 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल एवं फतेहपुर |
| 04058 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 23:55 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, बेतिया, बापुधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर |
| 04086 | आनन्द विहार ट. | 19:25 | सहरसा | 20:00 | 3 टियर वाता. एवं शयनयान | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी एवं खगड़िया |
| 82416 | आनन्द विहार ट. (सुविधा) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी, सीतापुर कैंट, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार, पूर्णियां, अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज। |
| 04112 | जम्मू तवी (वाया दिल्ली) | 22:10 | कानपुर | 18:55 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अम्बाला कैंट, पानीपत, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, टूंडला, इटावा एवं झींझक |
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 01.11.2019 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04414 | नई दिल्ली | 19:25 | सहरसा | 20:00 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सेवान, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया एवं एस बख्तियारपुर। |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:55 | पटना जंक्शन | 08:30 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन एवं सामा. | कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर। |
| 04052 | आनन्द विहार ट. | 11:45 | कटिहार | 12:45 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर कैंट, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया एवं नवगछिया। |
| 04074 | नई दिल्ली | 15:30 | वाराणसी | 07:00 | शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं सुल्तानपुर |
| 04098 | आनंद विहार ट. | 00:30 | गया | 22:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, प. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी आन सोन |
| 04092 | नई दिल्ली | 09:20 | जयनगर | 11:15 | शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज जं., रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा एवं मधुबनी |
| 04920 | फिरोजपुर कैंट (वाया दिल्ली) | 16:45 | दरभंगा | 10:30 | सामान्य | फरीदकोट, कोट कपूरा, भटिंडा, मानसा, झाखल, जींद, रोहतक, शकूरबस्ती, दिल्ली, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर |
| 82406 | नई दिल्ली | 10:55 | सहरसा | 11:30 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन एवं सामा. | कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया एवं बख्तियारपुर |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 12:45 | भागलपुर | 10:10 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन एवं सामा. | कानपुर सेंट्रल, इलाहाबा जं., प. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामेह जं., कीऊल जं. जमालपुर एवं सुल्तानगंज |
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 02.11.2019 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04046 | आनंद विहार ट. | 23:35 | गोरखपुर | 13:35 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन एवं सामा. | कानपुर, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती |
| 04022 | आनंद विहार ट. | 00:10 | पटना | 17:45 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, कानपुर, इलाहाबाद, प. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04030 | दिल्ली जं. | 13:45 | मुजफ्फरपुर | 13:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ (एनआर), गोंडा बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, टमकुही रोड, थाबे, सीवान, छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 04038 | दिल्ली जं. | 20:50 | छपरा | 15:30 | 2 टियर, 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर छावनी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, एवं सीवान जं. |

इन त्यौहारों के दौरान उत्तर रेलवे, अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से उपरोक्त रेलगाड़ियों सहित 86 जोड़े (कुल 172) रेलगाड़ियाँ चला रही है जो कुल 1121 फेरे लगायेंगी। उपरोक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के अलावा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से उत्तर रेलवे द्वारा अनेक नियमित रेलगाड़ियों में यात्री वहन क्षमता का भी विस्तार किया जा रहा है। यात्री वहन क्षमता की वृद्धि के लिये विभिन्न रेलगाड़ियों में 40 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जा रहे हैं, जो इस अवधि के दौरान कुल 1118 फेरे लगायेंगे। रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली जंक्शन व नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों से और भी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियाँ अल्प सूचना पर चलाई जायेंगी।

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

हमें फॉलो करें

नोट:– यात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ियों के ठहराव आदि जानकारी के लिए रेलवे पूछताछ सं. 139 या नज़दीकी रेलवे स्टेशन पर संपर्क करें अथवा रेलवे की www.enquiry.indianrail.gov.in वेबसाइट देखें।

रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नं. 182

उत्तर रेलवे
www.nr.indianrailways.gov.in

रेलयात्री शिकायत हेल्पलाइन नं. 138

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### यूको बैंक की शाखा से 32 लाख रुपये की लूट



**शिवहर।** बिहार के शिवहर शहर स्थित यूको बैंक की एक शाखा से अज्ञात अपराधी हथियार दिखाकर सोमवार को दिन दहाड़े 32 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि अपराधी की संख्या में छह थे और वारदात को अंजाम देने के लिए दो मोटर साइकिल पर सवार होकर आए थे। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### ट्रेन से कट कर दो महिलाओं की मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा रेलवे स्टेशन पर सोमवार की सुबह रेल पटरी पार करने के दौरान एक ट्रेन से कट कर दो महिलाओं की मौत हो गई। नवादा रेलवे स्टेशन राजकीय रेल थाना आध्यक्ष मातु उरांव थाना ने बताया कि मृत महिलाओं के नाम सदर थाना अंतर्गत नया गांव की निवासी मालती देवी और नारदीगंज थाना अंतर्गत हर नारायणपुर गांव की निवासी चंद्रावती देवी हैं।

### चाचा ने की मासूम के साथ दुष्कर्म की कोशिश

**बांदा।** नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक युवक द्वारा अपनी छह साल की भतीजी के साथ कथित रूप से दुष्कर्म की कोशिश करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नगर पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक मिश्रा ने आज यहां बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र में युवक छोट्टन (21) ने शराब के नशे में अपनी छह साल की भतीजी के साथ सोमवार को दुष्कर्म करने की कोशिश की।

# मथुरा में यमुना का जल पीने से एक श्रद्धालु की मौत, 17 लोग बीमार

*राधारानी ब्रज चौरासी कोस यात्रा के दौरान यमुना जल से आचमन के बाद एक महिला श्रद्धालु की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं करीब 17 पदयात्री बीमार पड़ गए। इस सूचना के बाद प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आनन -फानन में श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी ओर वहीं राजद नेता और लालू यादव के पुत्र तेजप्रताप ने अस्पताल पहुंचकर बीमार लोगों का हाल जाना। और प्रदेश और केंद्र सरकार को जमकर कोसा।*

एजेंसी ▶▶| मथुरा

मथुरा में राधारानी ब्रज चौरासी कोस यात्रा के दौरान यमुना जल से आचमन के बाद एक महिला श्रद्धालु की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं करीब 17 पदयात्री बीमार पड़ गए। इन्हें ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील लाया गया, जहां से छह महिलाओं को जिला संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन रेफर कर दिया गया।

मंगलवार को बरसाना से शुरू हुई राधारानी ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा यात्रा यमुना नदी पार करने के बाद मथुरा जिले के सीमावर्ती गांव जैदपुरा (अलीगढ़) पहुंची। परिक्रमा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। इन लोगों ने रस्सी के सहारे यमुना नदी को पार किया। इस दौरान कुछ महिलाओं ने यमुना का जल पीया था। गांव जैदपुरा में सुबह 11.15 बजे अचानक महिला परिक्रमार्थियों की तबियत बिगड़ने लगी। उल्टी करने के बाद आठ महिला परिक्रमार्थी बेहोश हो गईं। इन सभी महिलाओं को नौहझील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। परिक्रमा में बीमार हुई शांति पात्रा (60 वर्ष) निवासी पश्चिमी बंगाल 24 परगना की मौत हो गई है।

## डॉक्टर ने बताया फूड प्वाइजनिंग



रस्सी के सहारे यमुना पार करते श्रद्धालु।

### सूचना से मचा हड़कंप

उधर, दोपहर को सोशल मीडिया पर एक और खबर फैल गई थी। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु यमुना पार करते वक्त नदी में डूब गए। इसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई। हालांकि प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ग्रामीणों ने इसे अफवाह बताया।

### ये महिलाएं हुईं बीमार

उपचार के बाद अमिका दास (70 वर्ष) व आनंदी दास (60 वर्ष) की तबियत में सुधार हो गया, जबकि गंगा देवी दास (45 वर्ष), सावित्री दास (40 वर्ष), अल्पना दास ( 60 वर्ष), कालिदास (68 वर्ष), कानोन दास (61 वर्ष) व ज्योत्सना दास (25 वर्ष) को जिला संयुक्त अस्पताल रेफर कर दिया।

### बीमार महिलाएं बिहार की निवासी

बीमार महिला परिक्रमार्थी बिहार की रहने वाली हैं। ग्रामीणों से पता चला है कि नाश्ता करने के दौरान इन महिलाओं ने यमुना का पानी पिया था। हालांकि डॉ. पवन शर्मा का कहना है कि दूषित पानी व भोजन के कारण तीर्थयात्रियों को फूड प्वाइजनिंग हुई है। स्थिति नियंत्रण में है।

### श्रद्धालुओं को देख योगी और मोदी सरकार पर बरसे तेजप्रताप

**मथुरा।** राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के पुत्र और बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजप्रताप यादव ने वृंदावन में कथित तौर पर यमुना का पानी पीकर बीमार हुए बिहार के श्रद्धालुओं का हाल देख कर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पर अपना गुस्सा उतारा। दीपावली मनाने के लिए शनिवार को वृन्दावन पहुंचे तेजप्रताप को पता चला कि बरसाना के संत रमेश बाबा की ब्रज चौरासी कोस यात्रा में शामिल कई श्रद्धालु महिलाएं कथित तौर पर यमुना का पानी पीने से बीमार हो गईं हैं इनमें से कुछ का संयुक्त चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। तेजप्रताप ने अस्पताल पहुंच कर उनका हाल जाना और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने बीमार श्रद्धालुओं का हाल देख कर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पर अपना गुस्सा उतारा। उन्होंने आरोप लगाया कि गंगा-यमुना आदि पवित्र नदियों का उद्धार करने का वादा कर केंद्र में काबिज हुई मोदी सरकार ने पांच साल से ज्यादा वक्त गुजर जाने के बाद भी कुछ नहीं किया।

## गोवर्धन पूजा को उमड़ पड़ा श्रद्धा का सैलाब...

**मथुरा।** दीपमालाओं से सुशोभित पर्वतराज शिलाएं और रोशनी से नहाई मानसीगंगा की शोभा देखकर रविवार को दिव्यता में भव्यता का अद्भुत समावेश देखने को मिला, मानो आसमान के सितारे जमीं पर उतर कर तलहटी को खूबसूरती प्रदान कर रहे हों। गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा आस्था का जन सैलाब देसी-विदेशी संस्कृति को एक सूत्र में पिरो रहा है। दीपावली के दूसरे दिन सोमवार को गोवर्धन समेत इस पूरे धार्मिक नगरी में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव की धूम है। गोवर्धन के सभी प्रमुख मंदिरों मे श्रद्धालुलो की भीड़ है। इस मौके पर गोवर्धन की तलहटी में हर ओर श्रद्धालु ही नजर आ रहे है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली आदि विभिन्न प्रदेशों के अलावा विदेशी भक्त गिरिराजजी का अन्नकूट भोग लगाने आये हैं। हर ओर एक ही आवाज-श्री गिरिराज महाराज की जय। अनेक श्रद्घालुओं ने सप्तकोसीय परिक्रमा भी लगाई।रविवार को दीपदान के अवसर पर मानसीगंगा के घाट दीपों से झिलमिलाते नजर आए। गिरिराज महाराज से महालक्ष्मी की कृपा मांगी। अब सोमवार को मुकुट मुखारविंद मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन है। दानघाटी मंदिर सेवाय भक्त सिर पर अन्नकूट प्रसाद रखकर गोवर्धन महाराज की तरफ बढ़े जा रहे हैं।



बिहार में बेखौफ हुए अपराधी

# अलग-अलग जगह आठ लोगों की हत्या

एजेंसी ▶▶| पटना

दीपावली की रात में भी बिहार में अपराधियों ने कहर बरपाया है। दीपवली की रात राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अपराधियों ने आठ लोगों की हत्या कर दी, जिससे पुलिस और प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। बेगूसराय के सिंघौल थाना क्षेत्र के मचहा गांव में जहां घर में घुसकर अपराधियों ने एक साथ तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी तो वहीं जहानाबाद में राजद नेता के भाई को भी गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया है।

### रंजिश में युवक की हत्या

वहीं, सीवान में भी एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हत्या की ये घटना सीवान के मुफस्सिल थाना स्थित आकोपुर की है, जहां आपसी रंजिश में हुई गोलीबारी में एक युवक की हत्या कर दी गई।

### राजद नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

जहानाबाद के टेहटा ओपी थाना क्षेत्र स्थित देकुली गांव में बेखौफ अपराधियों ने राजद नेता मनोज यादव के भाई अवधेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके साथ ही भागलपुर में भी बेखौफ अपराधियों ने एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी है। ये घटना मकससपुर गांव की बताई जा रही है। हत्या की एक अगली घटना पटना की है जहां पटना सिटी इलाके से एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे से बरामद किया गया है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

लहेरियासराय थाना क्षेत्र के कॉमर्शियल चौक पर सोमवार को आपसी रंजिश में हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। गंभीर स्थिति में परिजन उसे इलाज के लिए डीएमसीएच पहुंचे। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इधर, परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही लाश को लेकर निकल गए। मृतक की पहचान स्थानीय विश्वनाथ प्रसाद के पुत्र दुकानदार नवीन कुमार उर्फ चित्रगुप्त के रुप में की गई है। बताया जाता है कि नवीन की चौक पर ही गैस चूल्हा की दुकान है। वह आज अपने दुकान के बाहर खड़ा था। इसी दौरान चार-पांच की संख्या पर पहुंचे नकाबपोशों ने बगल के जोंटी सिंह की दुकान में घुसकर मारपीट की। इसके बाद दोनों तरफ से फायरिंग हुई, जिसमें एक गोली नवीन के सीने में लग गई। जबकि जोंटी के सर में गंभीर चोट आई है। वह आरबी मेमोरियल में भर्ती है।

सूचना मिलते ही एसएसपी बाबूराम सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, नकाबपोश हथियार लहराते फरार हो गए। इधर, जोंटी को गिरफ्तार कर लिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने तोड़फोड करते सड़क जाम कर दिया।

### एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के सिंघोल थाना अंतर्गत मचहा गांव में एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की रात अपने बड़े भाई, उनकी पत्नी और पुत्री की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश कुमार ने सोमवार को बताया कि मृतकों के नाम कुणाल सिंह (50), उनकी पत्नी कंचन देवी (45) और पुत्री सोनम कुमारी (17) हैं। उन्होंने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल भेज दिया गया है। राजेश ने बताया कि आरोपी विकास सिंह इस वारदात के बाद से फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में अपने चाचा चाची की हत्या कर चुका विकास डकैती के एक मामले में हाल ही जमानत पर जेल से बाहर आया था।

## राशिफल 29 अक्टूबर, 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : नौकरी तलाश रहे हैं तो इंतजार करना होगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएं। सहकर्मी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। प्रॉपर्टी के लिए अच्छा खरीदार मिल सकता है। **शुभ अंकः** 2, **रंग** : सफेद।

**वृषः** आफिस में दिन अच्छा बीतने वाला है। परिजन आपको सरप्राइज दे सकते हैं। यात्रा के अंत में थका हुआ महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी बिजनेस सामान्य रहेगा। **शुभ अंकः** 7, **रंगः** चॉकलेट।

**मिथुनः** कार्यक्षेत्र में बदलाव लाने का समय है। घर के बुजुर्ग के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। प्रॉपर्टी को खरीदते या बेचते वक्त सतर्क रहें। दोस्तों संग आउटिंग पर जा सकते हैं। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** डार्क ग्रीन।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र में दिन परेशानी से भरा होगा। घर में चल रहा मसला परेशान करेगा। आपकी छुट्टियां यादगार रहने वाली हैं। प्रॉपर्टी के मामले में धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं। **शुभ अंकः** 17, **रंगः** मेटालिक ब्लू।

**सिंहः** आपके विचारों पर सवाल खड़े हो सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में आप लाइम लाइट में रहेंगे। विदेश यात्रा का योग बन रहा है। प्रॉपर्टी बेचने का निर्णय लाभकारी सिद्ध होगा। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** डार्क ग्रे।

**कन्याः** ईमानदार व्यक्ति के काम पर शक न करें। पुराने दोस्तों के साथ मिलना दिलचस्प रहेगा। दूर के रिश्तेदार के घर जा सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े मसले पर जानकार की सलाह लें। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** गोल्डन ब्राउन।

**तुलाः** आफिस में किसी टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। आज के दिन आपका मूड बदलता रहेगा। नया वाहन खरीदने का योग बन रहा है। प्रॉपर्टी से जुड़े पुराने विवाद पर विचार करें। **शुभ अंकः** 18, **रंग** : पर्पल।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र में अपनी जगह मजूबत बनाएंगे। फैमिली फंक्शन को होस्ट कर सकते हैं। प्लान किये हुए ट्रिप की तारीख बदल सकती है। प्रॉपर्टी बेचने के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंकः** 15, **रंग** : क्रीम।

**धनुः** कार्यक्षेत्र में काम से आपकी पहचान बनेगी। घर में खुशियां लाने की जिम्मेदारी आपकी है। रोमांचक सफर पर निकल सकते हैं। प्रॉपर्टी बिज़नेस से जुड़े लोगों को फायदा होगा। **शुभ अंक** : 2, **रंगः** स्काई ब्लू।

**मकरः** नई नौकरी में ज्यादा जिम्मेदारी मिलेंगी। परिवार में चल रहे मतभेद को जल्द मिटाएं। यात्रा को लेकर चिंतित रहे सकते हैं। प्रॉपर्टी खरीदने में जल्दबाजी न करें। **शुभ अंक** : 11, **रंगः** केसर।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र में आपको उम्मीद से ज्यादा मिलेगा। बाहरी लोगों की वजह से पारिवारिक जीवन न बिगाड़े। यात्रा पर निकल सकते हैं। प्रॉपर्टी के मामले में मार्गदर्शन की जरूरत है। **शुभ अंक** : 4, **रंगः** पर्पल।

**मीनः** सीनियर्स आपके काम की जांच कर सकते हैं। घर में शांत रहने की कोशिश करें। लंबे समय तक बाहर रहने से अकेला महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लोन का समय पर भुगतान करें। **शुभ अंक** : 3, रंग : लेमन।

**:टिप्स:**

1. अपने बिस्तर के नीचे कुछ भी नहीं रखें अन्यथा उससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक उर्जा आपको चैन से सोने नहीं देगी ।
2. लाल रंग के लिफाफे में चावल के दानें भरकर उसे रसोई में किसी जगह रख दें। ऐसा करने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी।
3. चूल्हे के बगल में एक दर्पण टांगें। इससे आपकी आमदनी भी प्रभावित हो सकती है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

*बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने कबूला*

## कितनों को मारा, याद नहीं, भोला को भी नहीं छोड़ूंगा

**पटना।** बिहार के बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने कबूला है कि ठेकेदारी में पार्टनर रहे भोला सिंह और उसके भाई मुकेश की हत्या की साजिश उनके ही इशारे पर रची गई है। अनंत सिंह ने मामले में दायर की गई चार्जशीट में यह बात कबूल की है और कहा है कि भोला ठेकेदारी में उनका पार्टनर था। दोनों के बीच टेंडर के मुनाफे के दो करोड़ की राशि को लेकर विवाद हो गया।



अनंत सिंह ने बताया है कि उनका भोला सिंह से विवाद चल ही रहा था कि 2015 में वो जेल चले गए। इस बीच भोला ने उनकी चार एके 47 बंदूकें रख ली। कई बार मांगने के बाद भी भोला ने उनकी एके 47 नहीं लौटाई। इस वजह से दोनों के बीच दुश्मनी बढ़ती चली गई। अनंत सिंह ने कहा है कि मैंने भोला को कई बार मरवाने की कोशिश की है और उसे मरवा कर ही दम लूंगा। मैं अपने दुश्मन को छोड़ता नहीं हूं। अबतक कितनों को मारा, मुझे याद नहीं।

# मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहा, अयोध्या पर न्यायालय के फैसले का सम्मान करेंगे

एजेंसी ▶▶| मेरठ

अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने से पहले मेरठ पुलिस द्वारा बुलाई गई एक बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि वह न्यायालय के फैसले का सम्मान करेंगे।

एसएसपी अजय साहनी ने सोमवार को बताया कि शनिवार को उन्होंने मुस्लिम धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ बैठक की जिसमें अयोध्या मामले में कोई भी फैसला आने के बाद अमन-चैन बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस लाइन सभागार में हुई इस बैठक को पुलिस की यह अच्छी पहल बताते हुए शहर काजी प्रो. जैनुस साजिद्दीन ने कहा कि न्यायालय के फैसले को स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा प्रयास नहीं किया जाना चाहिए, जिससे शहर की फिजा खराब हो। प्रो साजिद्दीन ने कहा कि जिले में शांति समितियां बनाई जाएंगी जो अमन कायम रखने का संदेश देंगी। मौलाना कारी शफीकुर्रहमान ने कहा कि अभी मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बैठक की गई है तथा दूसरे समुदाय के लोगों के साथ बैठक होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय का फैसला स्वीकार होगा और शहर का माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा।

### लोगों को जागरूक करेंगी समितियां

एसएसपी साहनी ने बताया कि अमन कायम रखने के लिए जिले में समितियां बनाई जाएंगी जो लोगों को जागरूक करेंगी। साथ ही मस्जिदों से भी अमन कायम रखने का ऐलान किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिये माहौल खराब करने की आशंका को देखते हुए सोशल मीडिया की निगरानी के लिए चार टीमें बनाई हैं। साथ ही पुलिस एक व्हाट्स एप ग्रुप बनाकर लोगों से तालमेल बढ़ाएगी और गांव गांव में शांति समितियां गठित होंगी। इन शांति समितियों में एसएसपी, शहर काजी सहित प्रमुख लोग शामिल रहेंगे।

### बयानबाजी अनुचित, करें निर्णय का इंतजार: कल्याण

**अलीगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने कहा है कि अयोध्या में विवादित स्थल के मसले पर अदालत के निर्णय का इंतजार किया जाना चाहिये और अभी इस मुद्दे पर कोई भी टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि सभी को उच्चतम न्यायालय के निर्णय का इंतजार करना चाहिए और किसी भी पक्ष की ओर से उससे पहले कोई भी बयान दिया जाना उचित नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री से पूछा गया था कि कुछ वरिष्ठ भाजपा नेता अयोध्या में विवादित स्थल पर मालिकाना हक को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा निकट भविष्य में अपना निर्णय दिए जाने की संभावना के मद्देनजर मंदिर निर्माण के बारे में बयान दे रहे हैं। कल्याण सिंह राम मंदिर आंदोलन के नेतृत्वकर्ताओं में शुमार किए जाते रहे हैं। वह 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के वक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।



## चोरी के इरादे से घुसे युवक की कुएं में गिरकर मौत

**बांदा।** बांदा जिले के बिसंडा क्षेत्र में घर में घुसे एक चोर की आंगन में बने कुएं में कथित रूप से गिर जाने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अकौना गांव में रेखा नामक महिला के घर के आंगन में बने कुएं से रविवार की सुबह इसी गांव के ही रहने वाले युवकों ठोकिया उर्फ सुनील (28) और करन लोधी (29) को बाहर निकाला गया। उस वक्त तक ठोकिया की मौत हो चुकी थी। रेखा ने बताया कि दोनों युवक तड़के करीब तीन बजे उसके घर चोरी की नीयत से घुसे थे, लेकिन घर के लोगों की नींद खुल जाने पर भागने की कोशिश करते समय दोनों आंगन में बने कुएं में गिर गए।

**आग**




अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को मां हट्टी महारानी मंदिर के पास एक दुकान में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत की।

## पैरोल पर उन्नाव पहुंचे विधायक कुलदीप सेंगर

*सख्त पहरे में छोटे भाई का किया अंतिम संस्कार*



एजेंसी ▶▶| उन्नाव

चर्चित माखी कांड में आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर सोमवार की सुबह परियर घाट पर भाई के अंतिम संस्कार में पैरोल पर पहुंच गए, साथ में दूसरे आरोपी भाई अतुल भी थे। उनके मामलों की पैरवी कर रहे भाई मनोज सिंह की मौत शनिवार रात दिल्ली में हो गई थी। कोर्ट ने उन्हें अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 72 घंटे का पैरोल दिया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परियर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया, यहां उन्नाव सांसद, बिठूर विधायक समेत कई भाजपा नेताओं समेत भारी सुरक्षा बल तैनात रहा।

माखी में युवती से दुष्कर्म मामले में आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और उनके छोटे भाई अतुल सेंगर को तिहाड़ जेल में रखा गया है। उनके सभी मामलों की सुनवाई दिल्ली की अदालत में चल रही हैं, जिनकी पैरवी उनके छोटे भाई मनोज सिंह सेंगर उर्फ लंकेश कर रहे थे। इसके चलते वो दिल्ली में ही रह रहे थे। शनिवार की रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई थी। इसपर उन्हें दिल्ली के अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

## झारखंड: पलामू में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत

**पलामू।** पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबियाखांड -बेतला रोड डीएवी कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सतबरवाथाना पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये सोमवार को पलामू मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर भेज दिया गया है। बताया गया कि तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर चियांकी से बरवाडीह अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी क्रम रास्ते में भुसड़या के समीप डीएवी कॉलेज के तीखे मोड़ पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलाश के पेड़ से जा टकराई। इस में तीनों युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक तीनों युवक की पहचान मेदनीनगर सदर थाना क्षेंत्र के चियांकी के भीमगाडा के पछियारा टोला के राजेंद्र भुईया (19) पिता महेश राम , मिथुन राम (21) पिता प्रदेशी भुईयाव ,रवि कुमार (15) पिता उदेश भुईया के रूप मे की गई है। मृतक राजेंद्र राम के पिता महेश राम ने बताया कि उनका पुत्र अपने दोनो साथियों के साथ अपने बीमार मामा को देखने के लिए बरवाडीह जा रहा था। मौत के बाद गांव में मातम का माहौल है। मृतक के पिता शव को देखते ही विचलित हो गये।

## खबर संक्षेप



### पीडीपी नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष महबूबा से मिलने की इजाजत मांगी

जम्मू। पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने श्रीनगर में हिरासत में बंद पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती से मिलने के लिये प्रशासन से नए सिरे से अनुमति मांगी है। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। राज्यपाल प्रशासन की तरफ से पूर्व में पीडीपी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल को पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने की इजाजत दी गई थी लेकिन पार्टी ने दौरे को लेकर दल में गंभीर मतभेद के बाद इसे टाल दिया था। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पर्व विधायक वेद महाजन ने कहा वरिष्ठ पीडीपी नेताओं ने मुलाकात की और संबंधित अधिकारियों से पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात के लिये नए सिरे से इजाजत मांगने का फैसला किया। इसी के अनुरूप श्रीनगर के उपायुक्त को एक पत्र भेजा गया है जिसमें जम्मू स्थित नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को 30 अक्टूबर को मुफ्ती से मिलने की इजाजत देने का अनुरोध किया गया है।

### गोवा के सभी 22 औद्योगिक इस्टेट शराब मुक्त



पणजी। गोवा के उद्योग मंत्री विश्वजीत राणे ने कहा है कि प्रदेश के सभी औद्योगिक संभागों को श्रमिकों के लिए सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शराब मुक्त कर दिया गया है । राज्य में 22 औद्योगिक संभाग (इंडस्ट्रियल इस्टेट) हैं जो गोवा औद्योगिक विकास निगम के नियंत्रण में है । राणे ने ट्वीट कर कहा जनहित में तथा हमारे श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मैने औद्योगिक संभागों को शराब मुक्त बनाने से जुड़ी फाइल को मंजूरी दे दी है । हमारे श्रमिकों की सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में हम कदम उठायेंगे।

### कोच्चि जल मेट्रो परियोजना को केंद्र से पर्यावरण मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कोच्चि में 819 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली कोच्चि जल मेट्रो परियोजना को पर्यावरण मंजूरी प्रदान कर दी है। इस परियोजना का लक्ष्य कोच्चि के आसपास के द्वीपों को मुख्यभूमि से जोड़ना है। पर्यावरण मंत्रालय की आकलन समिति के इस प्रस्तावित परियोजना पर गौर करने के बाद मंत्रालय ने इसे अंतिम मंजूरी दे दी। कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड केंद्र और केरल सरकार का संयुक्त उपक्रम है। प्रस्तावित परियोजना को अमलीजामा पहनाने का काम इसे ही करना है। प्रस्ताव के अनुसार 15 मार्ग इस परियोजना के दायरे में आएंगे जो कोच्चि के आसपास 78.2 किलोमीटर के जल क्षेत्र में फैले 10 द्वीपों और 38 टर्मिनलों को जोड़ेंगे।

### तेलंगाना में आरटीसी की हड़ताल 24वें दिन भी जारी



हैदराबाद। तेलंगाना में टीएसआरटीसी कर्मचारियों की हड़ताल 24वें दिन भी जारी है और उनके समर्थन में दो दिन पहले अनिश्चितकालीन उपवास पर बैठे भाकपा के पूर्व विधायक के सम्बासिवा राव को तबीयत बिगड़ने के कारण पुलिस ने यहां एक सरकारी अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने कहा कि शनिवार को उपवास शुरू करने वाले राव का रक्तचाप और मधुमेह का स्तर गिर गया था, जिसके चलते उन्हें सोमवार तड़के सरकार द्वारा संचालित निजाम आयुर्विज्ञान संस्थान (एनआईएमएस) में भर्ती कराया गया।

## महाराष्ट्र में सीएम पद पर रार

# शिवसेना की बयानबाजी पर भाजपा हाईकमान नाराज

एजेंसी ▶▶ महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में लगातार मुख्यमंत्री पद पाने के लिए कड़े लहजे में बात कर रही शिवसेना को लेकर अब भाजपा ने भी कठोर रूख अपनाने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक अब भाजपा हाईकमान ने शिवसेना की बयानबाजी पर नाराजगी जताई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नतीजों में भाजपा -शिवसेना गठबंधन ने बहुमत के आंकड़ें को पार तो कर दिया है लेकिन राज्य का सीएम कौन होगा इसको लेकर अभी तक तस्वीर साफ नहीं है। सीएम पद को लेकर सस्पेंस बरकरार है। इस बीच शिवसेना लगातार भाजपा को 50-50 फॉर्मूला याद दिला रही है और अपने मुखपत्र सामना के जरिए भाजपा को निशाने पर भी ले रही है। सूत्रों के मुताबिक अब भाजपा के हाईकमान ने इस पर नाराजगी जताई है। इतना ही नहीं सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने शिवसेना को हिदायत देते हुए कहा कि सरकार बनाने को लेकर अगर चर्चा करनी है तो वह सामना के जरिए आग उगलना बंद करे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो किसी तरह की कोई चर्चा नहीं होगी। उधर सीएम पद को लेकर जारी सस्पेंस के बीच देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना नेता दिवाकर राउते ने राज्य के राज्यपाल से अलग-अलग मुलाकात की।



### शाह कल कर सकते हैं शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुलाकात



वहीं भाजपा के अध्यक्ष अमित शाह 30 अक्टूबर को शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर सकते हैं। दरअसल शिवसेना मुख्यमंत्री पद की मांग को लेकर अड़ी हुई है। उद्धव ठाकरे ये कह चुक हैं कि लोकसभा चुनाव के समय बीजेपी और शिवसेना में 50-50 का फॉर्मूला तय हुआ था। इसके तहत ढाई साल बीजेपी और ढाई साल शिवसेना का सीएम होगा।

## कुमारस्वामी का भाजपा के पक्ष में बयान

# कांग्रेस ने कहा- सांप्रदायिक ताकतों का साथ घातक होगा



बेंगलुरु। जनता दल-सेक्युलर (जेडीएस) नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी द्वारा राज्य में भाजपा सरकार को समर्थन दिए जाने की कांग्रेस ने ती खी आ लो च ना की है। विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों का समर्थन करना घातक साबित होगा। इससे पहले, कुमारस्वामी ने रविवार को कहा था कि वह राज्य में बीएस येदियुरप्पा सरकार को गिरने नहीं देंगे और विपक्ष की मध्यावधि चुनाव कराने की मंशा को पूरा नहीं होने देंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रति समर्पण का भाव दिखा कर जेडीएस नेता सांप्रदायिक ताकतों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कुमारस्वामी पहले भी सांप्रदायिक भाजपा के समर्थन से सरकार बना चुके हैं इसलिए मुझे उनके बयान से कोई आश्चर्य नहीं हो रहा है। जेडीएस नेता का असली रंग फिर सामने आ गया।

### जद(एस) का झंडा थाम कर शिवकुमार ने खड़ा किया विवाद



बेंगलुरु। धन शोधन मामले में जमानत मिलने के बाद दिल्ली से यहां लौटने पर जद(एस) का झंडा पकड़ने को लेकर कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार को उनकी पार्टी के कुछ नेताओं की आलोचना झेलनी पड़ी है। शिवकुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया था और वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद थे। वह शनिवार को यहां लौटे। वापसी पर उनका जोरदार स्वागत हुआ, जहां उनका इंतजार कांग्रेस नेताओं के अलावा जद(एस) के लोग भी कर रहे थे। वह जब फूलों से सजी गाड़ी में जुलूस में चल रहे थे उसी दौरान जद(एस) कार्यकर्ता ने कांग्रेस नेता को अपनी पार्टी का झंडा दिया जिसे उन्होंने स्वीकार किया, कुछ देर लहराया और फिर उसे कार्यकर्ता को वापस कर दिया। घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यहां तक की सोशल मीडिया में एक और वीडियो चल रहा है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता सिद्धरमैया निजी बातचीत में शिवकुमार की आलोचना कर रहे हैं।

# भारत ने पाक को कड़ा सबक सिखाने की तैयारी शुरु की

नई दिल्ली. ब्यूरो। भारत ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटाए जाने के बाद से बौखलाए पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने की तैयारी करना शुरु कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र सेनाओं के तीनों प्रमुखों जनरल बिपिन रावत, एयरचीफ मार्शल आर.के.एस भदौरिया और एडमिरल करमबीर सिंह के साथ रक्षा मंत्रालय में एक अहम सुरक्षा समीक्षा बैठक की है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इसमें जम्मू-कश्मीर में सीमा पर बने हुए मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच सेनाओं की युद्धक तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। इसके अलावा धारा-370 को हटाए जाने के बाद भी नहीं बदले पाकिस्तानी रूख, कश्मीर घाटी से लेकर नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम समझौते का उल्लंधन कर भारतीय सेना की चौकियों और आम नागरिक आबादी की रिहाइश पर लगातार की जा रही भीषण गोलीबारी की घटनाओं का सख्त अंदाज में जवाब देने के लिए मजबूत रणनीति की रूपरेखा बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।



■ तीनों सेनाओं के प्रमुखों संग रक्षा मंत्री ने बैठक कर दिए ठोस रणनीति बनाने के निर्देश

# एनसीपी नेता धनंजय मुंडे का फ्लैट जब्त

## नहीं चुकाया 70 लाख का लोन

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में एनसीपी के नेता धनंजय मुंडे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। पुणे में उनके मकान को जब्त कर लिया गया है। धनंजय मुंडे के फ्लैट को शिवाजीराव भोसले सहकारी बैंक ने 70 लाख रुपये के ऋण का भुगतान न करने की वजह से जब्त किया। इसपर धनंजय मुंडे ने कहा कि मैंने चुनाव से पहले बैंक के अधिकारियों से कहा था कि मैं चुनाव में व्यस्त हूं और चुनाव के बाद मामला सुलझाऊंगा। मैं कल फैसला करूंगा कि कार्रवाई पर क्या करना है।



### जयशंकर और निकारागुआ के विदेश मंत्री के बीच मुलाकात, संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में दोबारा अपना दूतावास खोलने के निकारागुआ के फैसले का सोमवार को स्वागत किया और देश के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के कदमों पर चर्चा की। मध्य अमेरिकी देश के विदेश मंत्री डेनिस मोनकाडा कोलिंड्रस 27 से 29 अक्टूबर तक भारत यात्रा पर हैं।

## विभिन्न विमान कंपनियों और हवाईअड्डों के 13 कर्मचारी शराब परीक्षण में विफल

# सभी कर्मचारियों को तीन माह के लिए निलंबित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। एयरपोर्ट पर अक्सर दुर्घटनाएं घटती हैं, लेकिन इसकी तह तक शायद ही पहुंचा जाता है। आमतौर पर इन घटनाओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन डीजीसीए की बेथ एनालाइजर (बीए) जांच में इन घटनाओं के असली कारणों का पता चल जाता है। विभिन्न विमान कंपनियों और हवाईअड्डों के 13 कर्मचारी 16 सितंबर के बाद से शराब परीक्षण में विफल पाए गए हैं। सभी को तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) के अधिकारी ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इसमें सात कर्मचारी इंडिगो के और एक-एक गोएयर और स्पाइस जेट के हैं। चिंताजनक बात यह है कि एयरलाइंस तथा एयरपोर्ट्स के इन 13 कर्मचारियों में 5 ड्राइवर शामिल हैं। इन पांचों ड्राइवर्स में से चार इंडिगो के और एक स्पाइसजेट एयरलाइन के हैं। डीजीसीए के चीफ अरुण कुमार ने कहा वालंटरी फेज में लगभग 13 कर्मचारियों को बीए (ब्रेथ एनालाइजर) टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया है।



- सात कर्मचारी इंडिगो के और एक-एक गोएयर और स्पाइस जेट के हैं
- एयरलाइंस तथा एयरपोर्ट्स के इन 13 कर्मचारियों में 5 ड्राइवर शामिल हैं
- पांचों ड्राइवर्स में से चार इंडिगो के और एक स्पाइसजेट के हैं

## बोरवेल में बेहोश हुआ 2 साल का सुजीत

# चल रही है सांस, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

तिरुचिरापल्ली। तमिलनाडु के त्रिची में तीन दिन से बोरवेल में फंसे 2 साल के बच्चे को बचाने के लिए बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों के मुताबिक बच्चा बोरवेल में बेहोश हो गया है, हालांकि उसकी सांसें अब भी चल रही हैं। दूसरी ओर बच्चे को बचाने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, राज्य पुलिस और स्थानीय प्रशासन की कई टीमों को लगा दिया गया है। राजस्व आयुक्त के मुताबिक बच्चे तक पहुंचने के लिए करीब 40 मीटर का गड्ढा खोद लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक 2 साल का मासूम पहले 26 फीट गहरे गड्ढे में गिरा था, लेकिन अचानक वह 70 फीट तक की गहराई तक फिसल गया। अधिकारी पूर्व में उसे रस्सी की मदद से निकालने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन बाद जब सफलता नहीं मिली तो बोरवेल के समानांतर एक मीटर चौड़ी सुरंग बनाने का काम शुरू किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के बीच ही रविवार को तमिलनाडु के डेप्युटी सीएम ओ. पन्नीरसेल्वम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चे के परिजन से मुलाकात भी की थी।

### बच्चे की सलामती के लिए कर रहा हूं प्रार्थना : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में शुक्रवार से बोरवेल में फंसे हुए तीन वर्षीय सुजीत की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि बच्चे को बचाने का हरसंभव प्रयास चल रहा है। मोदी ने कहा कि उन्होंने बचाव प्रयासों के बारे में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ई के पलानीस्वामी से बात की है। प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर कहा मेरी दुआएं नन्हे बहादुर सुजीत विल्सन के साथ हैं।

### राहुल ने भी की सलामती की दुआ



राहुल गांधी ने भी उसकी सलामती की दुआ की तमिलनाडु में सुजीत नाम के इस बच्चे के बोरवेल में गिरने की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी उसकी सलामती की दुआ की है। दूसरी ओर प्रदेश सरकार लगातार स्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं। सुजीत को रेस्क्यू करने के लिए मौके पर राज्य सरकार के कई बड़े अधिकारी मौजूद हैं। इसके अलावा तमिलनाडु सरकार के मंत्रियों को भी मौके पर भेजा गया है।

### रणनीतिक भागीदारी परिषद् पर समझौते से भारत-सऊदी अरब संबंध होंगे मजबूत : पीएम

नई दिल्ली। सऊदी अरब की अपनी यात्रा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि रणनीतिक भागीदारी परिषद् की स्थापना से दोनों देशों के बीच संबंधों में और मजबूती आएगी। प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद के आमंत्रण पर रियाद में आयोजित तृतीय 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव फोरम' के पूर्ण सत्र में शामिल होने आज रात सऊदी अरब रवाना हो रहे हैं। मोदी अपनी यात्रा के दौरान सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ मंगलवार को द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री ने यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा मैं सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान से भी मिलूंगा और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों तथा पारस्परिक हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करूंगा।

## मुलाकात...



नई दिल्ली में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को बधाई दी।

## अत्यधिक वर्षा से कपास और मक्के की फसलों को नुकसान

# औरंगाबाद के किसानों ने नहीं मनायी दिवाली

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में मक्का और कपास किसानों ने मानसून के बाद की भारी वर्षा में अपनी फसलें नष्ट हो जाने के कारण इस साल दिवाली नहीं मनायी। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि करीब-करीब सालभर शुष्क रहने वाले मराठवाड़ा क्षेत्र के इस जिले में वैसे तो मानसून के दौरान बहुत कम बारिश हुई लेकिन पिछले एक सप्ताह में यहां खूब वर्षा हुई है। सोयेगांव तालुका के किसान ईश्वर सपकाल ने कहा पिछले साल कीटें हमारी 60-70 फीसदी कपास की फसलें खा गयीं। इस साल अत्यधिक वर्षा से कपास और मक्के दोनों ही फसलों को नुकसान पहुंचा। अब केवल 10 से 15 फीसदी फसलों की कटाई हो सकती है। कृषि मित्र सपकाल ने कहा जलभराव और नष्ट फसलों से दुर्गंध आने के कारण हम अपने खेतों में नहीं जा सकते। यह लगातार दूसरा साल है कि हम नुकसान उठा रहे हैं। हमने इस साल दिवाली नहीं मनायी है। उन्होंने कहा कि कृषि मजदूर भी नुकसान हो चुकी फसलों की कटाई के लिए तैयार नहीं है। एक अन्य किसान ने कहा पूरे जिले में सभी जगह यही हाल है। सोगांव तालुका में करीब 25 फीसदी कृषि क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। उसने कहा हम बस दस से बीस फीसदी कपास बचा पाये हैं लेकिन इस क्षतिग्रस्त फसल का बाजार भाव 2000 रुपये प्रति क्विंटल है ।



■ अब केवल 10 से 15 फीसदी फसलों की कटाई हो सकती है

### बेमौसम बारिश से नुकसान झेलने वाले किसानों को सरकार राहत प्रदान करेगी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव को कहा कि वह जल्द से जल्द बेमौसम बारिश के कारण फसलों को पहुंचे नुकसान का आकलन शुरु करें ताकि किसानों को तत्काल राहत प्रदान की जा सके। पिछले कुछ दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में मॉनसून बाद की भारी वर्षा ने फसलों को जबरदस्त नुकसान पहुँचाया और निचले इलाके वाले खेतों में जलभराव हो गया। हालात की गंभीरता के मद्देनजर फडणवीस ने फसल को पहुंची क्षति का आकलन जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने ट्वीट किया कि फड़णवीस ने मुख्य सचिव को राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश से प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत प्रदान करने का निर्देश दिया। पिछले कुछ दिनों में हिंगोली, परभणी, औरंगाबाद और जलगाँव जिलों में भारी बारिश हुई है।

### असम में जलस्तर बढ़ जाने से कई ट्रेनें रद्द

गुवाहाटी। असम में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के बोकजान और चोंगजान रेलवे स्टेशनों के बीच जलस्तर बढ़ जाने के कारण कई ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया या उन्हें रद्द कर दिया या गंतव्य से पहले ही उन्हें रोक दिया गया। एनएफआर ने अपनी एक विज्ञप्ति में कहा कि इलाके में वर्षा के बाद जलस्तर बढ़ने से रविवार से ट्रेनों का परिचालन पर असर पड़ा। इसके फलस्वरूप सोमवार से कई ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया या उन्हें रद्द कर दिया। विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार को 12086 डिब्रूगढ़-गुवाहाटी शताब्दी एक्सप्रेस, 15968 डिब्रूगढ़-रांगिया इंटरसिटी एक्सप्रेस, 55904 मारियानी-दीमापुर पैसेंजर, 55902 तिनसुकिया-लुमडिंग पैसेंजर, 12088 गुवाहाटी-नाहरलागुन शताब्दी एक्सप्रेस, 55903 दीमापुर-मारियानी पैसेंजर ट्रेनें रद्द कर दी गयीं।



# कोलकाता में पटाखे जलाते समय पांच वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत

कोलकाता। पटाखे जलाते समय शहर में हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच वर्षीय एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार रात दिवाली पर पटाखे जलाने के दौरान विस्फोट होने से शहर के हरिदेवपुर इलाके में पांच वर्षीय आदि दास और कस्बा इलाके में 40 वर्षीय दीप कुमार कोली की मौत हो गयी। उन्होंने कहा दोनों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण काफी रक्तस्राव हो जाने से दोनों की हालत बहुत गंभीर हो गई थी।। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोली के दो भाइयों से बात की। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया कि बनर्जी ने शहर के पुलिस आयुक्त अनुज शर्मा के साथ भी बात की है और उन्हें यह पता लगाने के निर्देश दिए हैं कि वे पटाखे कहां से खरीदे गए थे। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री ने दोनों मौतों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### पटाखा दुकान में आग, तीन की मौत

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में दीपावली की रात पटाखा दुकान में आग लगने से दुकान मालिक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। कोंडागांव जिले के पुलिस अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के माकड़ी गांव में पटाखा दुकान में आग लगने से काशी सेन, बलराम नेताम और शिवलाल श्रीमाली की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माकड़ी गांव के बाजार में काशी सेन ने पटाखे की दुकान लगाई थी। उसके दो मित्र बलराम नेताम और शिवलाल उसकी मदद कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे दुकान में अचानक आग लग गई और पटाखा होने की वजह से तत्काल पूरी दुकान से लपटें निकलने लगीं।

चिंतन

# बगदादी संग आतंक के एक युग का अंत

कट्टर इस्लामिक आतंकी गुट आईसिस के सरगना अबु बकर अल-बगदादी का मारा जाना वैश्विक आतंकवाद के खात्मे की दिशा में एक और कदम है। अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई में बगदादी को मारकर एक तरह से आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईसिस) को अंत के कगार पर ला दिया है। आईएस के नाम से कुख्यात आईसिस की कमर इराक के मोसूल शहर से बगदादी के कब्जे का अंत कर पहले ही तोड़ दी गई थी। उसके बाद से आईसिस की आतंकियों गतिविधियों में कमी आई थी। बगदादी इराक के तानाशाह रहे सद्दाम हुस्सैन की तरह सीरिया के सुदूर स्थित इदलिब प्रांत में एक गुफा में छुपा था। सद्दाम भी अपने अंतिम समय में इराक में एक गुफा में छिपा था और अमेरिका ने उन्हें ढूंढ़ निकाला था। अमेरिकी सैनिक से घिर जाने के बाद बगदादी ने खुद को उड़ा लिया। इससे पहले अमेरिकी सैनिक ने अलकायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के सैन्य क्षेत्र एबटाबाद में मौत के घाट उतारा था। ओसामा के अंत के बाद अलकायदा के विस्तार पर ब्रेक लगा था। अब बगदादी के जाने के बाद उम्मीद है आईसिस खत्म हो जाएगा, हालांकि इस आतंकी गुट ने अपने नए सरगना के नाम अब्दुल्ला करदाश का ऐलान कर दिया है। बगदादी ने 2014 में खुद को इराक और सीरिया का खलीफा घोषित किया था। उसने 2013 में आईसिस का गठन किया था। अमेरिका ने बगदादी पर 2.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। उसके कई बार मारे जाने की खबरें आईं। बगदादी के मौत की पहली खबर छह सितंबर 2014 को जारी हुई थी। इससे कुछ समय पहले ही आईसिस ने ब्रिटिश पत्रकार का गला काटने का वीडियो जारी किया था। इसी घटना से वह खूंखार आतंकी के रूप में सामने आया था। 13 नवंबर 2014 को बगदादी का एक ऑडियो संदेश जारी हुआ जिसने उसकी मौत को लेकर किए जा रहे दावों को झूठा साबित कर दिया। बगदादी के दूसरी बार मरने की खबर 27 अप्रैल 2015 में आई, लेकिन जुलाई 2015 में बगदादी को फिर देखा गया। तीसरी बार 12 अक्टूबर 2015 और चौथी बार नौ जून 2016 को बगदादी के मारे जाने की खबरें आई थीं। दोनों बार बगदादी के जिंदा होने की बात सामने आई। इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डीएनए टेस्ट सबूत के आधार के साथ ऐलान किया है कि बगदादी मारा गया है। पश्चिम एशिया को आतंकवाद के चलते हमेशा अशांति व तबाही का सामना करना पड़ा है। अलकायदा के चलते अफगानिस्तान में बेकसूरों के खून बहे, आईएस के चलते सीरिया व इराक के प्रमुख क्षेत्र में भारी खून-खराबा हुआ। अभी हुती, तालिबान जैसे कट्टर इस्लामिक गुट इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। दक्षिण एशिया में भी पाकिस्तान आतंकी गुटों का पनाहगाह बना हुआ है। जैश, लश्कर, तहरीके तालिबान, हक्कानी नेटवर्क, झंगावी आदि समेत 32 से अधिक आतंकी गुट पाक में हैं जो भारत व अफगानिस्तान में आतंकी गतिविधियों में सक्रिय है। ओसामा, बगदादी की तरह ही अन्य आतंकी गुटों के सरगनाओं के खात्मे की जरूरत है। भारत हमेशा कहता रहा है कि विश्व में अगर शांति चाहिए, तो वैश्विक आतंकवाद का सफाया जरूरी है। कई देश नीति के तहत दूसरे देश के आतंकी गुटों को शह देने के साथ मदद मुहैया कराते रहे हैं। इस प्रवृति पर रोक की आवश्यकता है। बहुध्रुवीय विश्व में अपने-अपने हित साधने के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना संयुक्त राष्ट्र की भावना के विरुद्ध है। अमेरिका आतंकवाद के खात्मे की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, आतंकवाद के खिलाफ हर वैश्विक लड़ाई को भारत हमेशा समर्थन है, लेकिन समान रूप से सभी आतंकी गुटों पर ऐसी कार्रवाई की जरूरत है। केवल चुनिंदा एक्शन से बात नहीं बनेगी। बहरहाल, बगदादी के मारे जाने से आतंक के एक युग का अंत जरूर हुआ है।



व्यंग्य
अशोक गौतम

## अधिकार

पर पता नहीं क्यों, अब मांगते-मांगते खुद को ही कुछ-कुछ शर्म सी फील होने लगी थी। मांग-मांगकर अब मन कुछ कुछ खट्टा सा होने लगा था। पर धन्यवाद उन माननीय का जिन्होंने ऐन मौके पर मांगने की कुछ-कुछ लगती शर्म के बीच मांगने को सैंविधानिक करार दे दिया। उम्मीद है अब मांगने से हो रही थोड़ी-थोड़ी आत्मग्लानि से जल्दी ही निजात पा जाऊंगा।

सो, इस बार दिवाली को मैंने तय किया कि लक्ष्मी से कुछ नहीं मांगूगा। वे सब कुछ जानने वाली हैं। उन्हें सब पता है कि कहां सौ देने हैं, कहां हजार। वह हर वर्ग के पैसे की भूख को बखूबी जानती हैं। सो वे खुद ही मेरे हाल देख कर जो दे देंगी, उनका वरदान समझ सिर माथे। मुफ्त के तो फटे जूते भी ब्रांडेड शूज से कम नहीं होते।

ज्यों ही दीवाली को लक्ष्मी जी मेरे घर आईं तो मैं चुप। मुझे पता था कि लक्ष्मी को सामने देख पत्नी जरूर बिदकेगी। वह है ही ऐसी! उनके सामने ऐरी गैरी जरूरतों के अंबार लगा देगी। सो, मैंने उसके मुंह पर पहले ही टेप चिपका दी। सिथेंटिक मिठाइयों के दौर में वह पूजा में अपने सामने रखी शुद्ध मिठाइयों को देख इतनी प्रसन्न हुईं कि वह मुझसे मांगने के लिए प्रेशर डालने लगीं। पर मैं फिर भी चुप रहा। जब उनसे मेरी चुप्पी न देखी गई तो वे उल्लू से उतर कर बोलीं, कमाल है हे खालीपन के मारे, अबकी बार तुम कुछ क्यों नहीं मांग रहे? क्या तुम्हारी सारी मांगें पूरी हो गईं या मांगते-मांगते तुम्हें शर्म फील होने लगी है?

'हे लक्ष्मी मैया! शर्म को कहां हम जैसे बेशर्मों से शर्म! हम तो मांगने के वे चिकने घड़े हैं जिन पर बर्फ भी न रुक पाए। जीवन में सबकुछ होने के बाद भी जिस जीव को एक बार मांगने की आदत पड़ जाए वह मरने के बाद भी श्राद्धों के दिनों में अपनी संतानों को तंग करता उनसे मांगने तक में शर्म फील नहीं करता, यह जानते हुए भी मांगने से पेट उसका नहीं, किसी और का भरने वाला है। और फिर मैं तो साढ़े छह फुट का लंबा चौड़ा सब कुछ होने के बाद भी हरदम असंतुष्ट रहने वाला सशरीरी हूं, ऐसे में यह कैसे संभव है।

कमाल के जीव हो तुम भी! लाख पूरा करने के बाद भी तुम्हारी जरूरतें पूरी ही नहीं होतीं! आखिर इतनी बेकार की जरूरतें बिन मेहनत के कैसे पाल लेते हो तुम भक्त?

'बस यो ही लक्ष्मी मैया! एक दूसरे की देखा देखी में। पेट चाहता तो चार चपातियां ही हैं पर। जब कोई फाइव स्टार में जाता दिखता है तो, अब जब जहां पनाह ने मांगना अपराध की श्रेणी से बाहर कर ही दिया तो, वैसे मैया! अपराधी वह नहीं, जो मांगता है। असली अपराधी तो वह है जो मांगने की लत डालता है। मांगने वाले को अपने पास सबकुछ होने के बाद भी दुत्कारता है। असली अपराधी तो वह जो मांगने वाले को अपनी चौखट से खाली भेजता है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए।

मतलब? लक्ष्मी मां तो लक्ष्मी मां! मांगने के पक्ष में मेरी दलील सुन उनका उल्लू भी परेशान! देखो मां! सच पूछो तो मांगने वाला ही तो देने वाले के कद, सम्मान को उसकी नजरों में बढ़ाता है। अगर कोई किसी से कुछ न मांगें तो देने वाले को कैसे पता चलेगा कि उसका कद कितना ऊंचा है? वह कर्ण से भी ऊंके टाइप का दानी है? मांगने वाले को देना उस पर दया भाव नहीं अपितु मांगने वाले से अपने कद का बढ़-चढ़कर नाप करवाना है। जब आप जैसे मैया मांगने वाले को कुछ देते हैं तो देने वाले के बुरे ग्रहों की ही तो शांति होती है। इसलिए आप जो मेरी नजरों में असली की लक्ष्मी बनी रहना चाहती हों तो दस रुपये के कद्दू के साथ पांच रुपये की हरी मिर्च ताकने वाले की भूख को खुद ही जान मेरी झोली भर दो मैया, ताकि मेरी और तुम्हारी नजरों में तुम्हारी लाज बची रहे। मौन मांगने वाला तुम्हारे लिए युगों-युगों तक तुम्हारे लक्ष्मी बने रहने की दुआ देगा।

मैंने लक्ष्मी से मन की मांग बिन झिझके मांगते हुए अनुरोध किया तो लक्ष्मी मैया तो सकते में पड़ ही गईं, उनका उल्लू भी बेहोश होकर छटपटाने लगा। वो भी हैरान था कि ये मैंने क्या मांग लिया।



कामयाबी
अवधेश कुमार

इराक और सीरिया से आईएस की पराजय एवं अबु अल बगदादी के अंत के साथ आधुनिक दुनिया में क्रूरता के एक अध्याय का अंत हुआ है। यह बड़ी सफलता है किंतु आतंकवाद का खतरा खत्म हो गया, ऐसा मानना गलत होगा। जैसे ओसामा मरने के बावजूद आतंकवादियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, बगदादी का प्रभाव उससे ज्यादा है। हां, बगदादी के मारे जाने के बाद उस तरह का आकर्षण और हिंसा की प्रेरणा का जिंदा स्रोत अवश्य खत्म हो गया है।

# अबु की मौत बड़ी सफलता

अमेरिका अब यह शान से दावा करने की स्थिति में है कि दुनिया के दो सबसे बड़े आतंकवादी ओसामा बिन लादेन तथा अबु बक्र अल बगदादी को उसने तलाश कर मार डाला। इसके अलावा मुल्ला उमर से लेकर ओसामा का बेटा हमजा बिन लादेन भी मारा गया। किंतु 2 मई 2011 को ओसामा और अब 27 अक्टूबर को बगदादी को मार डालना इतिहास का ऐसा अध्याय है जिसे आतंकवाद विरोधी युद्ध की सबसे बड़ी सफलता के रूप में याद किया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बगदादी की मौत की घोषणा पर पूरी दुनिया ने राहत की सांस ली। ट्रंप ने कहा कि बगदादी अमेरिकी ताकत के डर से चीखते-चिल्लाते हुए कुत्ते की मौत मारा गया। अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार बगदादी ने अमेरिकी सेना को आते देख अपने ठिकाने के नीचे खुदी सुरंग से भागने की कोशिश की। उसने साथ में अपने तीन बच्चों को भी ले लिया। इस दौरान सैनिकों और सैन्य कुत्तों ने उसका पीछा किया। सुरंग में जब उसे रास्ता नहीं मिला, तो उसने आत्मघाती जैकेट को विस्फोटित कर लिया। इसमें उसकी और उसके तीनों बच्चों की मौत हो गई। अमेरिका ने बगदादी पर 177 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। हालांकि इसके पहले भी ऐसे कम से कम आठ बार उसे मारे जाने की बात की गई थी। हर बार का दावा गलत निकला। अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस ने 22 जुलाई 2017 को उसके मारे जाने के दावों को खारिज करते हुए कहा, मेरा मानना है कि बगदादी जिंदा है और मैं तभी मानूंगा कि उसकी मौत हो गई है, जब हमें



पता चलेगा कि हमने उसे मार दिया है। इसी वर्ष श्रीलंका के क्राइस्टचर्च में 21 अप्रैल को हुए धमाकों के बाद बगदादी का एक वीडियो जारी हुआ था। इसके पूर्व सार्वजनिक रूप में वह सिर्फ एक बार जुलाई 2014 में मोसुल के अल-नूरी मस्जिद में नजर आया था। उसने इराक और सीरिया में इस्लामिक स्टेट के जन्म की घोषणा की थी। अब बगदादी का हिंसा और विनाश का ऑडियो या वीडियो कभी नहीं आएगा। यह आतंकवाद विरोधी युद्ध की अब तक की सबसे बड़ी सफलता है।

अल-बगदादी दुनिया का सबसे वांछित आतंकवादी था। हालांकि 2017 से इस खूंखार आतंकवादी के पैर उखड़ने लगे थे। 28 जून 2017 को इस्लामिक स्टेट ने मोसुल की प्रसिद्ध झुकी हुई मीनार और उससे जुड़ी उस नूरी मस्जिद को विस्फोट कर उड़ा दिया जिसमें वर्ष 2014 में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए अल बगदादी ने खुद को खलीफा घोषित किया था। यह मोसूल का इलाका था जिसे आईएस के कब्जे से छुड़ाने के लिए इराकी सेना संघर्ष कर रही थी। 9 दिसंबर 2017 को इराक के प्रधानमंत्री हैदर अल अबादी ने इस्लामिक स्टेट को इराक से पूरी तरह खदेड़ने का दावा किया था और यह सच था, लेकिन जब तक अल बगदादी जिन्दा था इसे पूर्ण विजय नहीं माना जा सकता था। अमेरिका को अफगानिस्तान पर हमला करने के बाद लादेन को तलाशने में साढ़े नौ वर्ष लग गए थे। इसी तरह यह माना जाने लगा था कि बगदादी की तलाश करना भी आसान नहीं होगा। किंतु दोनों में अंतर था। लादेन को पाकिस्तान में अत्यंत ही सुरक्षित ठिकाना मिल गया था। बगदादी को किसी देश में ठिकाना नहीं मिल सकता था। सीरिया में ही उसके होने की संभावना थी।

अल बगदादी इराक में अमेरिकी विजय के खिलाफ संघर्ष कर रहे अल कायदा का ही प्रमुख था। अल कायदा से अलग उसने 2006 में आईएसआई यानी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक नाम से संगठन बनाकर अकेले कब्जा करने पर काम शुरू किया। इसमें वह सफल नहीं हुआ। उसे सद्दाम हुसैन काल के सेना के कुछ लोग मिल पाए थे। लेकिन उसकी कल्पना बड़ी थी। मध्यकालीन इस्लामी साम्राज्य की स्थापना जिसका प्रमुख खलीफा हो। सीरिया में गृहयुद्ध आरंभ हो चुका था। उसने संगठन का नाम आईएसआईएस यानी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया कर दिया। वहां फ्री सीरियान आर्मी या एफएसए को अमेरिका और उसके साथी देशों की सहानुभूति तथा हल्का सहयोग प्राप्त था। जून 2013 में एफएसए ने अपनी पराजय देख अपील की कि उसे हथियार और अन्य संसाधन दिए जाएं। उसके बाद अमेरिका, इजरायल, जॉर्डन, तुर्की, सऊदी अरब और कतर ने उसको हथियार, धन और सैन्य प्रशिक्षण की सहायता देनी आरंभ की। इन देशों को यह पता ही नहीं चला कि आईएसआईएस एफएसए के साथ है। इन्हीं हथियारों, संसाधनों और प्रशिक्षणों की बदौलत बगदादी ने सीरिया और इराक के एक बड़े हिस्से को कब्जे में ले लिया। ऐसा लगता ही नहीं था कि इराक और सीरिया बगदादी के कब्जे से कभी मुक्त हो पाएगा। किंतु मोसूल और रक्का दो प्रमुख केन्द्र हाथों से निकलने के बाद यह विश्वास हुआ कि इसका अधिपत्य खत्म हो सकता है।

अल बगदादी के नेतृत्व वाला आईएस पहला आतंकवादी संगठन था जिसने इराक और सीरिया में 88 हजार वर्ग किलोमीटर तक के इलाके को नियंत्रित किया हुआ था। अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा था जिसका स्रोत अल कायदा था। ओसामा बिन लादेन ने स्वयं को खलीफा घोषित नहीं किया था। बगदादी इसीलिए अल कायदा से अलग हुआ क्योंकि उसकी कल्पना जल्दी से खिलाफत का लक्ष्य हासिल करना था। बगदादी अपने इलाके में उसी तरह शासन, संघर्ष और व्यवहार कर रहा था जैसा हमने मध्यकालीन इतिहास में पढ़ा है। बगदादी ने कब्जे के दौरान बड़े पैमाने पर नरसंहार करवाया। 2014 में इराक के सिंजार क्षेत्र पर कब्जा करने के बाद उसका वहशीपन दुनिया के सामने आया जब उसने यजीदी धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय की हजारों महिलाओं और लड़कियों को बंधक बनाया और उन्हें यौन गुलाम बनने के लिए मजबूर किया। बाजार लगाकर उन्हें बेचते वीडियो जारी किया।

निस्संदेह? इराक और सीरिया से आईएस की पराजय एवं अब अल बगदादी के अंत के साथ आधुनिक दुनिया में क्रूरता के एक अध्याय का अंत हुआ है। इससे जेहादी आतंकवाद को अब तक का सबसे बड़ा धक्का कह सकते हैं। किंतु आतंकवाद का खतरा खत्म हो गया ऐसा मानना गलत होगा। अभी भी आईएस आतंकवादी हैं। आईएस नाइजीरिया से लेकर फिलीपींस तक सक्रिय है। जैसे ओसामा मरने के बावजूद आतंकवादियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, बगदादी का प्रभाव उससे ज्यादा है। बगदादी ने संघर्ष में अपने प्रवक्ता से लोन वूल्फ यानी अकेले जो भी संसाधन मिले उसी से हमला करने का जो बयान दिलवाया वह पूरी दुनिया में फैल चुका है। अनेक देश उसके शिकार हुए हैं। आईएस के सहयोगी संगठन मिस्र और लीबिया में भी हमले करते रहे हैं। इस तरह खतरा अभी है। हां, बगदादी के मारे जाने के बाद उस तरह का आकर्षण और हिंसा की प्रेरणा का जिंदा स्रोत अवश्य खत्म हो गया है।

विस चुनाव
रमेश ठाकुर

## स्थानीय मुद्दे पड़े भारी

हरियाण के जाटों का मन टटोलने में इस बार भाजपा नाकाम रही है। चुनावी आकलन करें तो एक तिहाई जाटों ने उनसे दूरी बनाई। विधानसभा चुनावों में स्थानीय मुद्दे इतने हावी थे कि राष्ट्रवाद परवान नहीं चढ़ सका। दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव और 64 विभिन्न राज्यों के उप-चुनाव में उनका बीते लोकसभा का जनादेश काफी खिसका दिखाई दिया। हरियाणा के जाट भाजपा के पक्ष में हुआ करते थे, उन्होंने किनारा कर लिया है। यह सब देखकर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व परेशान है। बावजूद इसके उसने मनोहरलाल खट्टर के नाम पर अगले मुख्यमंत्री के तौर पर सहमति बनाई। बीच में खबरें ऐसी भी आईं कि मुख्यमंत्री के नाम की सहमति शायद किसी अन्य नेता पर बनेगी, लेकिन वह इसलिए नहीं हुआ क्योंकि जो नाम कतार में थे, वह सभी चुनाव हार गए। इस लिहाज से मनोहर लाल ही ऐसा नाम बचा जिस पर मोहर लगानी मजबूरी थी। हालांकि मुख्यमंत्री के तौर पर खट्टर की लोकप्रियता की जहां तक बात है तो प्रदेश की जनता ने शायद कुछ और ही सोच रखा है। यह हम नहीं, बल्कि विधानसभा में मिला जनादेश बता रहा है। सौ में मात्र चालीस फीसद उनके पक्ष में हैं। जबकि सरकार के लिए यह आंकड़ा कम माना जाता है।

ये सच है कि जनता का मूड किसी दल या नेता के प्रति स्थायी नहीं होता। कब बदल जाए, कुछ नहीं पता। पर, कुछ पार्टियां वहम पाल लेती हैं कि जनता पर उनका राज यथावत रहेगा। सामाजिक, आर्थिक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर देश का मूड कैसा है? इसकी तस्वीर इन दो महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणामों से पता चल गईं। बीते लोकसभा चुनाव में जो एक तरफा मूड जनता का था उसमें खासा बदलाव देखने को मिला। परिणामों पर भले ही भाजपा कुछ न बोले, लेकिन भीतरघात बड़ा आघात पहुंचा है। दरअसल, इन दो राज्यों के चुनावों से भाजपा ने एक प्रयोग किया था। प्रयोग था स्थानीय मुद्दों को छोड़कर राष्ट्रीय मसलों को उठाना। मसलन 370, चंद्रयान और केंद्रीय योजनाओं को विधानसभा चुनावों में बुलंद करना। पर, इसमें ज्यादा सफलता नहीं मिल सकी। हरियाणा की बात करें तो वहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जाटों, दलितों और मुसलमानों का गुस्सा भांपने में नाकाम रहे। केंद्रीय नेतृत्व हरियाणा में 75 पार का



आंकड़ा टारगेट करके चल रहा था, लेकिन परिणाम आधे के आसपास ठहर गया।

थोड़ा अगर पीछे जाएं तो सन 2014 में मनोहर लाल खट्टर पर पीएम मोदी ने खासा विश्वास जताकर उन्हें यह सोचकर हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी थी कि वह संघ परिवार से वास्ता रखते हैं और सभी को साथ लेकर चलेंगे। पर, खट्टर उनके विश्वास पर ज्यादा खरे नहीं उतर सके। बीते पांच वर्षों में जनता का एक तिहाई हिस्सा उनसे धीरे-धीरे दूर चला गया, जिसका असर चुनाव परिणाम में तब्दील होते देर नहीं लगी। वैसे मौजूदा विधानसभा परिणामों से एक बात ठीक से पता चल गई है कि प्रदेश स्तरों पर स्थानीय मुद्दे आज भी सर्वोपरि हैं। केंद्र और राज्यों के मसले एक दूसरे से भिन्न होते हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस वक्त इसलिए परेशान है कि हरियाणा के जाटों में पार्टी से दूरी बन रही है। खैर, उसी की भरपाई के लिए भाजपा ने जजपा से गठबंधन किया है, लेकिन इस बात की गारंटी कतई नहीं कि जाट समुदाय इसके बाद भाजपा से जुड़ जाएगा। जब तक चौटाला सरकार का हिस्सा हैं तभी तक उनके साथ हैं।

केंद्र की सत्तापक्ष पार्टी के लिए यह सवाल विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद कचोटने लगा है कि आखिर जाट-दलित उनसे क्यों दूर हो रहे है? ऐसा तो नहीं कहीं जाटलैंड से विख्यात हरियाणा प्रदेश मनोहर लाल खट्टर सरकार से जाटों और दलितों के आंदोलन को ठीक से हैंडल न कर पा रही हो। हरियाण के स्थानीय नेता लोकसभा चुनाव की ही तरह वहां भी मोदी हैं तो मुमकिन हैं के नारों के सहारे वैतरणी पार करना चाहते थे, मगर नइया मंझधार में फंस गई। कई बड़े नेता अपने उन क्षेत्रों से हार गए जहां उनकी तूती बोला करती थी। प्रदेशाध्यक्ष अपनी विधानसभा सीट टोहना से हार गए। जिससे उन्होंने इस्तीफा देना ही मुनासिब समझा।

विधानसभा और उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी को कहीं न कहीं ऐसा लगने लगा था कि पांच माह पहले संपन्न हुए आम चुनाव की लहर अब भी कायम हैं। वह आर्टिकल 370 जैसे मुद्दों के आधार पर ही चुनाव में उतरी, लेकिन अबकी बार 75 पार जैसे नारे लगाकर अगर चुनाव जीता जाता तो फिर समस्या ही क्या थी? निर्णायक लडाई मैदान में लड़ी जाती है, लोकल मुद्दे-मसलों के साथ। चुनावों में प्रत्याशियों के कामकाज के आधार पर ही वोट मिलता है। लेकिन भाजपा नेशनल मसलों के साथ उतरी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। जनता ने पाक, अनुच्छेद 370 और तीन तलाक को नकार दिया है। भाजपा के लिए सबसे दुखद पहलू तो यह है कि नरेंद्र मोदी के प्रचार के बावजूद उम्मीदवार हार गए। हालांकि हार की समीक्षा बड़े स्तर पर की जा रही है। समीक्षा इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अगले कुछ माह बाद दिल्ली के अलावा कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए समय रहते समस्या का हल खोजना होगा।

त्योहार
योगेश कुमार गोयल

## भाई-बहन में प्रेम बढ़ाता भैया दूज

भाई-बहन के दिलों में पावन संबंधों की मजबूती और प्रेमभाव स्थापित करने वाला पर्व है भैयादूज। इस दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर ईश्वर से उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। कहा जाता है कि इससे भाई यमराज के प्रकोप से बचे रहते हैं। दीपावली के दो दिन बाद अर्थात कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले इस पर्व को यम द्वितीया व भ्रातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। एक कथा यमराज और बहन यमुना देवी से संबंधित है।

भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता, लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए।

यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से भैया दूज का पर्व मनाया जाने लगा।

भैया दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी, एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया।

अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी।

कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने पोटली उठाकर दूर फेंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है।

जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरुष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गए लेकिन उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया।

सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवार वालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाए,, लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सब को विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई और सभी को नाग-नागिन के मृत शरीर दिखाए तो सभी की आंखों में आंसू आ गए और भाई के प्रति उसका असीम प्यार तथा समर्पण भाव देखकर उसके प्रति सभी का हृदय श्रद्धा से भर गया।

भाई-भाभी तथा माता-पिता ने उसे ढेर सारे उपहारों से लादकर बड़े मान-सम्मान के साथ खुशी-खुशी ससुराल विदा किया। भाई-बहन के बीच इसी प्रकार के पावन संबंध, प्रेमभाव तथा उनके दिलों में आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए ही भैया दूज पर्व मनाया जाता है।

ट्रेंड

### अहम होगी यात्रा



सऊदी अरब और भारत एक साथ कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, विशेष रूप से ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार और संस्कृति के क्षेत्र में। मेरी दो दिनों की सऊदी अरब यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती लाएगी। यह हमारे संबंधों में अहम पड़ाव होगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### दूसरों का सम्मान करें



आधुनिक शिक्षा प्रणाली हमारी भावनाओं को बदलने के बारे में समझ नहीं दिखाती। हमें अपनी बुद्धि का उपयोग करना होगा। हमें स्वयं को अहिंसा के साथ आचरण करने की आवश्यकता है और करुणा के आधार पर दूसरों के प्रति सम्मान पैदा करना चाहिए।
-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

### चुनौती से निपट रहे



मुझे दुनिया के सबसे शानदार दिमागों के साथ काम करने को मिल रहा है, जो संभवत: अंतरंग समस्याओं पर है। यहां आपको बता दूं कि हम अपने समय की तकनीकी चुनौतियों में से एक से निपटने की कोशिश कर रहे हैं।
-बिल गेट्स, उद्योगपति

### ग्रेटा पर नाज है



यह सुनकर खुशी हुई कि बीटल की एक छोटी प्रजाति का ग्रेटा के नाम पर नामकरण किया गया है। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई के लिए दुनिया भर में उनकी आवाज सुनी और सराही गई है। उस नाज है।
-मानुषी छिल्लर, विश्व सुंदरी

### अगला मेहमान कौन



मैं अभी भी गुड़गांव से उत्सुक बच्चा हूं, जो बहुत दूर से बॉलीवुड के असली ग्रह को देख रहा है। हमारा अगला मेहमान। कोई अंदाज़ा? मुझे बताएं और मुझे बताएं कि वो कौन हो सकता है। दिल्ली से सटे गुड़गांव से आने वाला।
-नेहा घूपिया, अभिनेत्री

मोर पंख



*कितने टूटे, कितनों का मन हार गया*
*रोटी के आगे हर दर्शन हार गया।*
*ढूंढ़ रहा है रद्दी में किस्मत अपनी*
*खेल-खिलौनों वाला बचपन हार गया।*
*मन को ही सुंदर करने की कोशिश कर*
*अब तू रोज बदल कर दर्पण हार गया।*

● ओमप्रकाश यती

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
330, विनय नगर, दिल्ली बाईपास, रोहतक-124001
फोनः 9253681019-20 फैक्सः 274202
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सहेली



हमारे पर्व हमें सिर्फ धर्म-संस्कृति से ही नहीं जोड़ते, हमारी उन परंपराओं से भी जोड़ते हैं, जो रिश्तों को आपस में बांधे रखती हैं। इन्हीं में से एक है भैया दूज का पर्व। भैया दूज के दिन भाई अपनी बहन के घर विशेष रूप से आते हैं, उद्देश्य यही होता है, वे इस बात का अहसास दिलाते हैं कि विवाह बाद भी उनका पीहर उनसे जुड़ा है, वे हर सुख-दुख में उसके साथ हैं। इस तरह यह पर्व भाई-बहन के स्नेह-प्रेम को सदैव बनाए रखता है।

## भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भैया दूज



आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

भाई-बहन का रिश्ता बहुत प्यारा और आत्मीय माना जाता है। हमारी परंपराओं में इससे जुड़े पर्वों का पौराणिक आधार भी है। भैया दूज का त्योहार भी परंपरा और भाई-बहन के प्रेम से जुड़ा ऐसा ही पर्व है। दीपावली के दो दिन बाद आने वाला यह पर्व कार्तिक महीने में शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है। इसे भ्रात द्वितीया भी कहते हैं। दीपावली के पांच त्योहारों की पावन श्रृंखला का समापन भैया दूज के पर्व से ही होता है।

### पर्व का पौराणिक आधार

**भैया दूज** के पर्व का एक प्यारा पौराणिक आधार भी है। कहते हैं कि यमराज कई बार बुलाने पर भी अपनी बहन के घर नहीं जा पाए। अपनी बहन यमुना का उसके घर आकर भोजन ग्रहण करने का आग्रह यमराज काफी समय तक टालते रहे, लेकिन आज ही के दिन जब उन्हें अपनी बहन यमुना का संदेशा मिला तो वे सारे काम छोड़ अपनी बहन यमुना से मिलने निकल पड़े थे। यमराज अपनी बहन यमुना के घर कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया के दिन पहुंचे। बहन यमुना के हाथों से बना भोजन किया। इस तरह यम द्वितीया यानी कि भैया दूज का त्योहार मनाने की परंपरा शुरू हुई। मान्यता है कि भैया दूज के दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर उसके हाथों से बना भोजन करता है, उसका जीवन सुखी और दीर्घायु होता है। इस दिन यमुना के जल में स्नान करने की भी परंपरा है। यम द्वितीया के दिन अगर भाई यमुना में स्नान नहीं कर पाते तो बहन के हाथों से यमुना के जल का टीका लगवाते हैं।

### जुड़ाव की स्नेहमयी कड़ी

दिवाली के समय हर ओर उत्सवीय और आत्मीय माहौल रहता है। प्रकाश पर्व के मौके पर आपसी मेल-मिलाप से रिश्तों की रौनक भी बढ़ जाती है। इस स्नेहिल समय में ही आता है, भैया दूज का त्योहार। हालांकि भाई-बहन के पवित्र प्रेम और लगाव का प्रतीक यह त्योहार रक्षाबंधन के पर्व जैसा ही है, लेकिन इस दिन बहनें भाई के घर नहीं आतीं बल्कि भाई अपनी बहन के घर जाते हैं। सुखद है कि टीका करवाने के लिए भाइयों का अपनी विवाहित बहन के ससुराल जाना जुड़ाव की एक स्नेहमयी कड़ी है, जो इस पर्व के जरिए आज भी बनी हुई है। भाई का बहन के घर आकर मिलना, मन में यह विश्वास जगाता है कि आज भी उसका मायका उससे जुड़ा है। उसे संभालने या स्नेह रखने वाले पीहर परिवार के अपने उसके साथ हैं। दीपावली के पर्व की रौनक के साथ आने वाला भैया दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते में भी स्नेह की रोशनी बिखेरता है।

### साथ की सीख

भागती हुई इस जिंदगी की आपा-धापी में अपनों के लिए चाहकर भी समय निकालना मुश्किल होता है। सुख-दुख साझा करने की इच्छा के बावजूद आपस में मिलना नहीं हो पाता। ऐसे में यह पर्व इस भाव को सुदृढ़ करता है कि व्यावहारिक तौर पर भाई-बहन कभी एक दूजे से दूर न हों। अपनी जिम्मेदारियों और दूरियों के बीच भी अपनेपन और स्नेह में कोई कमी न आए। मेल-मिलाप की कोशिश भी की जाए। इसीलिए हर साल भाई अपनी विवाहित बहनों के घर जाकर इस प्रेममयी पर्व को मनाते हैं। बड़ी बहनों का आशीष और छोटी बहनों का स्नेह बटोरते हैं। बहनें भी पूरे उत्साह के साथ भाइयों का इंतजार करती हैं। प्यार से टीका लगाकर उनके मंगलमय जीवन की कामना करती हैं।

### पारिवारिक जुड़ाव का प्रतीक

हमारी संस्कृति में परिवार बहुत महत्व रखता है। भैया दूज जैसे पर्व अपनों को जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। ससुराल जा बसी बहनों से भाइयों का जुड़ाव बना रहना, अगली पीढ़ियों को भी जोड़े रखने की सोच और संस्कार लिए है। यम द्वितीया का यह त्योहार भी यही भाव लिए है कि विवाह के बाद अपनों से दूर बहन ससुराल में कैसी है, इसकी जानकारी भैया को भी रहे। मायके से विदा होकर अपनी गृहस्थी बसाने के बाद भी भाई अपनी बहन और उसके परिवार से जुड़ाव रखे। उसके सुख-दुख में हिस्सेदार बने। भैया दूज का आत्मीय त्योहार भाइयों द्वारा अपनी बहनों के स्नेहमयी निवेदन का मान करते हुए, उनके घर जाने और आपस में सदैव जुड़े रहने का भरोसा दिलाता है। आज के व्यस्त जीवन में भाई-बहन के बीच स्नेह की इस कड़ी को मजबूत कर पारिवारिक-सामाजिक आत्मीयता को बढ़ावा देने वाला भैया दूज का त्योहार बहुत ही मन से मनाया जाता है।

### ना बिसरे यह पावन पर्व

भाई-बहन का पावन रिश्ता एक अकेला ऐसा रिश्ता है, जो अपने भीतर कई सारे रंग समेटे है। इसमें न कोई दुराव-छिपाव है, न ही गिले-शिकवे। बस है तो मीठी शिकायतों और एक-दूजे के लिए निस्वार्थ चिंता का भाव, इसी भाव को भैया दूज का त्योहार और पोषित करता है। जरूरत है कि स्नेह और संबल का यह पर्व कभी ना बिसरे। आज के दौर में तो अपनों के आपसी मेल-जोल और समझ की दरकार और बढ़ गई है। ऐसे में भाई बहन की कुशलकामना से जुड़ा यह प्यारा पर्व और भी ज्यादा अहम हो जाता है।



ब्यूटी क्वेस्ट



भारती तनेजा

ब्यूटी एक्सपर्ट

## जब हथेलियां हो जाएं रूखी

**मेरी उम्र 25 साल है। इस मौसम में मेरी हथेलियां रूखी हो जाती हैं। मैं इन्हें सॉफ्ट कैसे बना सकती हूं? कृपया कोई होममेड तरीका बताएं।**

-वर्षा, रोहतक

हथेलियां हवा, सूरज, मौसम की स्थिति, शारीरिक मेहनत करने के कारण रूखी हो जाती हैं। इससे बचना चाहती हैं तो आपको अपने हाथों को हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप 2 चम्मच कैस्टर ऑयल में आधा चम्मच नीबू का रस और आधा चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। इसे अपनी हथेलियों पर रगड़ लें। कैस्टर ऑयल से डेड स्किन हटती है, नीबू का रस त्वचा को एक्सफोलिएट करता है। ऑलिव ऑयल त्वचा को मॉयश्चराइज करता है, जिससे ड्रायनेस दूर होती है। कई बार ज्यादा साबुन का इस्तेमाल करने से भी त्वचा रूखी हो जाती है। साबुन में मौजूद हार्श केमिकल्स हाथों को रूखा बना देते हैं। हाथों में नमी बनाए रखने के लिए 2 चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच ग्लिसरीन और एक कप उबले हुए दूध को मिलाएं। इसे दिन भर में दो बार हाथों पर लगाएं। इससे हाथों की खोई हुई नमी वापस आ जाएगी।

**मेरी उम्र 32 साल है। मेरी स्किन पर ब्लैकहेड्स के अलावा व्हाइटहेड्स भी हो गए हैं, यह देखने में बहुत खराब लगते हैं। बताएं मैं इन्हें कैसे हटा सकती हूं?**

- अर्पणा, रोहतक

इससे बचने के लिए हेल्दी फूड्स लें, खूब पानी पिएं। धूप में ज्यादा न रहें। चेहरे को बचाए रखने के लिए दिन में दो बार चेहरा धोएं। सुबह जरूर सोकर उठने के बाद पानी से चेहरे को साफ करें। रात में सोने से पहले चेहरा साफ करने से सारी गंदगी हट जाती है। इससे आपकी स्किन खुलकर सांस ले सकती है। साथ ही कॉर्न स्टार्च से चेहरे को स्क्रब करने से भी व्हाइटहेड्स की समस्या से छुटकारा मिलता है। एक चम्मच कॉर्न स्टार्च को आधे चम्मच व्हाइट सिरके में मिलाएं। एक गाढ़ा पेस्ट बनाकर चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें। फिर चेहरे को गर्म पानी से साफ कर लें। ऐसा हर दिन करें, खासकर तब जब आपकी त्वचा पर बहुत ज्यादा व्हाइटहेड्स हों।

**मेरी उम्र 40 साल है, मेरी आंखों के चारों तरफ क्रोज फीट बन गई है। इससे मेरा चेहरा बहुत ही अजीब नजर आता है। इसको दूर करने का उपाय बताएं?**

- शालिनी, रायपुर

क्रोज फीट यानी आंखों के आस-पास की झुर्रियों के बारे में ऐसा माना जाता है कि ये बढ़ती उम्र की निशानी है। लेकिन ऐसा नहीं है। असल में यह त्वचा के ड्राय होने के कारण होती है। अगर आपकी त्वचा नर्म और मुलायम है तो उम्र बढ़ने के बाद भी ऐसा नहीं होगा। लेकिन किसी कारण से आपकी त्वचा रूखी हो गई है तो यह उम्र से पहले भी दस्तक दे सकती है। जब आपके शरीर में विटामिन ई की कमी होने लगती है, तो आपकी त्वचा भी डल होने लगती है। जिसकी वजह से यह समस्या बढ़ जाती है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने आहार में खट्टे फल जैसे नीबू का सेवन शुरू कर दें। आप अपने आहार में विटामिन ई को शामिल करें। इसके अलावा आप नीबू के रस की हल्की मालिश भी अपनी आंखों के आस-पास कर सकती हैं। रात को सोते समय अपने चेहरे पर नारियल तेल की हल्की मालिश भी करें। अगर झुर्रियां हो गई हैं तो आंखों के आस-पास अंगुली से हल्की मसाज करें। जरूरी है कि आप भरपूर नींद लें। इससे त्वचा को आराम मिलता है और कोशिकाओं को रिपेयरिंग का समय। जरूरी है कि आप हर दिन कम से कम सात से आठ घंटे की अच्छी नींद लें। इससे भी आपको काफी फायदा होगा।

यदि आपकी सौंदर्य से जुड़ी कोई समस्या हो तो तुरंत हमें लिख भेजिए। हमारा पता है-संपादक-सहेली, ब्यूटी क्वेस्ट हरिभूमि, सी-101, 102 न्यू मुल्तान नगर, दिल्ली-56 या ई-मेल करें- saheli@haribhoomi.com

## क्या आप अपने समय का करती हैं सही इस्तेमाल

सलाह

मिशा शर्मा



जब भी कोई हमसे सवाल पूछता है कि हमारा खाली समय बिताने का जरिया क्या होता है तो अकसर हम जवाब देते हैं, किताबें पढ़ना, संगीत सुनना। लेकिन सच में, हममें से ऐसा कितने लोग करते हैं। इसकी बजाय हम अपना ज्यादातर खाली समय टीवी देखते हुए, फोन पर बात करते हुए, सोशल मीडिया पर चैटिंग करते हुए गुजार देते हैं। इस तरह अपने कीमती समय को बेकार कर देते हैं। जबकि अपने इस खाली समय का सार्थक इस्तेमाल भी किया जा सकता है। ऐसा करने पर समय का सही इस्तेमाल होता है, साथ ही जीवन में सकारात्मक बदलाव भी आते हैं। आपको भी अगर अपना कीमती समय बचाना है, उसका सही इस्तेमाल करना है तो कुछ बातों को अमल में लाएं।

### सार्थक कामों को दें अहमियत

अपने खाली समय में वो काम कीजिए, जो आपको खुशी दे। जैसे किताबें पढ़िए, बच्चों के साथ खेलिए। अगर कुछ लिखने का शौक है तो अपनी भावनाओं को डायरी में लिखिए। अपनी सेहत को बनाए रखने के लिए योगा कीजिए, मेडिटेशन कीजिए। कहने का मतलब है कि कुछ ऐसा कीजिए, जो आपकी लाइफ में पॉजिटिव चेंज लाए। माना यह सब काम करना आसान नहीं है, क्योंकि आदतों को बदलने में समय लगता है लेकिन यह उतना भी मुश्किल नहीं होगा। आपको बस इस बात को जेहन में रखना होगा कि कीमती समय को एक बार खो दिया तो वो लौटेगा नहीं। तब आप अपने समय को लेकर सीरियस हो जाएंगी, उसका सही इस्तेमाल करना शुरू कर देंगी।

### टाइम मैनेजमेंट

कुछ लोग हमेशा यह कहते हैं कि समय ही नहीं मिलता। ऐसा सोचना या कहना गलत है, क्योंकि इससे साबित होता है कि वे खाली समय का सही इस्तेमाल नहीं करते हैं। समय सभी के पास एक जैसा होता है। बस! बात है टाइम मैनेजमेंट की। जो लोग समय कम होने की शिकायत करते हैं, उनकी जिंदगी में समय की नहीं, व्यवस्था की कमी होती है। वहीं जो लोग जरूरत से ज्यादा बिजी होते हैं, वो व्यस्त नहीं अस्त-व्यस्त होते हैं। इसी तरह कुछ लोगों में लगातार कामों को टालने की आदत होती है। आज थकान है, सुबह जल्दी नहीं उठ सकती। आज वॉक के लिए नहीं जा सकती, यह सब सिर्फ समय को बेकार करने के बहाने हैं। आपकी भी ऐसी आदत है तो उसे बदल दीजिए, टाइम मैनेज कीजिए, फिर देखिए आप सभी काम आसानी से कर पाएंगी।

### अपना आकलन कीजिए

जब भी आपको लगे कि आपका समय बेकार जा रहा है तो तुरंत अपने आप से कुछ सवाल अवश्य पूछें, 'मैं यह क्यों कर रही हूं? क्या मैं इससे बेहतर कुछ नहीं कर सकती? ये काम मेरे किस लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा?' ऐसे सवाल खुद से करने से आपको पता चल जाता है कि जो काम आप कर रही हैं, वह सार्थक है या नहीं। ऐसे सवाल आपके जीवन का रुख बदलने में बहुत कारगर होंगे। साथ ही इससे आप अपना सही आकलन भी कर पाएंगी।

## चेहरे पर नजर आएगी गुलाबी रंगत

केयर

आश्मिन मुंजाल

सर्द मौसम के दस्तक देते ही हमारी स्किन की नमी और चमक कम होने लगती है। कुछ समय बाद तो स्किन रूखी, बेजान सी लगती है। स्किन में ड्रायनेस, ईचिंग जैसी समस्याएं भी होती हैं। लेकिन बदलते मौसम में रेग्युलर स्किन की केयर की जाए तो तमाम तरह की समस्याओं से बचा जा सकता है। इसके लिए कुछ टिप्स को आजमाएं।



### स्क्रबिंग करें

बदलते मौसम में स्किन ड्राय रहती है, इसकी वजह डेड सेल्स होते हैं। इन डेड सेल्स को हटाने के लिए समय-समय पर स्क्रबिंग करना जरूरी है। इसके लिए उबटन सबसे बेस्ट है। उबटन में बेसन 1 चम्मच, चंदन पावडर 1 चम्मच, ग्लिसरीन 4 बूंदें, नीबू का रस आधा चम्मच, कच्चा दूध 2-3 चम्मच डालकर पेस्ट बना सकती हैं। आप कच्चे दूध की जगह इसमें 2 चम्मच सरसों का तेल मिला सकते हैं और बेसन के बजाय आप सूजी या आटे का चोकर भी मिला सकती हैं। उबटन को स्किन पर लगाकर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। उबटन को सूखने दें। अब हाथों को थोड़ा गीला करके क्लॉक वाइज और एंटी क्लॉक वाइज धीरे-धीरे मसाज करते हुए उबटन उतारें। पानी से चेहरा धो लें। आपके चेहरे की रंगत कुछ ही दिनों में निखर जाएगी।

### ऑयल है यूजफुल

इस मौसम में स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए सबसे मददगार कच्ची घानी का सरसों तेल होता है। नहाने से पहले अपने सिर से पैर तक पूरी बॉडी पर रेगुलर सरसों का तेल लगाएं। इसके बाद साबुन या बॉडी वॉश से नहा लें। इससे बॉडी, फेस पर नमी बनी रहेगी। इसी तरह नारियल के तेल को हल्का-सा गर्म करके चुटकी भर कपूर का पावडर मिला लें, इस मिश्रण को नहाने से पहले पूरी बॉडी में लगाएं। इससे बॉडी में फंगस, वायरस, खुजली या डेंड्रफ की समस्या कम होती है।

## बदलते मौसम में ऐसा हो आपका मेकअप

मेकअप

मिताली जैन



मेकअप करने का तरीका, उसके प्रोडक्ट मौसम बदलने के साथ बदलना पड़ता है। ऐसा करने पर ही मेकअप अच्छा नजर आता है। अब सर्द मौसम आने वाला है, ऐसे में अभी से हमारी स्किन रूखी होने लगी है। अगर रूखी स्किन पर विंटर के हिसाब से मेकअप नहीं करेंगी तो इससे आपको परफेक्ट लुक नहीं मिलेगा, जैसा मिलना चाहिए। ऐसे में आपको बदलते मौसम के हिसाब से ही मेकअप करना चाहिए।

### स्किन को करें तैयार

इस मौसम में स्किन रूखी होती है, इसलिए यह जरूरी है कि आप मेकअप करने से पहले स्किन को तैयार करें। सबसे पहले स्किन को वॉश करें, फिर मॉयश्चराइजर, प्राइमर जरूर लगाएं। इसके अलावा जब आप फाउंडेशन लगाएं तो मौसम को ध्यान में रखते हुए लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। ड्राय फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें।

### ऐसे हों कलर्स

इस मौसम में आप लिप्स पर डार्क कलर्स की लिपस्टिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस मौसम में आप लिप मेकअप पर ज्यादा फोकस करें। जब बात आई मेकअप की होती है तो इस मौसम में आप आईशैडो लगाना अवॉयड करें। दरअसल, इस मौसम में आईशैडो लगाने से आंखों के ऊपर क्रीज आ जाती है। इसके बजाय आप आई मेकअप करते समय हैवी काजल, आईलाइनर और मस्कारा अप्लाई कर सकती हैं। यह देखने में काफी अच्छा लगता है।

## जब उगानी हों गार्डन में सब्जियां

गार्डनिंग

अनु आर.



इन दिनों अकसर खबरें आती हैं कि बाजार में मिलने वाली सब्जियों को उगाने के लिए केमिकल वाले फर्टिलाइजर्स या कीटनाशकों का इस्तेमाल होता है। इससे भोजन की पौष्टिकता खत्म हो जाती है। ऐसे में आप चिंतित हो जाती हैं। आपकी इस समस्या का समाधान है। आप अपने गार्डन में ही सब्जियां उगा सकती हैं। इससे आप पा सकती हैं शुद्ध-पौष्टिक सब्जियां। लेकिन इस दौरान कुछ बातों का ध्यान रखें।

### मिट्टी की जांच

सब्जियों को उगाने के लिए मिट्टी का पीएच मान 6.5 से 8 तक हो तो सबसे अच्छा माना जाता है। ऐसे में सब्जियां उगाने से पहले मिट्टी की जांच करा लें।

### सही जगह चुनें

गार्डन में अगर आप पहली बार सब्जियां लगा रही हैं तो ऐसी जगह का चयन करें, जहां सीधी धूप आती हो। बीज डालने से पहले मिट्टी से खर-पतवार उखाड़कर बाहर निकाल लें। खर-पतवार हटाकर मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना थोड़ा मुश्किल होता है, इसलिए पहली बार जल्दी उगने वाली, खर-पतवार के साथ विपरीत परिस्थितियों में आसानी से बढ़ने वाली सब्जियां चुनें। आलू, कद्दू की घनी पत्तियों के कारण इनमें खर-पतवार होने की आशंका कम रहती है। पहली बार गाजर, फूल गोभी, टमाटर न उगाएं, क्योंकि इन्हें अच्छी मिट्टी और उपजाऊ जमीन पर भी उगाना आसान नहीं होता। प्याज को आसानी से उगाया जा सकता है।

### खाद है जरूरी

सब्जियों को बोने से पहले खाद डालकर मिट्टी तैयार करें। अगर सब्जियां, सर्दियों के लिए उगा रही हैं तो ज्यादा नाइट्रोजन वाली खाद डालनी चाहिए। ऑर्गेनिक खाद, सड़े गोबर या हरी पत्तियों से तैयार खाद डालकर भी जमीन की उर्वरता को बढ़ाया जा सकता है। आप ऐसी ही किसी खाद का इस्तेमाल करें।

### अच्छे बीज-पौधे खरीदें

सब्जियां उगाने के लिए अगर पौधे नर्सरी से लाती हैं तो स्वस्थ पौधे ही खरीदें। बीज भी अच्छी क्वालिटी का खरीदें। इससे आपकी सब्जियां भी अच्छी उगेंगी।

### मिले पर्याप्त रोशनी

सब्जियों को बड़े पेड़ों के नीचे उगाने से भी फायदा होता है। इससे उन्हें सही हवा और सूर्य की रोशनी मिलती है। सब्जियों की पक्तियां पूर्व से पश्चिम की तरफ लगाएं। इससे उन्हें सही धूप मिलती है और बढ़ने पर इनके पौधे एक-दूसरे को छाया देते हैं।

# मुकेश ई-कॉमर्स दिग्गज बनने की ओर



पेश किया इन्वेस्टमेंट प्लान, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने के लिए 1,08,000 करोड़ रुपये के निवेश की इजाजत दी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी भारत की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी के मालिक बनने के करीब हैं। अंबानी ने डिजिटल सर्विस होल्डिंग कंपनी को बनाने के लिए 24 बिलियन डॉलर (1.08 लाख करोड़ रुपये) का एक प्लान पेश किया है। इस प्लान की मदद से भारत में इंटरनेट शॉपिंग में दबदबा बनाने की कोशिश रहेगी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश अंबानी के पास करीब 56 बिलियन डॉलर (3.85 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति है। वहीं सऊदी अरब की तेल कंपनी को रिलायंस ऑयल एंड केमिकल बिजनेस की 20 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के बाद मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति करीब 75 बिलियन डॉलर हो गई है। ऐसे में मुकेश अंबानी की अगले कुछ साल में ई-कॉमर्स सेक्टर के निवेश की योजना है। साथ ही कंपनियों को कर्ज मुक्त बनाने का प्लान है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के मुताबिक वह अपने डिजिटल बिजनेस के लिए पूरी तरह से एक सब्सिडियरी बनाएगी। यह ग्राहकों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करेगा और रिलायंस जियो की सभी ऑपरेशन कर्जों को खत्म कर देगा। जियो कंपनी के फाइनेंशियल ऑफिसर वी श्रीकांत ने बताया था कि साल 2019 की 30 सितंबर को जियो पर करीब 84 हजार करोड़ का कर्ज था।

# एसबीआई लाइफ पर लगा 4 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र के नियामक इरडा ने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर चार लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने विज्ञापन और बीमाधारकों के हितों की सुरक्षा से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया था। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने कहा कि उसने 30 नवंबर 2016, 23 दिसंबर 2016, 17 फरवरी 2017 और 23 मार्च 2017 को हस्ताक्षर किए गए प्रोपोजल फॉर्म्स के नमूनों की जांच की थी। इरडा ने अपनी जांच में पाया कि फॉर्म में बीमा कानून (संशोधन) अधिनियम-2015 से पहले के प्रावधानों का उल्लेख था, जबकि उसकी जगह नए प्रावधान होने चाहिए थे। बीमा अधिनियम-1938 की धारा 45 का भी ठीक तरह से उल्लेख नहीं था। इस धारा का संबंध विज्ञापन और उद्घोषणा नियमों से है।

## दिसंबर तक सोना 42 हजार तक : विश्लेषक

**मुंबई।** बाजार विश्लेषकों के अनुसार भू-राजनीतिक अनिश्चितता, केंद्रीय बैंकों की ओर से सोने की सतत खरीद और रुपये की विनिमय दर की कमजोरी से सोना इस साल के अंत तक 42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच सकता है। कॉम्ट्रेन्ज रिसर्च के सह-संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी गननशेखर त्यागराजन ने कहा पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता के चलते सोना वैश्वक थोक बाजार में 1,650 डॉलर प्रति औंस और एमसीएक्स में 42,000 रुपये तक जा सकता है।

## अवकाश के चलते शेयर बाजार और कमोडिटी वायदा बाजार में कारोबार बंद रहा

# आईबीजेए की मुहूर्त ट्रेडिंग में बिका 100 किलो सोना, 600 किलो चांदी

पिछले साल की मुहूर्त ट्रेडिंग के मुकाबले सोने और चांदी में हालांकि काफी उंचे भाव पर सौदे हुए



मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान 24 कैरट का सोना 38,666 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका जबकि धनतेरस पर 25 नवंबर को 24 कैरट सोने का भाव 38,725 रुपये प्रति 10 ग्राम था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल के आगाज पर सोमवार को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा आयोजित करीब आधे घंटे की मुहूर्त ट्रेडिंग दौरान देशभर में 100 किलो सोना बिका, जबकि चांदी की बिक्री 600 किलो रही। पिछले सत्र के मुकाबले सोने में सुस्ती रही जबकि चांदी में तेजी के साथ कारोबार हुआ। गौरतलब है कि इस बार धनतेरस पर देशभर में 30 टन सोने की लिवाली रही। आईबीजेए के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि पिछले साल की मुहूर्त ट्रेडिंग के मुकाबले सोने और चांदी में हालांकि काफी उंचे भाव पर सौदे हुए लेकिन बीते कारोबारी सत्र में धनतेरस पर सोने का जो भाव था उससे कम भाव पर सौदे हुए, जबकि चांदी में उंचे भाव पर सौदे हुए। एसोसिएशन से मिली जानकारी के अनुसार, मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान 24 कैरट का सोना 38,666 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका जबकि धनतेरस पर 25 नवंबर को 24 कैरट सोने का भाव 38,725 रुपये प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी में 46,751 रुपये प्रति किलो पर सौदे हुए जबकि धनतेरस पर चांदी का भाव 46,775 रुपये प्रति किलो था। 22 कैरट शुद्धता का सोना 38,511 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव बिका जबकि धनतेरस के दिन 22 कैरट सोने का दाम 38,570 रुपये प्रति 10 ग्राम था। वहीं, 22 कैरट शुद्धता का सोना 38,511 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव बिका जबकि धनतेरस के दिन 22 कैरट सोने का दाम 38,570 रुपये प्रति 10 ग्राम था। मुहूर्त ट्रेडिंग 11.56 में शुरू हुई और 12.28 बजे तक चली। इस दौरान मुंबई के झावेरी बाजार स्थित आईबीजेए के दफ्तर में एसोसिएशन के सदस्य मुहूर्त सौदे के लिए जुटे थे। दिवाली के अगले दिन हिंदू नव वर्ष का आरंभ होता है जब कारोबारी नए साल की अपनी नई खाता-बही की शुरूआत करते हैं। दिवाली के बाद बलि प्रतिपदा का अवकाश होने के कारण सोमवार को देश के शेयर बाजार और कमोडिटी वायदा बाजार में कारोबार बंद है। गुजरात और मध्यप्रदेश समेत देश के कुछ हिस्सों में नये साल के पहले दिन होने के कारण छुट्टियां मनाई जा रही है।

## मुंबई से लेकर दिल्ली-एनसीआर में बनेंगे ज्वेलर्स पार्क

**नई दिल्ली।** जेम्स व ज्वेलरी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मुंबई समेत देश के कई शहरों में ज्वेलरी पार्क खोलने की तैयारी है। इन पार्क में कई सौ ज्वेलरी यूनिट होंगी। ज्वेलर्स की सुविधा के लिए पार्क में कई आधुनिक मशीन लगाई जाएंगी ताकि ज्वेलरी निर्माण की लागत कम हो सके और भारतीय ज्वेलरी अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सके। इस प्रकार का सबसे पहला पार्क मुंबई में बनेगा। फिर दिल्ली-एनसीआर एवं बंगलुरू जैसे शहरों में बनाने की योजना है।

### 25 लाख नई नौकरियों के सृजन का है लक्ष्य

जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के मुताबिकए जेम्स व ज्वेलरी के निर्यात को 2025 तक 75 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि इस क्षेत्र में 25 लाख नई नौकरियों का सृजन हो सके। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए काउंसिल सरकार के सहयोग से कई योजनाएं बना रही है। ज्वैलरी पार्क का निर्माण भी उन्हीं योजनाओं में से एक हैं। मुंबई में जो पार्क बनाए जाएंगे, वहां 2000 यूनिट लगाने की योजना है। वैसे ही, दिल्ली के कूंचा महाजनी सर्राफा बाजार को ज्वैलरी पार्क के रूप में विकसित किया जा सकता है। इन पार्क में ज्वेलरी डिजायन से लेकर इसकी शुद्धता जांच एवं अन्य कई प्रकार की आधुनिक मशीन होगी ताकि ज्वेलरी के काम की लागत को कम किया जा सके। ज्वेलरी पार्क के खुलने के बाद निर्यात में 6-8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है। निर्यात में इजाफा के लिए नए-नए क्लस्टर खोलने की भी तैयारी चल रही है।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

INDIA'S No.1
तंत्र-मंत्र के सम्राट, गोल्ड मेडलिस्ट
खुदा ने चाहा तो आपका प्यार टुटने नहीं दूँगा
11मिनटो में फोन पर घर बैठे
कठिन समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान
जैसे: वशीकरण, लवमैरिज, पति-पत्नी मे अनबन गृहक्लेश, सौतन-दुश्मन, लॉटरी-सटटा फिल्म मॉडलिंग गढ़ाधन, कर्ज,कारोबार मे बंदिश, विदेश-यात्रा आदि।
प्यार में धोखा खाये प्रेमी प्रेमिका वशीकरण एवं लव मैरिज कराने हेतु एक बार अवश्य फोन करें।
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी Reg No. 5568
बाबा शकवात बंगाली
काम ना होने पर पैसे वापस
09870155846

ढोंगी बाबाओं के भेष में बैठे हैं शैतान तो कैसे होंगे काम
11 मिनटों में शक्ति चमत्कार देखें घर बैठे फोन पर पायें सभी समस्याओं का समाधान
अघोरी तांत्रिक बाबा रोमानी बंगाली (पुराने किलेवाले)
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, प्यार में धोखा आदि। मुझसे पहले काम करने वाले को मुंहमांगा ईनाम।
97 60 37 09 60

### चिकित्सा

नशा मुक्त भारत अभियान
घर बैठे शराब छुडवायें हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में अगर आप सभी जगह की दवाई खिलाकर थक चुके हैं तो एक बार अवश्य संपर्क करें
शराब, स्मैक, अफीम, हेरोइन, चरस, गांजा, गुटका, तम्बाकू, सिगरेट, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुशमन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दु:ख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं0 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि। हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा।
9012661598
8191087356

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

### ज्योतिष

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

अब तक परेशान क्यों है?
दु:खों को खुशी में बदलने वाले
3 घंटे में अपनी A to Z सभी समस्याओं का 100% गारंटीड समाधान करवाएं
बाबा फरीद खान बंगाली
आप किसी भी समस्या से परेशान है तो अभी फोन करें, घर बैठे या मिलकर समाधान करवायें
स्पे. लवमैरिज, शादी में रुकावट, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, कारोबार परेशानी, प्रेमविवाह, गृहक्लेश, कैरियर, प्यार में धोखा, प्यार मोहब्बत, किया कराया, पढ़ाई में मन न लगना
अगर किसी का पति/प्रेमी या बेटा-बेटी दूसरे के वश में हो तो अवश्य फोन करें
स्पेशलिस्ट : वशीकरण व मुठकरणी
नोट : सभी जगह से निराश व मायूस एक बार अवश्य फोन करें या आकर मिलें
7688896500
पता : नियर आजादपुर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली


## बायोकॉन 2019 में विश्व की शीर्ष छठी बायोटेक नियोक्ता

**बेंगलुरू।** जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाली देश की प्रमुख कंपनी बायोकॉन लिमिटेड, जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र के शीर्ष-10 वैश्विक नियोक्ताओं की सूची में छठे स्थान पर रही है। अमेरिका की एक 'साइंस' पत्रिका इस सूची को तैयार करती है। बायोकॉन वार्षिक सूची में इकलौती एशियाई कंपनी है। साइंस करियर्स टॉप-20 नियोक्ता' सूची को 2012 में शुरू किया गया था। बायोकॉन 2019 में विश्व की छठी फार्मा एवं बायोटेक कंपनी बनकर उभरी है।


### आवश्यकता

☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

### फायनेंस

☛ दिवाली धमाका ऑफर बाजाज फायनेंस कंपनी देश की नम्बर 1 कंपनी सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान। मो.न. 9548973844

### ज्योतिष

अब तक निराश क्यों? एक बार अवश्य फोन करें
AtoZ समस्याओं का घरबैठे 100% समाधान
ईश्वर ने चाहा किसी को रोने नही दूंगा
स्पे: वशीकरण, मुठकरनी, पति-पत्नी मे अनबन मनचाहा प्यार, सौतन/दुश्मन गृहक्लेश, विदेशयात्रा, शादी तलाक, गढ़ाधन, कारोबार बंदिश, खिलाया-पिलाया, जादू, नौकरी, मुकदमा।
अगर आपका परिचित किसी ओर व्यक्ति के वश में हो तो फोन करें
मेरा किया काम कोई तोड़े तो उसे मुँह मांगा इनाम
स्पे० वशीकरण, मुठकरनी और काला जादू
बाबा आमिल सूफी
9717041517
9891374839

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरु मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265


# देश की पहली कोच्चि वॉटर मेट्रो को केंद्र ने दी पर्यावरण मंजूरी

78.2 किलोमीटर लंबी मेट्रो का होगा निर्माण



**नई दिल्ली।** केरल के कोच्चि में बनाई जा रही देश की पहली कोच्चि वॉटर मेट्रो को केंद्र सरकार ने पर्यावरण मंजूरी दे दी है। इस वॉटर मेट्रो के निर्माण पर करीब 819 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस मेट्रो के बनने के बाद कोच्चि के उपनगर 10 द्वीपों से जुड़ जाएंगे। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने इस मामले के लिए गठित पैनल की सिफारिशों के आधार पर कोच्चि वॉटर मेट्रो को अंतिम पर्यावरण मंजूरी दे दी है। कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड (केएमआरएल) केंद्र सरकार औक केरल सरकार का संयुक्त उपक्रम है जो कोच्चि वाटर मेट्रो की क्रियान्वयन एजेंसी है। प्रस्ताव के अनुसार, यह प्रोजेक्ट के लिए कुल 15 रूट चिह्नित किए गए हैं जो 38 टर्मिनल के जरिए 10 द्वीपों को जोड़ेंगे। इन सभी चैनल की लंबाई 78.2 किलोमीटर होगी। इसके अलावा केएमआरएल ने 7 अतिरिक्त टर्मिनल बनाने का प्रस्ताव दिया है।

### 819 करोड़ खर्च होंगे

प्रस्ताव के अनुसार कोच्चि वॉटर मेट्रो के निर्माण पर 819 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और इसके लिए 9.51 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता होगी। केएमआरएल के अनुसार इस प्रोजेक्ट के मकसद सुंदर द्वीपों तक पहुंच को आसान बनाना और कोच्चि के आसपास रोजगार की संभावना बढ़ाना है। आपको बता दें कि यह एक खास प्रकार की जल परिवहन प्रणाली है जिसमें तेज, ईंधन कुशल और वातानुकूलित नौकाएं सेवाएं देंगी।

# एयर इंडिया को बेचने के लिए ढीले होंगे एफडीआई के नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया को बेचने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों को ढीला किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और नागर विमानन मंत्रालय एयर इंडिया में बोली लगाने के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से एफडीआई के नियमों को ढीला करने की संभावना पर विचार कर रहा है। एक अंतर मंत्रालय समूह की मंगलवार को होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर बात हो सकती है।

सरकार लंबे समय से एयर इंडिया को बेचने की कोशिश कर रही है। लेकिन वह बोली आकर्षित करने में असफल रही है। अब फिर एक बार सरकार ने अगले महीने कंपनी को बेचने के लिए बोली आमंत्रित करने का फैसला किया है। अधिकारी ने कहा कि मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहॉल (एमआरओ), ग्राउंड हैंडलिंग और एयरक्राफ्ट पर्चेज में ऑटोमैटिक मार्ग से 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति है।

### एयर इंडिया पर करीब 58,000 करोड़ का कर्ज

एयर इंडिया पर करीब 58,000 करोड़ रुपए का कर्ज है। इसके अलावा उसे हजारों करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है। अधिकारी ने कहा कि विभाग उन क्षेत्रों में एफडीआई नियमों को ढीला करने पर विचार कर रहा है, जिनमें अभी ऑटोमैटिक मार्ग से 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति नहीं है। हम उन क्षेत्रों पर गौर कर रहे हैं, जिनमें 100 फीसदी ऑटोमैटिक एफडीआई की अनुमति नहीं है। हम उनसे संबंधित विभागों से भी बात कर यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या वे और उदारीकरण चाहते हैं। रक्षा, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी और वित्त मंत्रालय सहित कई मंत्रालय के अधिकारी इस बैठक में हिस्सा लेंगे।

## नशा टेस्ट में विफल 13 विमानन कर्मचारी 3 माह के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट पर अक्सर दुर्घटनाएं घटती हैं, लेकिन इसकी तह तक शायद ही पहुंचा जाता है। आमतौर पर इन घटनाओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन डीजीसीए की बेथ एनालाइजर (बीए) जांच में इन घटनाओं के असली कारणों का पता चल जाता है। विभिन्न विमानन कंपनियों और हवाईअड्डों के 13 कर्मचारी 16 सितंबर के बाद से शराब परीक्षण में विफल पाए गए हैं। सभी को तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारी ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इसमें सात कर्मचारी इंडिगो के और एक-एक गोएयर और स्पाइस जेट के हैं। चिंताजनक बात यह है कि एयरलाइंस तथा एयरपोर्ट्स के इन 13 कर्मचारियों में 5 ड्राइवर शामिल हैं।

# आर्थिक सुस्ती के कारण खाड़ी देशों में अशांति और सामाजिक तनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बेरोजगारी की समस्या से निपटना भी हुआ मुश्किल : आईएमएफ

बेरोजगारी और आर्थिक सुस्ती के कारण खाड़ी के कई देशों में सामाजिक तनाव और अशांति बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने सोमवार को यह बात कही। आईएमएफ की ताजा क्षेत्रीय आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा गया है कि अशांति की वजह से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र (मेना) की विकास दर प्रभावित हुई है। इसके अलावा वैश्विक व्यापार तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और ब्रेक्जिट की प्रक्रिया सही तरीके से नहीं होने की वजह से भी इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है।

इससे पहले इसी महीने आईएमएफ ने 2019 के लिए क्षेत्र की वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया था। आईएमएफ ने खाड़ी देशों और ईरान की वृद्धि दर का अनुमान पिछले साल के 1.1 प्रतिशत से घटाकर मात्र 0.1 प्रतिशत कर दिया था। आईएमएफ ने क्षेत्र की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं(सऊदी अरब, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात) की विकास दर के अनुमान को कम किया है।

आईएमएफ के पश्चिम एशिया और मध्य एशिया निदेशक जिहाद अजूर ने कहा कि क्षेत्र के इन देशों की वृद्धि दर इतनी कम है कि बेरोजगारी की समस्या से निपटना मुश्किल है। अजूर ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर 25-30 प्रतिशत है। बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए क्षेत्र में वृद्धि दर एक से दो प्रतिशत अधिक होनी चाहिए। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि बेरोजगारी की ऊंची दर की वजह से खाड़ी देशों में सामाजिक तनाव बढ़ रहा है।

# अमेजन-फ्लिपकार्ट पर जीएसटी न देने का आरोप

## वित्त मंत्री से की दोनों के बिजनेस मॉडल की जांच की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजे गए एक पत्र में कंफेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट और अन्य द्वारा अपने ऑनलाइन पोर्टल पर की जा रही बिक्री में जीएसटी राजस्व के नुकसान का आरोप लगाया है और कहा है की माल के वास्तविक बाज़ार मूल्य से काफी कम पर ये कंपनियां माल बेचकर सरकार को जीएसटी राजस्व का चूना लगा रही है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि दोनों ई-कॉमर्स कंपनियां लागत से भी कम मूल्य पर माल बेचकर और गहरी छूट दे रही हैं जो सरकार की एफडीआई नीति के खिलाफ है और जिसके द्वारा उत्पादों के मूल्य बाजार मूल्य से बहुत नीचे रखे जाते हैं जिस पर सरकार को जीएसटी दिया जा रहा है जबकि सरकार को वास्तविक बाजार मूल्य पर जीएसटी का राजस्व मिलना चाहिए। कैट ने वित्त मंत्री से इन कंपनियों के व्यवसाय मॉडल की जांच करने का आग्रह किया है जिसके कारण से सरकार को बड़े पैमाने पर जीएसटी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। यह जांच जब से देश में जीएसटी लगा है तब से होनी चाहिए और इस बीच जितने भी मूल्य का माल इनके पोर्टल पर भारी छूट देकर बिका है उसके बाजार मूल्य से जीएसटी सरकार को लेना चाहिए है।

### कैट ने राज्यों के वित्त मंत्रियों को भी भेजे पत्र

जीएसटी अधिनियम के तहत सरकार के पास उत्पादों के वास्तविक बाजार मूल्य को निर्धारित करने का अधिकार है। कैट ने इसी तरह के पत्र केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों को भी भेजे हैं।

## खबर संक्षेप

### सत्रहवीं रैकेटलोन विश्व चैम्पियनशिप में भारत की 13 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** आशुतोष पेडनेकर की अगुवाई में भारत की 13 सदस्यीय रैकेटलोन टीम जर्मनी में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेगी। रैकेटलोन चार प्रमुख रैकेट खेलों बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस और स्क्वाश का मिला जुला रूप है। भारतीय रैकेटलोन खेल संघ के अध्यक्ष पूर्व बैडमिंटन चैम्पियन के के चीमा हैं। भारत की दो टीमें 20 से 24 नवंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में खेलेगी । टीम वन में दो महिला खिलाड़ी और टीम टू में एक महिला खिलाड़ी है।

### चीन डब्ल्यूटीए के फाइनल में स्वितोलिना

**शेनजेन (चीन)।** मौजूदा चैम्पियन एलिना स्वितोलिना ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज कैरोलिना प्लिस्कोवा के खिलाफ अपना दबदबा जारी रखते हुए सोमवार को यहां डब्ल्यूटीए (चीन) टूर्नामेंट के फाइनल में जगह पक्की की। आठवीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने एक घंटे 53 मिनट तक मुकाबले को 7-6, 6-4 से अपने नाम किया। प्लिस्कोवा पूरे मैच में सहज नहीं दिखी और उन्होंने 42 'अनफोर्स्ड' गलतियां की जिसका स्वितोलिना ने फायदा उठाते हुए इस खिलाड़ी के खिलाफ चौथी जीत दर्ज की।
फाइनल में उनका सामना यूएस ओपन चैम्पियन बियांका एंड्रेस्कू और विम्बलडन चैम्पियनप सिमोना हालेप के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

### जोशना प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**काहिरा।** भारत की अनुभवी स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा सीआईबी पीएसए महिला विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। जोशना ने हांगकांग की हो जी लोक को हराया । दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी जोशना का सामना अब मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नूर अल शेरबिनि से होगा। जोशना को महज 12 मिनट ही कोर्ट पर रहना पड़ा जब जी लोक ने चोट के कारण मैच छोड़ दिया। उस समय जोशना 11 -5, 11 -4 से आगे थी। पुरुषों के मिस्र ओपन में सौरव घोषाल ने टी फुंग यिप को 11-9, 11-5, 11-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली थी। वह तीसरे दौर में मिस्र के फारेस डेसूकी से 6-11, 5-11, 5-11 से हार गए।

### विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप की तैयारी में जुटा भारत

**नई दिल्ली।** जूनियर एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता शरवन यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती का आगाज करेंगे । भारत की 30 सदस्यीय कुश्ती टीम रविवार को बुडापेस्ट रवाना हो गई। भारत के लिये पिछली बार रवि कुमार दहिया ने 57 किलो वर्ग में रजत पदक जीता था। फ्रीस्टाइल में शरवन (65 किलो) भारत की प्रमुख पदक उम्मीद है । टीम में ग्रीको रोमन पहलवान साजन भानवाल भी है जिन्होंने 77 किलो वर्ग में विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में तीन पदक जीते थे। महिलाओं में पिंकी और रेशमा माने की नजरें भी पदक पर होंगी। पहले दिन नवीन (57 किलो), नवीन (70 किलो), वीरदेव गुलिया (79 किलो) और आकाश अंतिल (97 किलो) पर भी नजरें होंगी।

### वुड्स ने जीत के साथ रिकार्ड की बराबरी की

**इनजाई (जापान)।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने यहां सोमवार को जोजो चैम्पियनशिप का खिताब जीत कर सैम स्नेड के 54 साल पुराने रिकार्ड की बराबरी की। वुड्स के करियर का यह 82वां यूएस पीजीए टूर खिताब है जिससे जीत कर उन्होंने इस खेल के महानतम खिलाड़ियों में शुमार स्नेड के रिकार्ड की बराबरी की। वुड्स के बायें घुटने की सर्जरी अगस्त में हुई थी जिसके बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट है।
अब तक 15 मेजर खिताब जीत चुके इस खिलाड़ी को स्थानीय दावेदार हिदेकि मात्सुयामा ने कड़ी टक्कर दी लेकिन खराब मौसम के बाद भी वुड्स ने तीन शाट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया। वुड्स का कुल स्कोर 19 अंडर का रहा।
इस जीत से वुड्स को पुरस्कार राशि के रूप में 17.55 लाख डालर मिले।

# भारतीय क्रिकेट के भविष्य का खाका तैयार करेंगे गांगुली

## एनसीए अध्यक्ष द्रविड से मुलाकात करेंगे नए बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ

भाषा ⏭नई दिल्ली





राष्ट्रीय टीम का लंबे समय तक एक साथ प्रतिनिधित्व करने वाले सौरव गांगुली और राहुल द्रविड क्रमशः बीसीसीआई अध्यक्ष और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख के तौर पर भारतीय क्रिकेट के भविष्य का खाका तैयार करने के लिए बुधवार को बेंगलुरु में मुलाकात करेंगे। द्रविड ने जुलाई में एनसीए प्रमुख का कार्यभार संभाला था। उन्होंने इस संस्था के लिए भविष्य की योजना का खाका तैयार कर रखा है। जब दोनों पूर्व कप्तानों की मुलाकात होगी तब द्रविड अपने विचार साझा करेंगे। इस बैठक में बीसीसीआई ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी भाग लेंगे। तेईस अक्टूबर को होने वाली बैठक में एनसीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तूफान घोष भी शामिल होंगे। गांगुली और द्रविड पहले भी बीसीसीआई की तकनीकी समितियों का एक साथ हिस्सा रह चुके है। ऐसी ही एक बैठक की अध्यक्षता गांगुली ने की थी जबकि द्रविड उसमें अंडर-19 और ए टीम के मुख्य कोच के तौर पर भाग लिया था। एनसीए को भारतीय क्रिकेट की 'सप्लाई लाइन' माना जाता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह रिहैबिलिटेशन केंद्र सा बन गया है। गांगुली ने भी अध्यक्ष बनने के बाद इस बात को माना। ऐसी संभावना है कि गांगुली एनसीए की नयी परियोजना की जानकारी लेंगे, जिसे विकसित किया जा रहा है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी से कहा,''गांगुली और द्रविड़ एनसीए की भविष्य की योजना और उसके सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा करेंगे।''

### प्रथम श्रेणी क्रिकटरों के लिये करार व्यवस्था जल्द

**कोलकाता।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को संकेत दिया कि जल्दी ही भारत में प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों के लिये करार व्यवस्था लागू की जायेगी जिससे उन्हें वित्तीय सुरक्षा दी जा सके। गांगुली ने बतौर बीसीसीआई अध्यक्ष प्रेस ट्रस्ट को दिये पहले इंटरव्यू में कहा कि घरेलू क्रिकेटरों की वित्तीय स्थिति उनकी प्राथमिकता है और वह मैच फीस में बढोतरी चाहते हैं। गांगुली ने कहा कि देश के शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की तरह घरेलू क्रिकेटरों के लिये भी भुगतान का सुव्यवस्थित ढांचा होना चाहिये।

## गांगुली को ईडन गार्डन में दिन-रात्रि टेस्ट की उम्मीद, अब गेंद बांग्लादेश के पाले में

**कोलकाता।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को उम्मीद जतायी की बांग्लादेश की टीम ईडन गार्डन में होने वाले टेस्ट मैच को दिन-रात्रि में खेलने के लिए सहमत होगी। ईडन गार्डन में यह मुकाबला 22 से 26 नवंबर तक खेला जाना है। बांग्लादेश की टीम हालांकि गुलाबी गेंद से खेलने से बचना चाहती है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अपने सीनियर खिलाड़ियों के साथ बैठक कर इस मामले में अपने फैसले के बारे में बीसीसीआई अध्यक्ष को सोमवार देर शाम या मंगलवार सुबह तक सूचित कर देगा। गांगुली ने पीटीआई से कहा, '' मैंने बीसीबी अध्यक्ष (नज्मुल हसन) से बात की है। वह सहमत हैं, वह इस मामले पर खिलाड़ियों से बात करना चाहते है। मुझे यकीन है कि यह दिन-रात्रि मैच होगा। वे जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा भी करेंगे। उम्मीद है, आज रात 10 - 10.30 बजे तक हमें इसकी सूचना मिल जाए।'' बीसीबी के क्रिकेट संचालन प्रमुख और पूर्व कप्तान अकरम खान ने स्वीकार किया कि जहां तक दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से खेलने की बात है तो टीम के साथ तैयारी की कमी जैसे व्यावहारिक मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, ''यह एक शानदार पहल है लेकिन हमें खिलाड़ियों को विश्वास में लेने की जरूरत है। यदि आप यात्रा कार्यक्रम को देखते हैं, तो हमें दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से प्रशिक्षण और तैयारियों के लिए शायद दो दिन ही मिलेंगे। यह तैयारी के लिए बहुत कम समय है। खिलाड़ी बोर्ड अध्यक्ष से मुलाकात कर रहे है।

### मार्कस और केविन ने 18-21, 16-21 से दी मात

# बैडमिंटनः सात्विक-चिराग फ्रेंच ओपन के फाइनल में हारे

इंडोनिशया की जोड़ी का यह विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर 121वां सप्ताह

भाषा ⏭पेरिस



सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को यहां मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार गयी। भारतीय जोड़ी को मार्कस और केविन से 18-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जोड़ी का यह विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर 121वां सप्ताह है। सात्विक और चिराग अभी तक सात बार उनसे भिड़े हैं लेकिन हर बार भारतीय जोड़ी को पराजय झेलनी पड़ी। अगस्त में थाईलैंड ओपन का खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग 35 मिनट तक चले फाइनल में थोड़ा नर्वस दिखे। इस हार के बावजूद इस जोड़ी का प्रदर्शन सराहनीय रहा क्योंकि वह विश्व टूर 750 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी है। पार्थो गांगुली और विक्रम सिंह बिष्ट आखिरी भारतीय जोड़ी थी जिसने 1983 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। एकल में किदाम्बी श्रीकांत ने 2017 में पुरुष वर्ग का खिताब जीता था जबकि साइना नेहवाल 2012 में यहां फाइनल में पहुंची थी। सात्विक और चिराग की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इंडोनेशिया की जोड़ी ने 7-1 से बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी की और वे एक समय स्कोर को 17-17 से बराबरी पर ले आये। इंडोनेशिया की जोड़ी ने हालांकि जल्द ही तीन गेम अंक हासिल किये। इनमें भारतीय जोड़ी ने एक अंक बचाया लेकिन वे मार्कस और केविन को पहला गेम जीतने से नहीं रोक पाये। दूसरे गेम में शुरू में पिछड़ने के बाद सात्विक और चिराग ने वीडियो रेफरल अपने पक्ष में आने के बाद 6-6 से बराबरी की और फिर दोनों जोड़ियां 10-10 तक एक दूसरे को टक्कर देती रही। ब्रेक के समय मार्कस और केविन ने केवल एक अंक की बढ़त हासिल कर रखी थी। इंडोनेशिया की जोड़ी इसके बाद हावी हो गयी और उसने 18-13 से बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने जल्द ही चार मैच प्वाइंट हासिल किये और सात्विक के शाट बाहर मारने के साथ ही वर्ष का सातवां खिताब अपने नाम किया।

### मैं इसे दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कहूंगाः चिराग

चिराग ने कहा, ''हमारा खेल एक जैसा है लेकिन हमने काफी गलतियां कीं। हमें खेल को धीमा करना चाहिए था। हम नर्वस नहीं थे, शायद अगर हम पहला गेम जीत जाते तो चीजें अलग हो सकती थीं।'' उन्होंने कहा, ''हमने दोनों ही गेम में धीमी शुरुआत की। केविन और मार्कस ने पहले सात अंक में दबदबा बनाया लेकिन हम वापसी करते हुए स्कोर 17-17 करने में सफल रहे। थोड़े भाग्य और बेहतर शाट चयन से हमें जीत सकते थे।'' इस हफ्ते के प्रदर्शन पर चिराग ने कहा, ''हम इस हफ्ते जिस तरह खेले उससे खुश हैं। ये सात दिन काफी अच्छे रहे। मैं इसे दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कहूंगा क्योंकि थाईलैंड ओपन की जीत के दौरान बेशक हमने सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया।'' इस बीच रियो ओलंपिक चैंपियन पांचवें वरीय चीन के चेन लोंग ने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को 21-19, 21-12 से हराकर पुरुष एकल का खिताब जीता। महिला वर्ग में कोरिया की किशोरी आन सी यंग ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन को 16-21, 21-18, 21-5 से पराजित करके सत्र का चौथा खिताब हासिल किया।

# हैमिल्टन को मैक्सिकन ग्रां प्री का खिताब

भाषा ⏭मैक्सिको सिटी



लुईस हैमिल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को मैक्सिकन ग्रां प्री का खिताब जीता जो इस सत्र में उनकी मर्सीडीज के लिये दसवीं जीत है। हैमिल्टन ने फेरारी के सेबेस्टियन वेटेल और मर्सीडीज के अपने साथी वालटेरी बोटास को पीछे छोड़ा। पोल पोजीशन से शुरुआत करने वाले फेरारी के चार्ल्स लेकलेर्क चौथे जबकि रेडबुल के अलेक्स एलबोन पांचवें और मैक्स वर्सटापेन छठे स्थान पर रहे।
स्थानीय खिलाड़ी सर्जियो पेरेज ने सातवां और रेनाल्ट के डेनियल रिकार्डो ने आठवां स्थान हासिल किया। हैमिल्टन ने मैक्सिको में दूसरी और अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। मर्सीडीज की फार्मूला वन में यह 100वीं जीत भी है। हैमिल्टन को अब चैंपियनशिप जीतने के लिये केवल चार अंक की दरकार है जिसे वह अमेरिकी ग्रां प्री में हासिल कर सकते हैं।

## कुछ लोग बांग्लादेश के भारत दौरे को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे : बीसीबी अध्यक्ष

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश के आगामी भारत दौरे को नुकसान पहुंचाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और देश के शीर्ष क्रिकेटरों की 11 मांगों को लेकर की गई हड़ताल इसका हिस्सा है। तीन टी20 और दो टेस्ट के बांग्लादेश के चार हफ्ते के भारत दौरे से पहले बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी स्तर पर बेहतर वेतन को लेकर हड़ताल की थी लेकिन बीसीबी के मांग मानने पर सहमत होने के बाद इसे वापस ले लिया था। हसन ने शीर्ष बंगाली दैनिक 'प्रोथोम आलो' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''आप लोगों (मीडिया) ने भारत दौरे को लेकर अब तक कुछ नहीं देखा है। इंतजार कीजिए और देखिए। अगर मैं कह रहा हूं कि मेरे पास सूचना है कि यह भारतीय दौरे को नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र है तो आपको मुझ पर विश्वास करना चाहिए।''



### शाकिब पर कार्रवाई नहीं पर देना होगा नोटिस का जवाब

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) संभवतः शाकिब अल हसन पर किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं करेगा लेकिन बोर्ड के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा कि केंद्रीय अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने के लिये टेस्ट और टी20 कप्तान को कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। शाकिब को देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी 'ग्रामीणफोन' ने अपना ब्रांड दूत नियुक्त किया है जो कि टीम के प्रायोजक 'रोबी' का प्रतिस्पर्धी है।

### टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन ने दक्षिण कोरिया की सियोंगिल जंग और जापान की सोरा मत्सुशिमा के साथ मिलकर पोलैंड में चल रही आईटीटीएफ विश्व कैडेट चैलेंज में स्वर्ण पदक जीता। टीम एशिया की नुमाइंदगी कर रही तीनों खिलाड़ियों ने 3-0 से जीत दर्ज की। जंग ने सिंगापुर की योंग इजाक कुएक को 3-1 से हराया जबकि सोरा ने रोमानिया की लूलियप चिरिटा को 3-1 से मात दी। पायस जैन ने स्पेन की डेनियल बर्जोसा को 3-1 से शिकस्त दी। इससे पहले एशिया ने टीम यूरोप को हराया था। लड़कियों के टीम वर्ग में यशस्विनी घोरपड़े ने एशियाई चुनौती की अगुवाई करके पोलैंड को 3-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।



### सीसीआई खेल संघों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा की शिकायतों पर नजर रखेगा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की निगरानी रखने वाली नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने खेल संघों के 'स्व नियामक' ढांचे से छेड़छाड़ किये बिना प्रतिस्पर्धा चिंताओं को दूर करने के लिए इसके हितधारकों के साथ बातचीत की। सीसीआई के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ समय से इस नियामक के समक्ष खेल क्षेत्र से जुड़े कई मामले आये हैं जिसमें प्रतिस्पर्धा संबंधी चिंताएं शामिल हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, '' इसके बड़े मुद्दों में एक मामला यह भी है कि राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों के चयन में अहम भूमिका निभाने वाले कुछ महासंघ अन्य इकाइयों को टूर्नामेंटों का आयोजन नहीं करने देते।'' गुप्ता ने कहा कि कई मामलों में किसी दूसरी इकाई द्वारा आयोजित टूर्नामेंटों में खेलने से खिलाड़ियों को रोका भी जाता है। उन्होंने कहा, '' आयोग ने इसके लिए कार्यशाला रखने का प्रस्ताव दिया है जिसमें विभिन्न हितधारकों के पास प्रासंगिक मुद्दों पर विचार व्यक्त करने का मौका होगा।

# पापुआ न्यूगिनी और आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया

भाषा ⏭दुबई

पापुआ न्यूगिनी और आयरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप क्वालीफायर में अपने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई किया। पापुआ न्यूगिनी ने रविवार को खेले गये मैच में छह विकेट पर 19 रन की खराब शुरुआत से उबरकर कीनिया को 45 रन से हराया। पापुआ न्यूगिनी ने आठवें नंबर के बल्लेबाज नार्मन बानुआ के 54 रन की मदद से 19.3 ओवर में 118 रन बनाये और फिर कीनिया को 18.4 ओवर में 73 रन पर ढेर कर दिया। इस जीत के बावजूद पापुआ न्यूगिनी का क्वालीफाई करना तय नहीं था क्योंकि नीदरलैंड अगर स्काटलैंड को 12.3 ओवर में हरा देता तो वह ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर विश्व कप में सीधा प्रवेश कर जाता। नीदरलैंड ने 17 ओवर में चार विकेट से जीत दर्ज की। इन दोनों टीमों के ग्रुप ए में दस-दस अंक थे लेकिन पापुआ न्यूगिनी बेहतर रन गति में आगे रहकर पहली बार टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर गया। आयरलैंड भी ग्रुप बी में बेहतर रन गति के आधार पर शीर्ष पर रहकर विश्व कप में जगह बनाने में सफल रहा। आयरलैंड, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तीनों के समान आठ आठ अंक थे। यूएई ने अपने अंतिम मैच में कनाडा को 14 रन से हराया लेकिन वह तीसरे स्थान पर रहा और उसे अब प्लेआफ में खेलना होगा।

### वनडे श्रृंखला के लिये इंडीज टीम की घोषणा

**सेंट जोंस।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाले पहले दो एकदिवसीय मैचों के लिये 14 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की है जिसमें अनुभवी शेमाइन कैंपबेल और चेडीन नेशन की वापसी हुई है। दोनों ने आखिरी वनडे जून में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उसके बाद चोट के कारण वे आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से बाहर रहे थे। इनके अलावा दो नये चेहरों तेज गेंदबाज शामंशा हेक्टर और हरफनमौला आलिया अलेने को भी टीम में जगह दी गई है । =पहला वनडे एक नवंबर को सेंचुरियन में खेला जायेगा। अगले दो मैच भी यही खेले जायेंगे जबकि बाकी दो मैच गुयाना में होंगे।

### वेस्टइंडीज के साथ 3 एकदिवसीय, 3 टी-20 और एक टेस्ट मैच होगा

# अफगानिस्तान क्रिकेट टीम लखनऊ पहुंची

भाषा ⏭ लखनऊ



अफगानिस्तान क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी घरेलू क्रिकेट श्रृंखला के लिए रविवार रात यहां पहुंच गई। टीम ने शहर के 'इकाना स्टेडियम' को अपना घरेलू मैदान बनाया है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच होगा। मेजबान अफगानिस्तान और मेहमान वेस्टइंडीज की टीम के बीच पहला एकदिवसीय मैच छह नवंबर को खेला जायेगा। अफगानिस्तान की टीम ने सोमवार को इकाना स्टेडियम में हल्का अभ्यास भी किया जबकि वेस्टइंडीज की टीम के 31 अक्टूबर तक आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के सचिव युद्धवीर सिंह ने बताया, '' यूपीसीए और अफगान क्रिकेट बोर्ड के बीच केवल इकाना स्टेडियम के लिये 'एमओयू' पर हस्ताक्षर हुये हैं। वह केवल हमारा क्रिकेट स्टेडियम अपने घरेलू मैदान के तौर पर इस्तेमाल करेंगे । इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी तैयारी से यूपीसीए का कोई लेना देना नहीं है। चूंकि अफगानिस्तान के पास अपना क्रिकेट स्टेडियम नहीं है इसलिये उन्होंने यूपीसीए से अपनी घरेलू श्रंखला के लिये स्टेडियम किराये पर लिया है। इससे पहले अफगानिस्तान के मैच देहरादून में भी हुये हैं ।'' लखनऊ के इकाना स्टेडियम के प्रबंध निदेशक उदय सिन्हा ने बताया, ''अफगानिस्तान क्रिकेट टीम रविवार रात लखनऊ आ चुकी है और आज शाम से उन्होंने हल्का अभ्यास भी शुरू कर दिया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के 31 अक्टूबर को आने की संभावना है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों के ठहरने के लिये स्वयं होटल का इंतजाम किया है, साथ ही वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के लिये भी होटल का इंतजाम अफगान क्रिकेट बोर्ड ही करेगा।

### दौरे का कार्यक्रम इस प्रकार है

- ⏭छह, नौ और 11 नवंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच।
- ⏭14, 16 और 17 नवंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच।
- ⏭27 नवंबर से एक दिसंबरः वेस्टइंडीज के खिलाफ एकमात्र टेस्ट।

## भारत-बांग्लादेश मैच पर नहीं होगा प्रदूषण का असर

भाषा ⏭नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को उम्मीद जताई कि प्रदूषण का भारत और बांग्लादेश के बीच यहां तीन नवंबर को होने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए उनकी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। केजरीवाल ने कहा कि इस सत्र में दिल्ली में मैचों का आयोजन किया गया है और रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाला मैच भी खेला जाना चाहिए। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर चिंता का कारण बन गया है। दीपावली के एक दिन बाद सोमवार को मौजूदा सत्र में पहली बार वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्तर पर पहुंच गई। केजरीवाल ने दिल्ली सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, ''उम्मीद करता हूं कि प्रदूषण क्रिकेट के रास्ते में नहीं आएगा। प्रदूषण कम करने के लिए हम चार नवंबर से सम-विषम योजना भी लागू कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैंने देखा है कि इस सत्र में मैचों का आयोजन किया गया है। दिल्ली में मैच खेला जाना चाहिए।''

## खबर संक्षेप



### ओडिशा में दीपावली पर आतिशबाजी से जुड़ी घटनाओं में तीन की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में दीपावली पर आतिशबाजी से जुड़ी घटनाओं में कम-से-कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भुवनेश्वर में रविवार की रात को कथित तौर पर पटाखे फोड़ने के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि क्योंझर जिले में पटाखे के कारण आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दीपावली के अवसर पर अपने घर को सजाते वक्त बिजली का करंट लगने से एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा खंडित की



**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र में कुछ शरारती तत्वों ने गांधी चौक में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित कर दिया। थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार रात को गांधी चौक में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को अज्ञात शरारती तत्वों ने खंडित कर दिया। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और भारतीय दंड संहिता की धारा 509 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। सिंह ने बताया कि गांधी चौक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से प्रतिमा तोड़ने वाले शरारती तत्वों की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। फिलहाल इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### इराक में प्रदर्शनों के खिलाफ चार सांसदों ने दिया पद से इस्तीफा

**बगदाद।** इराक में सरकार विरोधी प्रदर्शनों को रोकने में सरकार के नाकाम रहने और प्रदर्शनकारियों की आवाज दबाने के लिए उठाए गए कदमों के विरोध में चार सांसदों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चार सांसदों के इस्तीफे ने पहले से ही मुश्किलों में घिरे प्रधानमंत्री अदेल अब्देल महदी पर दबाव बढ़ा दिया है। इस महीने के शुरुआत में यहां सत्ता के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुए थे। प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए गोलियां चलाईं गईं, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और अनेक प्रकार की कार्रवाईयां की गईं जिनमें 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। कम्युनिस्ट पार्टी के दो सांसदों रईद फहमी और हाइफा अल अमीन ने एक बयान जारी करके कहा कि वे शांतिपूर्ण,लोकप्रिय अभियान के समर्थन में संसद छोड़ रहे हैं। फहमी ने एएफपी को बताया कि हम प्रदर्शनों के कारण और जिस प्रकार से उसे दबाया गया उसे देखते हुए अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने देखा लाइव प्रसारण, बगदादी की मौत की पुष्टि की

# अमेरिकी सेना से घिरने के बाद आईएस सरगना बगदादी ने खुद को उड़ाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना से घिरने के बाद आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) सरगना अबु बकर अल-बगदादी ने खुद को ही उड़ा लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टीवी पर लाइव प्रसारण के दौरान बगदादी की मौत की पुष्टि की। ट्रम्प ने ऑपरेशन में शामिल सैनिकों की तारीफ करते हुए कहा कि हमारा मिशन शानदार तरीके से पूरा हुआ। बगदादी अमेरिकी ताकत के डर से चीखते-चिल्लाते हुए मारा गया। उसके साथ आईएस के कुछ और आतंकी भी मारे गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि बगदादी ने सेना आते देख अपने ठिकाने के नीचे खुदी सुरंग से भागने की कोशिश की। उसने साथ में अपने तीन बच्चों को भी ले लिया। इस दौरान सैनिकों और मिलिट्री कुत्तों ने उसका पीछा किया। सुरंग में जब उसे रास्ता नहीं मिला, तो उसने खुद की आत्मघाती जैकेट को ब्लास्ट कर लिया। इसमें उसकी और उसके तीनों बच्चों की मौत हो गई। ट्रम्प ने कहा कि विस्फोट में बगदादी का शरीर क्षत-विक्षत हो गया, लेकिन टेस्ट से उसकी पहचान कर ली गई।



### इदलिब प्रांत में अमेरिकी सेना का ऑपरेशन

ट्रम्प ने बताया कि बगदादी को मारने के लिए सीरिया के इदलिब प्रांत में मिलिट्री हेलिकॉप्टर, विमानों और ड्रोन्स के कवर में स्पेशल फोर्सेज को जमीन पर उतारा गया। इसके बाद सैनिकों ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। ट्रम्प ने हाल ही में आईएस के खिलाफ कार्रवाई को मंजूरी दी थी।

### ट्वीट में दिए थे बगदादी के मारे जाने के संकेत

इससे पहले उन्होंने शनिवार रात ट्वीट किया था कि सीरिया में कुछ बड़ा हुआ है। हालांकि, तब उन्होंने यह नहीं बताया कि वे किस बार में ऐसा कह रहे हैं। इसके ठीक बाद ही व्हाइट हाउस ने ऐलान किया कि ट्रम्प कुछ बड़ा ऐलान कर सकते हैं।

### इस साल वीडियो जारी कर ली थी श्रीलंका हमलों की जिम्मेदारी

श्रीलंका के क्राइस्टचर्च में 21 अप्रैल को हुए धमाकों में 253 लोग मारे गए थे। इसके बाद आईएस ने बगदादी का एक वीडियो जारी किया था। इसमें उसे श्रीलंका हमलों की जिम्मेदारी लेते दिखाया गया था। वीडियो में बगदादी कहता है, यह लड़ाई अब खत्म हो चुकी है। इसके बाद और लड़ाई आने वाली हैं, जो दुश्मन के खिलाफ कयामत तक जारी रहेंगी।

### ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना का 'प्रतिभाशाली' कुत्ता घायल हुआः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उत्तरी सीरिया में एक अंधेरी भूमिगत सुरंग में आईएआईएस सरगना बगदादी का पीछा करने वाले अमेरिकी सेना के कुत्तों में से एक कुत्ता घायल हो गया। ट्रंप ने कहा कि हमले में हमारे 'के9' स्वान दस्ते का एक सुंदर और प्रतिभाशाली कुत्ता घायल हुआ है। हालांकि व्हाइट हाउस और पेंटागन ने कुत्तों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है और न ही घायल कुत्ते के बारे में कोई जानकारी दी गई।

### बगदादी की मौत को ऑस्ट्रेलिया सरकार ने आईएसआईएस के लिए बड़ा झटका बताया

**मेलबर्न।** आईएसआईएस के मुखिया अबू बक्र अल बगदादी की मौत को आईएसआईएस के लिए बड़ा झटका करार देते हुए ऑस्ट्रेलिया सरकार ने सोमवार को कहा कि बगदादी ने नस्ली सफाया, यौन दासता और मानवता के खिलाफ अन्य अपराधों के आदेश दिए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ऐलान किया था कि इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) सरगना अबू बक्र अल बगदादी शनिवार को उत्तर-पश्चिम सीरिया में अमेरिका के विशेष बलों की कार्रवाई में मारा गया। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मैरिस पाइन ने कहा कि बगदादी की अगुवाई में दुर्दान्त आतंकी गुट ने इराक और सीरिया में बड़े पैमाने पर विनाश किया। उसने आईएसआईएस के सदस्यों को दुनिया भर में बेकसूर लोगों के खिलाफ कायरतापूर्ण हमले करने के लिए आदेश दिया या उन्हें प्रेरित किया। बेकसूर लोगों में से कई ऑस्ट्रेलियाई थे।

### ट्रंप पर नहीं पाक को यकीन, बगदादी की मौत के लिए आईएस के बयान का इंतजार

**इस्लामाबाद।** इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया(आईएसआईएस) का सरगना अबु बकर अल बगदादी मारा गया है। अमेरिकी सेना के ऑपरेशन में बगदादी तड़पता हुआ मरा है। डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकी आका की मौत का ऐलान किया है लेकिन अभी पाकिस्तान इसपर यकीन नहीं कर रहा है। पाकिस्तानी सीनेट रहमान मलिक ने सोमवार को इस बारे में ट्वीट किया और कहा कि अभी आईएस की ओर से इसपर कोई बयान नहीं आया है। रहमान मलिक ने ट्वीट में लिखा कि बगदादी की मौत के बारे में अभी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सूचना दी है, लेकिन अभी तक आईएस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। अगर वो मर गया है तो उन्हीं खुशी है। सीरिया में इस वक्त काफी कन्फ्यूज माहौल चल रहा है। देखते हैं कि वो सच में मरा है या नहीं। आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ट्वीट कर और फिर दुनिया के नाम अपने संदेश में अबु बकर अल बगदादी की मौत का ऐलान किया था। सीरियाई सीमा के पास अमेरिकी सेना ने बगदादी के खिलाफ ऑपरेशन चलाया, जिसमें बगदादी अपने तीन बच्चों के साथ मारा गया। अमेरिकी सेना को आता देख, चारों ओर से घिर जाने के बाद जब बगदादी को लगा वह अब नहीं बच सकता है, तो उसने अपने आप को बच्चों समेत उड़ा लिया। बाद में लाश के टुकड़ों की जांच की गई और इस बात की पुष्टि हुई कि वो बगदादी ही था।

### पाकिस्तान की बौखलाहट लगातार जारी

## भारत की तमाम कोशिशों के बावजूद दिवाली पर नहीं ली मिठाई

**अटारी।** जम्मू कश्मीर मसले पर पूरे विश्व में मुंह की खानी के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट लगातार जारी है। दिवाली की पूर्व संध्या पर पाकिस्तानी रेंजर्स ने परंपराओं को तोड़ते हुए भारतीय जवानों से इस बार मिठाई नहीं ली। मिठाई देने के लिए बीएसएफ के अधिकारियों ने पाकिस्तानी रेंजर्स से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन पाकिस्तानी अधिकारियों ने मिठाई लेने से मना कर दिया। खबरों के मुताबिक बीएसएफ के अधिकारियों ने पाकिस्तानी सीमा से जुड़ी सादिक, हुसैनीवाला, अटारी और गुरुदासपुर से पाकिस्तानी रेंजर्स से संपर्क किया था लेकिन सभी ने इस बार दिवाली की मिठाई स्वीकार करने से मना कर दिया। बता दें कि इससे पहले पाकिस्तान ने बकरीद के अवसर पर मिठाई का आदान-प्रदान नहीं किया था। आपको जानकारी दें कि 5 अगस्त को भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था जिसके बाद से पाकिस्तान को मिर्ची लगी हुई है। पाकिस्तान ने अनेक विश्व मंचों पर इस मुद्दे को उठाया लेकिन हर जगह उसे निराशा ही हाथ लगी।



### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा

## कांग्रेस का आधार खिसकना बंद अब पलट सकता है धारा का रुख

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे इस ओर इशारा करते हैं कि पार्टी का आधार खिसकना बंद हो गया है और अब वह धारा का रुख बदलने की शुरूआत कर सकती है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी अब असमंजस और आत्मसंशय के बुरे दौर से बाहर आ गई है। उनका इशारा लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन, पार्टी अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे और कुछेक राज्यों में कुछ नेताओं के पार्टी छोड़ने की ओर था। खुर्शीद ने दो राज्यों के चुनावी नतीजों को उत्साहवर्धक बताया और कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इससे बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं राहत की सांस दी है और मुझे लगता है यह कांग्रेस में हम सब को याद दिलाता है कि हममें अभी बहुत दम बाकी है और अब हमें फिर से अपने पैरों पर खड़े होने और विश्वास तथा निश्चय के साथ लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह स्पष्ट इंगित करता है कि अब आधार नहीं खिसक रहा और हम धारा का रुख पलटने की शुरुआत कर सकते हैं।



- पार्टी अब असमंजस और आत्मसंशय के बुरे दौर से बाहर आ गई है

### नहीं बाज आ रहा पाकिस्तान

## राजौरी में एलओसी पर फिर किया संघर्ष विराम उल्लंघन

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर सोमवार को संघर्ष विराम उल्लंघन करते हुए छोटे हथियारों से गोलीबारी कर और मोर्टार दागकर सीमावर्ती चौकियों और गांवों को निशाना बनाया। संघर्ष विराम की यह नयी घटना तब हुई है जब एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजौरी शहर में बी जी ब्रिगेड मुख्यालय में एलओसी पर तैनात जवानों के साथ दिवाली मनायी। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि दोपहर करीब ढाई बजे पाकिस्तान ने नौशेरा सेक्टर में छोटे हथियारों से गोलीबारी कर और मोर्टार से गोलाबारी कर बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन किया। सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने असैन्य इलाकों को निशाना बनाया जिससे गांववासियों को बंकरों और सुरक्षित स्थानों में शरण लेनी पड़ी। प्रवक्ता ने बताया कि सीमा पार से अब भी गोलीबारी हो रही है लेकिन भारत की ओर से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने इस साल 2,100 बार नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन किया जिससे 29 भारतीय मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हो गए।



### छठ पूजा के मद्देनजर कोलकाता में बनाया जा रहा है अस्थायी जलाशय

**कोलकाता।** कोलकाता नगर निगम दक्षिण कोलकाता में छठ पूजा करने वाले श्रद्धालुओं के पूजा करने के लिए एक अस्थायी जलाशय का निर्माण करवा रहा है । राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 73 एकड़ में फैले विशाल रवींद्र सरोवर झील में प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से किसी भी त्योहार का आयोजन करने पर रोक लगा दी है। इसके बाद कोलकाता नगर निगम ने यह कदम उठाया है । कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के सदस्य देबाशीष कुमार ने प्रेट्र को बताया, ''4000 वर्ग फुट में बने जलाशय में 400 श्रद्धालुओं को छठ पूजा करने में सहूलियत होगी ।'' कुमार ने बताया कि इस जलाशय का निर्माण बालीगंज इलाके में कराया जा रहा है और दो और तीन नवंबर को होने वाली छठ पूजा से पहले इसमें पानी भरा जाएगा।

### साफ-सफाई...



कोलकाता में सोमवार को देवी काली की मूर्तियों के विसर्जन के दौरान प्रदूषण को रोकने के लिए गंगा नदी के घाट की सफाई करते नगर निगम के कर्मचारी।

### म्यामां में विद्रोहियों ने नाव से दर्जनों लोगों का किया अपहरण, कई की मौत

**यंगून।** म्यामां में एक नस्लीय विद्रोही सेना ने कहा कि उनके द्वारा एक नौका से अगवा किए गए कई दर्जन सैनिकों, पुलिस और अधिकारियों में से कुछ की सरकारी हेलीकॉप्टरों के हमले में मौत हो गई। पश्चिमी प्रांत रखाइन में एक विद्रोही समूह अराकान सेना की वेबसाइट पर रविवार को पोस्ट किए गए एक बयान में कहा गया कि तीन हेलीकॉप्टरों ने शनिवार को अगवा किए गए कर्मियों को लेकर जा रही तीन नौकाओं पर हमला किया, जिसमें दो नौका डूब गई। उसमें कहा गया कि कुछ बंदी और उसके गुरिल्ला बल के सदस्य मारे गए। दावे की तुरंत पुष्टि नहीं की जा सकी। इससे पहले सूचना मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि रखाइन की राजधानी सितवे में अराकान सेना के करीब 30 सदस्यों ने नाव से 165 आम लोगों और लगभग 50 सरकारी कर्मचारियों को लेकर जा रही नौका से करीब 58 लोगों का अपहरण कर लिया।




### करतारपुर कॉरिडोर के काम में आई तेजी

# पाकिस्तान ने बनाए 80 इमीग्रेशन काउंटर

**लाहौर।** पाकिस्तान ने करतारपुर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 80 इमीग्रेशन काउंटर स्थापित किए हैं। इन काउंटर्स पर भारत से पाकिस्तान आने वाले श्रद्धालुओं को क्लीयरेंस मिला करेगी। भारत और पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह करतारपुर कॉरिडोर पर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत भारतीय तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब में वीजा मुक्त यात्रा करने की अनुमति देगा।

करतारपुर कॉरिडोर का उद्घाटन 9 नवंबर को होगा। शुरुआत में यहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित करतारपुर जाएंगे। सिखों के धर्म गुरु गुरु नानकदेव ने अपनी जिंदगी के आखिरी 17 साल 5 महीने 9 दिन यहीं गुजारे थे. उनका सारा परिवार यहीं आकर बस गया था। उनके माता-पिता और उनका देहांत भी यहीं पर हुआ था। इस लिहाज से यह पवित्र स्थल सिखों की भावना से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान ने सुरक्षा के लिहाज से भारतीय तीर्थयात्रियों के तीन प्रवेश द्वार बनाए हैं. यात्रियों का प्रवेश और निकास अलग-अलग द्वार से होगा।



### श्रद्धालुओं को अफआईए से लेनी होगी क्लियरेंस

जिन यात्रियों को करतारपुर साहिब के दर्शन करने हैं उन्हें पहले अप्लाई करना पड़ेगा। पाकिस्तान की एजेंसी फेडरेल इंवेस्टिगेशन एजेंसी इन नामों की जांच करेगी और करतारपुर पहुंचने से 10 दिन पहले ही यात्रियों की सूची भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को सौंपेगी। रिपोर्ट के मुताबिक करतारपुर साहिब ले जाने से पहले सभी यात्रियों के पासपोर्ट को स्कैन किया जाएगा। इसके बाद स्पेशल बसों से यात्रियों को पाकिस्तानी रेंजरों की सुरक्षा में गुरुद्वारा दरबार साहिब ले जाया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109